kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-271 | बुधवार, 05 नवम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

भारत और श्रीलंका के बीच सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और जन-जन के स्तर पर जुड़ाव दोनों देशों की साझी विरासत को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करता है



दोनों देशों के बीच साझा लोकतांत्रिक मूल्य और बहुदलीय प्रणाली लोकतांत्रिक संवाद की सशक्त आधारशिला है। ओम बिरला

अनुसंधान और नवाचार से ही बनेगा विकसित भारतः उपराष्ट्रपति 11

बिहार विस चुनाव : बेहाल ही है हाथी की चाल 12

## संक्षेप

### विश्वकप में यूपी का परचम लहराने वाली दीप्ति शर्मा को मिलेंगे डेढ़ करोड़

**लखनऊ।** एक दिवसीय महिला क्रिकेट विश्वकप के फाइनल में भारतीय टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली आगरा की दीप्ति शर्मा पर धनवर्षा की तैयारी की जा रही है। उन्हें डेढ़ करोड़ रुपये की धनराशि देकर सम्मानित किया जाएगा। खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार यूपी पुलिस में डीएसपी दीप्ति शर्मा को सम्मानित करने का खाका खींचा जा रहा है। अधिकारियों ने संकेत दिया कि यूपी दिवस के मौके पर 24 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन्हें सम्मानित कर सकते हैं। इसके लिए उनसे जल्द समय लिया जाएगा। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के निदेशक डॉ. आरपी सिंह के अनुसार विश्वकप विजेता टीम के सदस्य को डेढ़ करोड़ रुपये, उपविजेता टीम का सदस्य होने पर 75 लाख और तीसरे स्थान पर रहने पर 50 लाख रुपये की ईनामी धनराशि प्रदान की जाती है।

### कृष्ण मोहन बने कार्यवाहक सीटीसीपी

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने कृष्ण मोहन को कार्यवाहक मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक (सीटीसीपी) बनाया है। विशेष सचिव आवास महेंद्र प्रसाद भारती ने इस संबंध में मंगलवार को शासनादेश जारी किया। कृष्ण मोहन वास्तुविद नियोजक के पद पर तैनात हैं। उन्हें इसके लिए अतिरिक्त कोई वेतन व भत्ता नहीं दिया जाएगा। इस पद पर रहे अनिल कुमार मिश्र सेवानिवृत्त हो गए हैं।

### इंडिया गठबंधन करेगा एसआईआर प्रक्रिया का देश व्यापी विरोध

**नयी दिल्ली।** इंडिया गठबंधन ने मंगलवार से दूसरे चरण की शुरू हो रही मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का विरोध करने की योजना बनायी है। सूत्रों के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव के बाद एसआईआर को लेकर इंडिया गठबंधन ने देशव्यापी आंदोलन करने की तैयारी की है। इंडिया गठबंधन इसके विरोध में सामूहिक रूप से उच्चतम न्यायालय का फिर से रुख करने की भी तैयारी कर रहा है। सूत्रों के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव के बाद (एसआईआर) के मसले पर इंडिया गठबंधन की बैठक आयोजित की जायेगी, जिसमें उच्चतम न्यायालय से गुहार करने और देशव्यापी आंदोलन करने की रूपरेखा तैयार की जायेगी। फिलहाल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस नेतृत्व के साथ मिलकर मतदाता सूची पुनरीक्षण मुद्दे पर संघर्ष को आगे बढ़ाने पर सहमति दी है।

# मालगाड़ी के ऊपर चढ़ी पैसेंजर ट्रेन, छह की मौत

## ट्रेन दुर्घटना के मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 10-10 लाख, घायलों को पांच-पांच लाख

एजेंसी

नई दिल्ली/बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में लालखदान के पास बड़ा रेल हादसा हुआ है। हावड़ा रूट पर चल रही पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतरने के कारण यात्रियों में दहशत फैल गई। मिली जानकारी के मुताबिक कई लोगों के मरने की खबर है। रेलवे प्रशासन ने तुरंत रेस्क्यू टीम और मेडिकल यूनिट को मौके पर भेजा है।

रेलवे ने छत्तीसगढ़ के विलासपुर में मंगलवार को हुए रेल हादसे के मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को पांच-पांच लाख तथा सामान्य रूप से घायल यात्रियों को एक-एक लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की है। दक्षिण पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश छत्तीसगढ़ के बिलासपुर मंडल में मंगलवार को हुए रेल हादसे के घटनास्थल पर पहुंचे गये हैं तथा वहां चल रहे बचाव कार्य की नगरानी में जुट गये हैं। इस बीच बिलासपुर के मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल भी घटनास्थल पर पहुंच गये हैं। रेलवे की मेडिकल टीम ने घटनास्थल पर घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा अप्रत्याशित घटना हुई है। रेल प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दिए गए हैं । वरिष्ठ अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं तथा घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भेजा गया है। रेलवे प्रशासन प्रभावित यात्रियों को हरसंभव सहायता एवं समन्वय प्रदान कर रहा है। इस घटना की विस्तृत जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त स्तर पर कराई जाएगी, ताकि कारणों की समुचित जांच कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें ।



**यात्रियों एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी**

बिलासपुर : 7777857335, 7869953330
चांपा : 8085956528
रायगढ़ : 9752485600
पेंड्रा रोड : 8294730162
कोरबा : 7869953330
उसलापुर : 7777857338

कोरबा पैसेंजर और मालगाड़ी में टक्कर हुई है। इस हादसे में 6 लोगों की मौत होने की खबर सामने आ रही है। वहीं 12 से ज्यादा यात्रियों के घायल होने की भी खबर है। मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है। फिलहाल, रेस्क्यू जारी है। मौके पर रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद हैं। हादसे की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुटी हुई है। रेलवे प्रशासन ने मेडिकल यूनिट और रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा है। वहीं स्थानीय प्रशासन भी मदद में जुटा हुआ है। इस हादसे की वजह से कई ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया है। कई ट्रेन दूसरे रूट से अपने गंतव्य के लिए जा रहे हैं। हादसे का कारण अज्ञात है। रेलवे की टीम मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है। यह हादसा बिलासपुर कटनी रेल मार्ग ● शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री ने धान किसानों को दिया बड़ा तोहफा

# चावल मिलों को नॉन हाइब्रिड धान कुटाई में एक फीसदी की छूट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों और चावल मिलों को बड़ी राहत देते हुए नॉन हाइब्रिड धान कुटाई में एक फीसदी की रिकवरी छूट देने की घोषणा की है। राज्य सरकार अभी तक हाइब्रिड धान पर रिकवरी में तीन फीसदी की छूट दे रही है, अब नॉन हाइब्रिड धान कुटाई पर भी अलग से एक फीसदी की छूट मिलेगी। इसे मिलाकर अब धान कुटाई पर 3 और एक की दर से छूट मिलेगी। सरकार की इस रियायत का यूपी राइस मिलर्स एसोसिएशन ने स्वागत किया है। एसोसिएशन ने सरकार के इस कदम को उनके हित में ऐतिहासिक बताया है।



इससे पूर्व वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मंगलवार को एक प्रेस कंफ्रेन्स कर पत्रकारों को बताया कि सरकार ने नॉन हाइब्रिड धान की कुटाई पर एक फीसदी रिकवरी छूट देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे अन्नदाता किसानों और राइस मिलर्स को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही रोजगार व निवेश में बढ़ोतरी होगी। सुरेश खन्ना ने कहा कि इस फैसले से सरकारी खरीद प्रक्रिया और तेज होगी। इस राहत पैकेज से 13-15 लाख अन्नदाता किसानों और 2000 से अधिक राइस मिलर्स को सीधा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार 167 करोड़ की प्रतिपूर्ति देगी। इससे ● शेष पेज 11 पर

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर के दामों की वसूली के खिलाफ आयोग में याचिका

लखनऊ। नए कनेक्शन पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर के दामों की वसूली पर राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में एक और याचिका मंगलवार को दाखिल की। उपभोक्ता परिषद ने याचिका में मांग की है कि बिना आयोग की मंजूरी के हो रही वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए। इसके अलावा बिना आयोग की अनुमति के मीटर के दाम लिए जाने के लिए पावर कॉरपोरेशन पर अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाए। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि नए कनेक्शन में लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर केंद्र सरकार ● शेष पेज 11 पर

# काशी में आज जगमगाएंगे घाट, देव दीपावली पर होगा लेजर शो

कैनविज टाइम्स संवाददाता/एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी। आस्था और अद्भुत दृश्य का संगम बुधवार को काशी में एक बार फिर देखने को मिलेगा। देवों की दीवाली यानी देवदीपावली के अवसर पर बुधवार को पूरे वाराणसी के घाट दीपों की पंक्तियों से जगमगा उठेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी घाटों पर दीप प्रज्ज्वलन से शाम 5.15 से 5.50 बजे तक होगा। इसके बाद प्रमुख घाटों- नमो घाट, दशाश्वमेध घाट, शीतला घाट और अस्सी घाट पर विशेष गंगा आरती शाम 6.00 से 6.50 बजे तक संपन्न होगी।



आरती के दौरान पूरे घाट क्षेत्र में मंत्रोच्चारण, घंटों की गूंज और दीपों की झिलमिलाहट से एक दिव्य वातावरण बनेगा। चेत सिंह घाट पर दर्शकों के लिए तीन चरणों में प्रोजेक्शन एवं लेजर शो प्रस्तुत किए जाएंगे। पहला शो शाम 6.15 से 6.45 बजे, दूसरा 7.15 से 7.45 बजे और तीसरा शो 8.15 से 8.45 बजे तक चलेगा। यह ● शेष पेज 11 पर

# आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं : एस जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने इजरायल के साथ संबंधों को परस्पर विश्वास पर आधारित बताते हुए गाजा शांति योजना का समर्थन किया है और कहा है कि आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहे दोनों देशों को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के वैश्विक दृष्टिकोण को सुनिश्चित करने की दिशा में काम करना चाहिए।

डा. जयशंकर ने भारत की यात्रा पर आये इजरायत के विदेश मंत्री गिदोन सार के साथ मंगलवार को यहां वार्ता से पहले अपने प्रारंभिक वक्तव्य में यह बात कही। विदेश मंत्री ने बातचीत के बाद श्री सार के साथ बैठक को सार्थक बताते हुए कहा कि उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने पर सार्थक चर्चा की। डा. जयशंकर ने कहा, आज नई दिल्ली में इज़राइल के विदेश मंत्री गिदोन सार के साथ एक शानदार बैठक हुई। विभिन्न क्षेत्रों



में हमारी रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत करने पर सार्थक चर्चा हुई। आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति हमारी शून्य सहिष्णुता की पुष्टि की। क्षेत्र के विकास, गाजा शांति योजना और एक स्थायी समाधान के निर्माण के प्रयासों पर इज़राइली दृष्टिकोण साझा करने के लिए विदेश मंत्री सार की सराहना करता हूं। बहुपक्षीय मंचों पर हमारे सहयोग पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के बीच प्रशिक्षण पर समझौता ज्ञापन के आदान-प्रदान का भी साक्षी रहा। विदेश मंत्री ने इजरायली नेता का उनकी पहली भारत यात्रा पर स्वागत करते हुए कहा कि ● शेष पेज 11 पर

# भारत तेजी से बढ़ती विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : राष्ट्रपति मुर्मु

❐ शिक्षा का उपयोग वंचित वर्गों की सेवा और राष्ट्र निर्माण में करें युवा

एजेंसी

नैनीताल। राष्ट्रपति ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था विश्व में तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और यह निरंतर प्रगति करे, इसके लिए केन्द्र सरकार कई नीतिगत कदम उठा रही है।

श्रीमती मुर्मु ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार के कदमों से युवाओं के लिये भी अनेक अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि इन अवसरों का लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में शोध, नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के साथ ही युवाओं के प्रशिक्षण के लिये भी समुचित कदम उठाये जाने चाहिए, ताकि युवा उनका भरपूर उपयोग कर सकें। राष्ट्रपति ने युवाओं को संबोधित करते हुए




कहा कि शिक्षा से कमाये धन को वंचित वर्ग और देश की सेवा के लिये दान करना चाहिए। यही सच्चा धर्म है। उन्होंने कहा, अन्न दानं परम दानं, विद्या दानमतः परम। अन्नेन क्षणिका तृप्तिः यावज्जीवं च विद्यया।। अर्थात विद्या दान अन्न दान से श्रेष्ठ दान है और उससे जीवन भर परम संतुष्टि मिलती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी देश की आधारशिला होती है। इसलिये शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जिससे बौद्धिकता के साथ नैतिक बल और चरित्र बल मजबूत हो। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरकार को भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये देश के युवाओं की संकल्पशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिये विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कुमाऊं विश्वविद्यालय के शिक्षकों और शोधार्थियों से भी कहा कि ● शेष पेज 11 पर

## राजस्व वादों के निस्तारण में लखनऊ अव्वल, जौनपुर ने फिर मारी बाजी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग और स्पष्ट निर्देशों के चलते उत्तर प्रदेश में राजस्व विवादों के मामलों के निस्तारण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री स्वयं प्रत्येक माह जिलावार समीक्षा करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अधिकारीगण पूरी तत्परता के साथ राजस्व मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटा रहे हैं।

राजस्व परिषद की राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की अक्टूबर माह की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश भर में कुल 324897 राजस्व मामलों का निस्तारण किया गया। इस सूची में लखनऊ जिले ने 15260 मामलों के निस्तारण के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रयागराज ने 10501 मामलों के निस्तारण से दूसरा स्थान, गोरखपुर ने 8165 मामलों से तीसरा, कानपुर नगर ने 7866 मामलों से चौथा तथा शाहजहांपुर ने 7707 मामलों के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया है। राजस्व वादों के निस्तारण में जिला स्तरीय न्यायालयों में एक ● शेष पेज 11 पर

# बिहार चुनाव में पहले चरण का प्रचार खत्म

एजेंसी

पटना। बिहार में 121 विधानसभा सीटों पर प्रथम चरण में 06 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए आज शाम प्रचार का शोर थम गया और अब प्रत्याशी जनसम्पर्क के जरिये वोट जुटाने में लग गये हैं।

पहले चरण के चुनाव में राष्ट्रीय जनतंत्रिक गठबंधन (राजग) से जिन दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है, उनमें दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, 15 मंत्री विजय कुमार चौधरी,श्रवण कुमार,मंगल पाण्डे,मदन सहनी,नितिन नवीन,महेश्वर हजारी,सुनील कुमार,रत्नेश सदा,केदार प्रसाद गुप्ता, सुरेन्द्र मेहता,संजय सरावगी, डा. सुनील कुमार, जिवेश कुमार,राजू कुमार सिंह और कृष्ण कुमार मंटू के अलावा बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, राम कृपाल यादव,श्याम रजक, अनंत सिह, अमरेन्द्र पांडेय, हरिनारायण सिंह, उमेश कुशवाहा




❐ 121 विधानसभा क्षेत्र में थम गया प्रचार का शोर

और श्रेयसी सिंह शामिल हैं। इसी तरह महागठबंधन से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव के अलावा अवध बिहारी चौधरी,डा. रामानंद यादव, वीणा देवी,ललित कुमार यादव,विजेन्द्र चौधरी, रेणु कुशवाहा, खेसारी लाल यादव,आलोक मेहता,भाई वीरेन्द्र, अनिरूद्ध यादव,अवधेश राय के नाम शामिल है।इसके अलावा तेज प्रताप यादव, आईपी गुप्ता, शिवदीप लांडे,आनंद मिश्रा, वी.के.रवि, जयप्रकाश सिंह, आर.के.मिश्रा, ● शेष पेज 11 पर

## राजग सुशासन और विकास की, तो राजद-कांग्रेस जंगलराज और गुंडाराज की पहचान : योगी आदित्यनाथ

# बिहार में फिर से बनेगी राजग सरकार

एजेंसी

लखीसराय। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के आखिरी दिन मंगलवार को लखीसराय में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कंग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर तीखा प्रहार किया। इस मौके पर उन्होंने जनसमूह से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

योगी आदित्यानाथ ने कहा कि बिहार में जंगलराज और गुंडाराज की वापसी नहीं होने देंगे। राजग ही सुशासन और विकास की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास और सुशासन की नई मिसाल कायम की है। राजग सुशासन और विकास की, तो राजद-कांग्रेस जंगलराज और गुंडाराज की पहचान है। लखीसराय से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और वर्तमान में राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय



कुमार सिन्हा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह चुनाव सुशासन बनाम जंगलराज का है। आज जहां राजग है, वहां सुशासन और विकास है। वहीं, जंगलराज और गुंडाराज, यह राजद और कांग्रेस की खानदानी पहचान है। जिन लोगों ने बिहार को लूटा, जो खानदानी लुटेरे हैं, आज वह खानदानी माफिया को शागिर्द बनाकर फिर से बिहार में जंगलराज लाना चाहते हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में बिहार आज विकास के पथ पर अग्रसर है। पिछले दो दशकों में बिहार ने सड़क, रेल, एयरपोर्ट और वॉटरवे के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। अब बिहार में बनने वाले उत्पाद, चाहे मखाना हो या सब्जी, वैश्विक बाजार में अपनी पहचान बना रहे हैं। किसान और व्यापारी दोनों आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने राजद और कंग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 1990 से 2005 तक का दौर बिहार के इतिहास का सबसे काला अध्याय था। वंशवाद और परिवारवाद ने बिहार की पहचान को धूमिल किया। विकास का पैसा लूट लिया गया, गरीब और नौजवान ठगा गया। अब राजग सरकार ने बिहार में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया, बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित की और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या और सीतामढ़ी के धार्मिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब अयोध्या में भगवान राम का और सीतामढ़ी में माता जानकी का मंदिर बन रहा है। 6,155 करोड़ रुपये की लागत से अयोध्या से ● शेष पेज 11 पर

### मोहिउद्दीनगर नगर का नाम होगा मोहननगर

**समस्तीपुर।** बिहार के दरभंगा में रोड शो करने के बाद समस्तीपुर जिले के मोहद्दीननगर में महथी जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजद कांग्रेस और सपा समेत महागठबंधन के सभी घटक दलों पर जमकर निशाना साधा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजद काल में अपहरण उद्योग बन गया था। हमने यूपी को माफियाओं का उपचार किया। एनडीए सरकार ने कश्मीर में घुसपैठियों को मारकर भगाया। मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास के की ओर अग्रसर है। सीएम योगी ने कहा कि रामलला अयोध्या में रहेंगे तो मां जानकी सीतामढ़ी में विराजमान होंगी वहीं गुलामी की चिन्ह मोहिउद्दीनगर का नाम बदलकर मोहननगर करेंगे। मैने गुलामी के प्रतीक इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयाग राज तो फैजाबाद का नाम अयोध्या कर दिया है। गुलामी की सभी चिन्ह को समाप्त किया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के साथ ही गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय की तारीफ की। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी राजेश कुमार सिंह को पिछली बार 15000 से जिताए थे इस बार एक लाख से जिताए।

# उपाध्यक्ष ऋषिराज ने माघ मेला अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण कर तैयारियों का लिया जायजा

**प्रभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने माघ मेला 2026 की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। शासन के निर्देशों के क्रम में आज प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ऋषिराज ने माघ मेला अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार *मेला प्राधिकरण कार्यालय में ग्रहण किया।

प्रभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने माघ मेला 2026 की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने अवगत कराया कि अब तक लगभग 70 से 80 प्रतिशत टेंडर आमंत्रित किए जा चुके हैं तथा जिन क्षेत्रों से बाढ़ का पानी घट चुका है, वहां भूमि समतलीकरण (लेवलिंग) का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। प्रभार ग्रहण करने के उपरांत उपाध्यक्ष ने मेला कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया और विभिन्न पटलों पर चल रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने आईट्रिपल्सी (I-Triples-C) का भी निरीक्षण किया और यह जानकारी ली कि माघ मेले के दौरान इसका उपयोग भीड़ प्रबंधन एवं सर्विलांस के लिए कैसे किया जाता है। इसके बाद श्री ऋषिराज ने विभागीय अधिकारियों के साथ माघ मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संगम नोज, झूंसी एवं छतनाग क्षेत्रों में भूमि की लेवलिंग और पोंटून पुल निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जहां संभव हो, वहां पोंटून पुल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग, विद्युत निगम, सिंचाई विभाग, जल निगम, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यों को गति देने और समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# जिलाधिकारी ने संगम क्षेत्र में देव दीपावली तैयारियों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। देव दीपावली एवं कार्तिक पूर्णिमा पर्व के भव्य आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। सोमवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अपर पुलिस आयुक्त डॉ. अजय पाल शर्मा, नगर आयुक्त सीलम सांई तेजा तथा प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ऋषि राज के साथ संगम क्षेत्र का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने बलुआघाट, गऊघाट तथा संगम तक बोट से भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि देव दीपावली कार्यक्रम को भव्य और सकुशल ढंग से सम्पन्न कराया जाए। उन्होंने घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, मोबाइल टॉयलेट और सजावट की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उन्होंने पुलिस विभाग को पार्किंग और यातायात नियंत्रण के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि जाम की स्थिति न उत्पन्न हो।डीएम ने गहरे पानी की सीमा पर बैरिकेडिंग, जल पुलिस व गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करने के साथ ही अग्निशमन और एम्बुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दीपदान कार्यक्रम की देखरेख में समुचित रूप से दीप जलवाने का आदेश दिया। संगम क्षेत्र में सैंड आर्ट, सेल्फी प्वाइंट और लेजर शो जैसी आकर्षक गतिविधियों के आयोजन के भी निर्देश दिए गए। मौके पर सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रान्तीय कार्तिक पूर्णिमा मेला एवं महोत्सव में विधिक सेवा स्टाल का सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया निरीक्षण



रायबरेली। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के द्वारा डलमऊ प्रान्तीय कार्तिक पूर्णिमा मेला एवं महोत्सव में आमजन मानस को निःशुल्क विधिक सहायता के सम्बन्ध में जागरुक किये जाने के उद्देश्य से स्थापित विधिक सेवा स्टाल का निरीक्षण अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य किया गया। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य द्वारा बताया गया कि इस स्टाल का उद्देश्य मेला परिसर में आये आगन्तुकों को निःशुल्क विधिक जानकारी प्रदान करना है। इस विधिक सेवा पटल पर आमजनमानस को निःशुल्क विधिक सेवा से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करने हेतु पराविधिक स्वयं सेवक लालता प्रसाद, जंग बहादुर, जय प्रकाश व रज्जन कुमार को कार्य करने हेतु नामित किया गया है। निरीक्षण के दौरान डिप्टी चीफ लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिल जय सिंह यादव, नायब तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह व पराविधिक स्वयंसेवकगण उपस्थित रहे।

## हिन्दू समाज की एकता, समरसता और राष्ट्रप्रेम का जीवंत प्रतीक बनेगा श्रीराम जन्मभूमि ध्वजारोहण : डॉ. श्यामबाबू गुप्ता

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में गोविंद नगर स्थित विश्व हिन्दू परिषद् प्रांतीय कार्यालय दुर्गा भवन, श्रीमुनि हिन्दू इंटर कॉलेज में अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि ध्वजारोहण समारोह के लिए विशेष यात्रा की घोषणा के लिए पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। साथ ही सामाजिक समरसता और एकता का संदेश भी मुख्य उद्देश्य हैं। यह जानकारी मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त प्रचार प्रसार प्रमुख ओमेंद्र अवस्थी ने दी।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक डॉ. श्यामबाबू गुप्ता ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में कानपुर से सर्व समाज के प्रतिनिधि अयोध्या प्रस्थान करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य सनातन हिन्दू संस्कृति की विविध परंपराओं, जातियों और विचारधाराओं को एक सूत्र में जोड़ते हुए सामाजिक समरसता, एकता और राष्ट्रभावना को सशक्त बनाना है।डॉ. श्यामबाबू गुप्ता ने बताया कि इस यात्रा में साधु-संत, व्यापारी, शिक्षक, छात्र, किसान, सेवा क्षेत्र के कार्यकर्ता तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। चयनित अतिथियों को विशेष बसों से अयोध्या ले जाया जाएगा, जहाँ वे श्रीराम जन्मभूमि ध्वजारोहण समारोह में भाग लेकर भगवान श्रीरामलला के दर्शन करेंगे। संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में की जा रही है।डॉ. गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक श्रद्धा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में पारस्परिक सद्भाव, समरसता और राष्ट्रप्रेम का संदेश देने वाला एक ऐतिहासिक अवसर है।उन्होंने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा से संघ एवं विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारी विशेष अतिथियों को उनके घर जाकर व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करेंगे, जिससे यह संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे कि राम जन्मभूमि सम्पूर्ण राष्ट्र का गौरव है।

## कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को न हो किसी प्रकार की असुविधा : जिलाधिकारी

कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में सरसैया घाट व बिठूर घाट स्थित आगामी कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान को देखते हुए मंगलवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने घाटों का जाएजा लिया।जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने घाटों का जाएजा लेने के दौरान नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि घाटों पर निरंतर साफ-सफाई बनी रहे। इसके लिए सफाई कर्मियों की ड्यूटी शिफ्टवार लगाई जाए और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।साथ ही पब्लिक एड्रेस सिस्टम, कंट्रोल रूम तथा हेल्थ कैंप की स्थापना कराई जाए और घाटों पर पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेटिंग, और महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि जिन अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी घाटों पर लगाई गई है, वे समय से अपने ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहें, अन्यथा अनुपस्थिति की स्थिति में कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि घाटों पर की गई सभी व्यवस्थाओं का फ्लैक्स बोर्ड लगाया जाए ताकि आमजन को जानकारी प्राप्त हो सके।जिलाधिकारी ने बिठूर घाट का जाएज़ा लेते हुए बारीकी से व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत बिठूर को निर्देशित किया कि सभी घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, एवं कंट्रोल रूम की स्थापना कराई जाए।जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रमुख घाट पर मेडिकल हेल्थ कैंप लगाया जाए तथा उसके संबंध में स्पष्ट सूचना फ्लैक्स/बोर्ड लगाए जाएं। साथ ही उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर / ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी और उपस्थिति नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए, और लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाएं, ताकि कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## अवैध सम्बंध पर युवक की हत्या, पुलिस ने शुरू की जांच-मृतक की पत्नी ने मां बेटी पर लगाया हत्या का आरोप

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के मौदहा कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को राजमार्ग स्थित गहबरा चौकी के नजदीक खेतों में एक युवक का शव मिला। युवक की पत्नी ने पड़ोसी गांव की एक महिला व उसकी पुत्री से अवैध सम्बंधों पर पति की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। वहीं, घटनास्थल के सीमा विवाद को लेकर पुलिस घंटों उलझी रही।इसके बाद कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कस्बे के मोहल्ला फत्तेपुर निवासी दयाराम अनुरागी (40) गंगादीन के रूप में की। सूचना पाकर मौके पर पहुंची मृतक की पत्नी तारा ने आरोप लगाया कि उसके पति का पड़ोसी गांव रीवन निवासी चंद्रपाल कुशवाहा की पत्नी सुनीता और उसकी पुत्री रीना से अवैध सम्बंध थे।बीती शाम चंद्रपाल ने फोन करके उसके पति को गांव बुलाया था और आज उसकी लाश मिली है। चंद्रपाल और उसकी पत्नी व पुत्री ने पति की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने का लिए खेतों में फेंक दिया है। दयाराम प्राइवेट बिजली मैकेनिक का काम करता था। वह अपने पीछे तीन पुत्रियों और एक पुत्र को रोते बिलखते छोड़ गया है।

# मिश्रपुर देवकली सरस्वती गेस्ट हाऊस का पूर्व मंत्री ने फीता काटकर किया शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोराव, प्रयागराज। पूर्व मंत्री सांसद रीता बहुगुणा जोशी व क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल ने मिश्रपुर गाव में देवकली सरष्वती भब्य गेस्ट हाउस का फीता काटकर शुभारम्भ की आये हुए लोगो का गेस्ट हाउस के प्रोपराईटर नेब्बू लाल मिश्र ने सभी का स्वागत सम्मान किया कार्यक्रम में क्षेत्र के पूर्व ब्लाक प्रमुख राम अवध कुशवाहा , केबी सिह सीएचसी कोराव अधीक्षक पूर्व अधीक्षक सीएचसी कोराव डॉ शमीम अख्तर , व बाबा तिवारी समेत अन्य क्षेत्रीय लोग पहुँचे सबने भब्य गेस्ट हाउस की सराहना की।

# जिला गंगा समिति द्वारा गंगा उत्सव के तहत रंगोली और भाषण प्रतियोगिता का किया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। भारत सरकार द्वारा 4 नवम्बर 2008 को गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में आज जिला गंगा समिति, प्रयागराज के तत्वावधान में मैरी वाना मेकर गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज में गंगा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी (लेक्चरर), डीपीओ एशा सिंह, प्रधानाचार्य सोनिया मोज़ेज़, शिक्षिका भावना मोज़ेज़ तथा स्परहेड लीडर निर्मलकांत उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि ह्लगंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और जीवनदायिनी धरोहर है—इसका संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है।ङ्कडॉ. प्रभाकर त्रिपाठी ने छात्राओं को गंगा स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया और प्लास्टिक-पॉलिथिन के प्रयोग से बचने की अपील की। डीपीओ एशा सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में गंगा के प्रति संवेदना और जिम्मेदारी की भावना को प्रबल करते हैं। प्रधानाचार्य सोनिया मोज़ेज़ ने छात्राओं को इको-फ्रेंडली वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया।भाषण प्रतियोगिता में नेहा गुप्ता ने प्रथम, सोनल विश्वकर्मा ने द्वितीय और श्रेयांशी गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में काजल, खुशी, भूमि, आयुषी एवं दीपाली को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल में संगीता जोसफ, शांति लाल एवं निर्मलकांत पांडेय शामिल रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं ने गंगा स्वच्छता की शपथ ली और गंगा संरक्षण का संकल्प दोहराया।

## छत पर टहलते समय युवक फर्श पर गिरा, इलाज के दौरान मौत

रायबरेली। छत पर टहलते समय युवक फर्श पर गिर ब्रेन हैमरेज, इलाज के दौरान लखनऊ के निजी अस्पताल में निधन। महराजगंज कस्बा निवासी प्रतिष्ठित व्यवसाई मुन्नू साहू का 24 वर्षीय बेटा सूर्यांश साहू रविवार दिन में अपने घर की छत पर टहल रहा था टहलते समय पैर फिसलने से वह फर्श पर गिर गया। जिससे उनके सिर में गहरी चोट लग गई। परिजनों ने आनन-फानन उन्हें सीएचसी पहुंचाया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ के आईकान हास्पिटल में उसकी इलाज के दौरान मंगलवार सुबह निधन हो गया। युवक के निधन की सूचना मिलते ही परिजनों सहित कस्बे में कोहराम मच गया। युवक सूर्यांश के निधन पर चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, सपा विधायक श्याम सुंदर भारतीय, सुधीर साहू ,सौरभ साहू, विजय साहू साहू ,आयुष साहू, प्रतीक साहू, बन्नू जयसवाल, पवन साहू, संजू वैश्य,परमल साहू ,पंकज साहू ,नीरज साहू, प्रिंसू वैश्य, विजय वैश्य, कमलेश रस्तोगी, फूल चन्द्र साहू ,गुड्डू साहू, श्याम लाल साहू ,वेद प्रकाश साहू, रन्नू साहू , विनोद साहू , सतीश साहू, शुभम साहू, धर्मेंद्र वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# एमएसएमई-विकास कार्यालय, प्रयागराज में बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ एमएसएमई-विकास कार्यालय, प्रयागराज द्वारा आज बौद्धिक सम्पदा अधिकार (Intellectual Property Rights – IPR) विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ और अतिथियों का स्वागत शाल एवं पौधे के गमले भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सहायक निदेशक श्री वैभव खरे ने उपस्थित उद्यमियों को एमएसएमई मंत्रालय की योजनाओं और आईपीआर की मूलभूत जानकारी दी। तत्पश्चात भारतीय स्टेट बैंक, एमएमई शाखा नैनी के प्रबंधक श्री ओम ने उद्योग स्थापना हेतु बैंकिंग प्रक्रिया, बिज़नेस रूल इंजन (उटक), मुद्रा लोन एवं प्री-अप्रूव्ड बिजनेस लोन की जानकारी साझा की।उप महाप्रबंधक श्री तुफैल अहमद ने आईपीआर की प्रासंगिकता पर विचार रखे, जबकि ईस्टर्न चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सचिव श्री तरूण जग्गी ने उत्पादों की विशिष्ट पहचान हेतु ट्रेडमार्क पंजीकरण की आवश्यकता पर बल दिया।इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पी.के. घोष ने प्रस्तुति के माध्यम से आईपीआर की महत्ता पर प्रकाश डाला। वहीं अधिवक्ता श्री नवदीप श्रीधर ने पेटेंट, ट्रेडमार्क, डिजाइन, कॉपीराइट, ट्रेड सीक्रेट एवं जीआई टैग पर विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम का संचालन श्री संजय कुमार, सहायक निदेशक, एमएसएमई-विकास कार्यालय द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी श्री प्रेमचंद कुमार ने प्रस्तुत किया।लगभग 110 प्रतिभागियों की उपस्थिति में संपन्न यह कार्यक्रम उद्यमियों में बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नवाचार को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ

## सांसद खेल महोत्सव का किया गया आयोजन

रायबरेली। विकास खंड चन्दपुर स्थित सगरा के बगल स्थित खेल मैदान में मंगलवार को सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें चन्दपुर न्याय पंचायत के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।इस महोत्सव में कबड्डी, दौड़, रस्साकशी, गोला फेंक और लंबी कूद जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों के साथ-साथ क्षेत्र के युवाओं ने भी इन खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना था। बी डी ओ वर्षा सिंह ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# पिंडारी कलां तंत्र मंत्र और गड़ा धन निकालने के नाम पर चार लाख की ठगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के पूरे गोसाई मजरे पिंडारी कलां तंत्र मंत्र और गड़ा धन निकालने के नाम पर चार लाख की ठगी मामला सामने आया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना कोतवाली क्षेत्र के गोसाई मजरे पिंडारी गांव से संबंधित है पीड़ित रितेश गुप्ता पुत्र मेवालाल ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी अमेठी के फुरसतगंज थाना क्षेत्र में नहर कोठी पर एक जलपान ग्रह की दुकान है। नितेश के अनुसार फुरसतगंज थाना क्षेत्र के पूरे बढ़ई मुजरे रामपुर जमालपुर निवासी राम प्रताप पुत्र बेनी माधव उनकी दुकान पर चाय पीने आता था। रामप्रताप ने कथित ठग अनिल बाबा और धीरज बाबा के साथ मिलकर नितेश को ठगने की साजिश रची आरोपियों ने नितेश की बीमार मां को ठीक करने और जमीन में गड़ा धन निकालने का ढांचा दिया पूजा पाठ के नाम पर उन्होंने नितेश से चार लाख रुपए ठग लिए जब नितेश ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पी0 एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Pnu-LKO-LKOToi-99-24-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Misc-LKO-ON-DigiL-135-25-2 (Misc Static Services-Digital Lockers at station) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Misc-LKO-LKO-PN-136-25-1 (Misc Static Services-Platform Naming Rights cum Branding) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Misc-LKO-RBL-MFC-138-25-1 (Misc Static Services-Multi Functional Complex) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Misc-LKO-AME-MFC-139-25-1 (Misc Static Services-Multi Functional Complex) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2025 समय 12:10 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3414/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक सम्पन्न

**प्रगति बढ़ाने के दिए निर्देश , निष्क्रिय आशाओं पर कार्यवाही ना करने पर डीपीएम (एनएचएम) को डीएम ने लगाई फटकार सीएमओ, लापरवाह चिकित्सा अधिकारियों को जारी करें चेतावनी : डीएम**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, मिशन इन्द्रधनुष, टीकाकरण अभियान, परिवार नियोजन, प्रसव सेवाओं तथा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी ली और निर्देश दिया कि नियमित टीकाकरण में और भी प्रगति लाई जाए। डीएम ने पिछली बैठक में डीपीएम (एनएचएम) राकेश को निष्क्रिय आशाओं पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे लेकिन संबंधित द्वारा कार्रवाई न करने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई और निर्देश दिया कि अगली बैठक तक करवाई करना सुनिश्चित करें,अन्यथा कठोर कार्यवाही के लिए स्वंय तैयार रहें। डीएम ने सख्त निर्देश दिया कि सीएमओ लापरवाही बरतने वाले सभी चिकित्सा अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी पत्र जारी करें।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिले में सभी स्वास्थ्य सेवाएं गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति नियमित रहे। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव, नवजात शिशु देखभाल, टीकाकरण एवं परिवार नियोजन के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त करने के निर्देश दिए। निर्देश दिया कि आशा और एएनएम का वेतन समय से जारी किया जाए।मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य समितियों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं और वहां की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाए।

# विधायक ने मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मंगलवार को ग्राम पंचायत सरैया में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन एवं मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह में सम्मिलित होकर प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षकों और ग्रामवासियों के साथ संवाद किया। इस कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक प्रमुख सुनील रावत एवं संरक्षक राजेश सिंह चौहान द्वारा किया गया था।

इस अवसर पर सरोजनी नगर विधायक ने 6 मेधावी छात्र - छात्राओं को लैपटॉप तथा 10 होनहार बेटियों को साइकिल प्रदान कर सम्मानित भी किया। शिक्षा के साथ-साथ डॉ. सिंह ने गाँव के विकास को लेकर भी कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। ग्राम पंचायत सरैया में उन्होंने शिव मंदिर के सौन्दर्यीकरण हेतु ?50,000 की सहायता राशि प्रदान की। 20 सोलर लाइट्स लगाने की घोषणा की और ग्रामवासियों के आग्रह पर रामरथ श्रवण यात्रा के तहत अयोध्या दर्शन के लिए तीन बसें भेजने की बात कही। कार्यक्रम में बोलते हुए विधायक ने कहा कि मेधावी बच्चों को सम्मानित कर मुझे सदैव खुशी होती है, क्योंकि यही बच्चे हमारे समाज, हमारे सरोजनीनगर और हमारे देश का भविष्य हैं।ङ्क उन्होंने बताया कि अब तक सरोजनीनगर क्षेत्र में 1500 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप और साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया है। विधायक ने बताया कि अबतक 60 से अधिक विद्यालयों में कंप्यूटर सेंटर और स्मार्ट पैनल स्थापित कराए गए हैं, ताकि ग्रामीण विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा का सीधा लाभ मिले। डॉ. सिंह ने कहा कि सरोजनीनगर शिक्षा के क्षेत्र में आज प्रदेश का अग्रणी क्षेत्र बनता जा रहा है। यहाँ लतीफनगर में बेटियों के लिए डिग्री कॉलेज, नीवां में आईटीआई, लखनऊ विश्वविद्यालय का कृषि कैंपस तथा विदेशी भाषा विश्वविद्यालय की स्थापना जैसे कार्य शिक्षा के नए युग की शुरुआत हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में रोजगार के प्रत्येक क्षेत्र में कंप्यूटर साक्षरता अनिवार्य होगी, इसलिए लक्ष्य यह है कि अब नौकरियां बच्चों को ढूंढते हुए उनके गाँवों तक आएँ, न कि बच्चे अवसरों की तलाश में शहरों का रुख करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम विलास रावत, प्रधान बीबीपुर दीनानाथ रावत, पूर्व प्रधान पवन सिंह, सोनू माली, सर्वेश रावत, गौरव माली, हरीश चन्द्र गौतम, राजेन्द्र यादव, रघुवीर यादव, मेडीलाल, आशीष रावत, राहुल रावत, दीपक रावत, संतोष रावत, विकास कुमार वर्मा एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बुलेट सवारों को ट्रैक्टर ने कुचला, दो की मौत एक गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजिनी नगर। इलाके में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बुलेट सवार तीन दोस्तों को कुचल दिया। घटना एक युवक के घर से कुछ ही दूरी पर हुई। जानकारी पाकर पहुंचे परिजन घायलों को सरोजनी नगर सामुदायिक केन्द्र लेकर गए जहां दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर है। पिनवट गांव में सोमवार रात करीब आठ बजे एक आलू लदे ट्रैक्टर ट्राली और बुलेट सवार तीन युवकों के बीच हादसा हुआ।

मृतकों की पहचान पिनवट गांव के ही रहने वाले संचित रावत (26) और सुनील पन्ना उर्फ बिहारी (20) के रूप में हुई। उमेश रावत (20) की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार पिनवट गांव के ही निवासी शिवराज रावत का बेटा संचित (26) और गोपाल का बेटा उमेश रावत (20) दोनों डाला चालक हैं। दोनों की दोस्ती झारखंड के लोहार बग्गा के रहने वाले सुनील पन्ना उर्फ बिहारी (20) से है। सुनील दरोगा खेड़ा में रहकर एक डंपर में क्लीनर का काम करता था। पुलिस के अनुसार सोमवार रात करीब 8 बजे तीनों बुलेट मोटरसाइकिल से पिनवट गांव से सुनील पन्ना को छोड़ने दरोगा खेड़ा जा रहे थे। बुलेट को संचित चला रहा था। संचित के घर से करीब 500 मीटर दूर आलू लदे ट्रैक्टर ट्राली ने बुलेट सवारों का कुचल दिया। भिड़ंत में बुलेट सवार संचित, सुनील और उमेश बुरी तरह घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

राहगीरों से सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने सभी को सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने संचित और सुनील को मृत घोषित कर दिया। वहीं उमेश का इलाज जारी है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आगे की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस का कहना है कि मृतक सुनील के परिवार वालों को सूचना दे दी गई है। मृतक संचित के पिता शिवराज ने इस मामले में सरोजनी नगर थाने में गांव के ही जगपाल यादव के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर में बताया कि गांव का जगपाल ट्रैक्टर-ट्रॉली पर आलू लादकर गांव ला रहा था। वाहन की हेडलाइट नहीं जल रही थी, जिसके चलते हादसा हुआ।

## पड़ोसी पर घर में रखी चांदी की ज्वैलरी और नगदी चोरी करने का आरोप

सरोजनीनगर, लखनऊ द्य थाना क्षेत्र में शादी में शामिल होने गए दम्पत्ति के कमरे से चोर ने ज्वैलरी और नगदी पार कर दी। क्षेत्र के समा बिहार कॉलोनी निवासी आमना खातून का कहना है कि वह पिछले दो सालों से नासिर अली सिद्दीकी के मकान में किराए पर रह रही है। पीडिता का कहना है कि 2 नवंबर को वह मकान मालिक नासिर अली सिद्दीकी की बेटी की शादी में सम्मिलित होने के लिए हज हाउस अपने पति के साथ गई हुई थी। पीडिता का कहना है कि जब वह रात 11:30 बजे कमरे पर पहुंची तो कमरे की कुंडी टूटी हुई थी और अलमारी का पल्ला भी खुला हुआ था लाकर भी खुला हुआ था। पीडिता का कहना है कि जब वह कमरे के अंदर गई तो लकार में रखा हुआ उसके चांदी की ज्वैलरी बाल की चिमटी ,एक जोड़ी चांदी का झुमका, चांदी की पायल, चांदी के कंगन, बिछिया और चांदी की तीन अंगूठी सहित घर में रखे 22ग्ग रुपये नगद और गुल्लक में रखे हुए कुछ सिक्के वहां से गायब थे। पीडिता का कहना है कि जब वह इसकी जानकारी आसपास के लोगों से की तो पता चला कि नासिर अली के मकान में नीचे रहने वाले आजम खान सीढियों से उतरते हुए दिखाई दिया थाक्र पीडिता का कहना है कि आजम खान ही उसके सामान को चोरी किया है। पीडिता ने इसकी शिकायत सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई।सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## सामुहिक दुष्कर्म मामले में फरार दोनों आरोपियों गिरफ्तार

**बंथरा ,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में बीती 11 अक्टूबर को दिनदहाड़े हुए एक 11वीं की छात्रा (17 वर्ष )से सामूहिक दुष्कर्म मामले में बंथरा पुलिस ने सोमवार को फरार चल रहे 25-25 हजार रुपए के इनामी दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को कटी बगिया मोहान मार्ग पर नगवा नाले के समीप फरार चल रहे शिवकुमार कश्यप उर्फ छोटू पुत्र मैकूलाल कश्यप उम्र 29 वर्ष व विशाल गुप्ता पुत्र अनिल गुप्ता उर्फ जलजला उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा घटना में शामिल रहे तीन आरोपियों की गिरफ्तारी पहले ही की जा चुकी थी यह दो आरोपी फरार चल रहे थे जिन्हें सोमवार को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली। फिलहाल बंथरा पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उपयुक्त धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया है।

## इलाज के दौरान 28 वर्षीय विवाहिता की मौत

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां क्षेत्र के कांटा करौंदी गांव में सोमवार की रात इलाज के दौरान एक विवाहिता की मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। कांटा करौंदी गांव निवासी रोहित की पत्नी मनीषा (28) की तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब थी। परिजनों ने उसे उपचार के लिए वृंदावन योजना स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहीं, सोमवार की रात इलाज के दौरान मनीषा की मौत हो गई। मृतका के मायके वाले, जो थाना गोसाईगंज क्षेत्र के निवासी हैं, ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष ने इलाज में लापरवाही बरती और मौत की सूचना दिए बिना शव को घर ले आए। सूचना मिलने पर निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं, मौत के सही कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। मृतका के पिता छोटे लाल ने बताया कि मनीषा का विवाह नौ वर्ष पूर्व हुआ था। उसके पांच वर्षीय बेटी नित्या और तीन वर्षीय बेटा नितिन हैं। विवाहिता की अचानक हुई मौत से गांव में शोक की लहर है।

## पिता के बाद बेटे ने भी दी जान, गांव में छाया मातम

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार शाम मस्ती पुर गांव में उस वक्त कोहराम मच गया जब एक 12 वर्षीय छात्र ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मासूम की मौत की खबर से पूरे गांव में मातम छा गया। सूचना मिलते ही निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार अंश (12) निगोहा के मदाखेड़ा स्थित मालती नारायण इंटर कॉलेज में कक्षा 7 का छात्र था। उसकी मां पूनम एक हॉस्पिटल में काम पर गई थीं। शाम को जब वे घर लौटीं तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिला, जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। अंदर का दृश्य देखकर सबकी चीख निकल गई — अंश फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों के मुताबिक पूनम के पति महेश ने भी करीब ढाई साल पहले फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। पिता और पुत्र की ऐसे ही मौत ने पूरे गांव को झकझोर दिया है। गांव में गम और सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से विकलांग बुजुर्ग की मौत

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय थाना अन्तर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर लालपुर गांव के समीप मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ट्राई साइकिल सवार विकलांग बुजुर्ग को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रयागराज निवासी 62 वर्षीय सुखदेव के रूप में हुई। निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और फरार वाहन की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। परिजनों के अनुसार मृतक मानसिक रूप से कमजोर थे और अक्सर बिना बताए घर से निकल जाते थे। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

## पुलिस ने यातायात माह में चलाई सघन वाहन चेकिंग अभियान

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को यातायात माह के तहत थाना नगराम पुलिस द्वारा गंगागंजऽनगराम मार्ग पर मय पुलिस बल के साथ सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान वाहनों की गहन जांच की गई और चालकों, यात्रियों एवं राहगीरों को सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया गया। पुलिस ने सभी से हेलमेट का प्रयोग करने, मोबाइल फोन का उपयोग न करने और सड़क पर सावधानी बरतने की अपील की। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी बताया कि यातायात माह के अंतर्गत ऐसे अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हो सके और लोगों में सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूकता बढ़े।

# वार्षिकोत्सव 'उड़ान-2025' का हुआ भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ। एस.आर.ग्लोबल स्कूल,बीकेटी लखनऊ में वार्षिकोत्सव 'उड़ान-2025' का भव्य एवं सफल आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ मंगलवार को संपन्न हुआ विद्यालय परिसर में रंगारंग प्रस्तुतियों, देशभक्ति और सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण यह आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप-प्रज्ज्वलन के साथ हुआ,जिसमें मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे धर्मपाल सिंह (संगठन मंत्री,भाजपा), ठाकुर जयवीर सिंह (पर्यटन मंत्री),संजय राय जी (प्रदेश मंत्री),डॉ.संजय निषाद (मत्स्य मंत्री), योगेन्द्र उपाध्याय(उच्च शिक्षा मंत्री), मयंकेश्वर शरण सिंह (राज्यमंत्री,संसदीय कार्य),कुँवर मानवेंद्र सिंह(सभापति,विधान परिषद्),राकेश राठौर ल्लगुरुङ्क(राज्यमंत्री,नगर विकास), प्रतिभा शुक्ला(राज्यमंत्री,महिला कल्याण),रजनी तिवारी(राज्यमंत्री,उच्च शिक्षा),तथा दानिश आज़ाद (राज्यमंत्री,अल्पसंख्यक कल्याण),इनके अतिरिक्त कार्यक्रम में अनेक मंत्रीगण,उत्तर प्रदेश विधान सभा एवं विधान परिषद् के सदस्यगण,जनपद सीतापुर एवं लखनऊ के जनप्रतिनिधिगण,प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति तथा अनेक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।विद्यालय के चेयरमैन एवं सदस्य विधान परिषद् पवन सिंह चौहान ने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि तथा समस्त अतिथियों का पुष्पगुच्छ अर्पित कर स्वागत एवं सम्मान किया।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों की सर्वांगीण प्रगति ही विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है।मुख्य अतिथि धर्मपाल सिंह ने एस.आर.ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के प्रयासों की सराहना करते हुए चेयरमैन पवन सिंह चौहान के नेतृत्व और समर्पण की प्रशंसा की।उन्होंने विद्यालय के गौरवपूर्ण दस वर्षों की पूर्णता पर विद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और कहा कि ल्लएस.आर.ग्लोबल स्कूल अपने सतत प्रयासों से शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करता रहेगा।विद्यालय के विद्यार्थियों ने मंच पर एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं।प्री-प्राइमरी से लेकर के.जी.वर्ग तक के बच्चों ने 'उथन्थ्द्धद्ग', 'ख्रथद्धथदद्गफ' तथा 'एद्धथद्ब थद्ब्द ठद्ब्थन्द्ग्र्यद्यथ' जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

इसके अलावा कश्मीरी डांस,फ्लेमिंगो डांस तथा महाराणा प्रताप पर आधारित नृत्य ने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा चारों युगों पर आधारित नृत्य-नाटिका 'युग',जिसमें सतयुग से कलियुग तक की प्रमुख घटनाओं को नृत्य के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित देशभक्ति नृत्य-नाटिका ने देशप्रेम का भाव जागृत किया,वहीं हॉरर डांस की प्रस्तुति ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।एस.आर.ग्रुप के वाइस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान एवं श्रीमती सुष्मिता सिंह चौहान के कुशल मार्गदर्शन में तैयार सम्पूर्ण कार्यक्रम एवं व्यवस्थाएँ सभी की सराहना का केंद्र बनीं।पीयूष सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा की तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संपूर्ण विद्यालय परिवार को बधाई दी।

# छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी हेतु मॉक टेस्ट सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। आगामी 9 नवम्बर 2025 को प्रस्तावित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी को लेकर निगोहा बाजार स्थित सत्य नारायण तिवारी इंटर कॉलेज में एक विशेष मॉक टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लखनऊ राम प्रवेश के निर्देशन में तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहनलालगंज सुशील कनौजिया के मार्गदर्शन एवं मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र, षष्ठ मंडल लखनऊ के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुआ। परीक्षा में सरकारी, सहायता प्राप्त एवं परिषदीय विद्यालयों के लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों को परीक्षा की रूपरेखा, प्रश्नों के प्रकार, समय प्रबंधन, तार्किक एवं मानसिक योग्यता से संबंधित प्रश्नों की तैयारी के साथ-साथ OMR शीट भरने की सावधानियों से भी अवगत कराया गया। साथ ही मॉडल प्रश्नपत्र का अभ्यास भी कराया गया ताकि विद्यार्थी वास्तविक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय की प्रधानाचार्या सरिता विश्वकर्मा, अदिति पांडेय, राजकुमार, सुनील शुक्ला, शालिनी त्रिपाठी (ए.आर.पी) सहित न्याय पंचायत निगोहां, मीरखनगर, समेसी, नगराम, पुरहिया, दयालपुर, सिसेंडी, गौतम खेड़ा के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के एन.एम.एम.एस. नोडल शिक्षकों, अभिभावकों एवं अन्य शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

# दो पक्षों में हुई मारपीट, दोनों ने दर्ज कराया मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर ,लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में गांव के ही दो पक्षों में हुई मारपीट ,दोनों ने एक दूसरे पर दर्ज कराया मुकदमा द्य बिजनौर थाना क्षेत्र के मखदूमपुर कैथी निवासी राजकरन का कहना है कि वह 3 नवंबर को सुबह अपने घर से पुराने घर पर ऑटो रिक्शा से ईट ले जा रहे थे तभी पड़ोसी सोनू ट्रैक्टर लेकर आया और कहने लगा कि ऑटो हटा लो नहीं तो चढ़ा देंगे । पीड़ित का कहना है कि यह कहते वह गालियां देने लगा और किसी धारदार हथियार से उसके ऊपर हमला कर दिया जिससे वह बेहोश होकर गिर गया और सर में चोट आ गई इसके बाद महेश ,रमाशंकर, विमलेश, पंकज ,सोनू और मोनू ने उसको बहुत मारा पीटा और उसे जबरन उठाकर अपने घर ले जा रहे थे तभी पीड़ित के पिता गुरु प्रसाद ने पहुंच कर हाथ पैर जोड़कर उसको छुड़ा लिया और इसकी सूचना 112 नंबर पर दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने कहा कि इसकी शिकायत जाकर बिजनौर थाने में दर्ज कराओ वहीं रामशंकर का कहना है कि वह सुबह करीब 8:00 बजे पड़ोसी गुरु प्रसाद, रविशंकर, राजकरण और दो अज्ञात लोगों ने आकर बना किसी कारण के उसके दरवाजे पर गाली गलौज करने लगे फिर मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गये । बिजनौर पुलिस दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है ।

## रजिस्ट्री न करने का लगाया आरोप

सरोजनीनगर ,लखनऊ। पुलिस आयुक्त दक्षिणी के आदेश पर सरोजनीनगर थाने में जमीन का पैसा लेने के बावजूद भी रजिस्ट्री न करने का मुकदमा हुआ दर्ज ऋउबैदुल हई निवासी पसंन्दबाग, अम्बरगंज थाना ठाकुरगंज, लखनऊ का कहना है कि वह 2016 में यादव संस प्रॉपर्टीज कंस्ट्रक्शन हेड ऑफिस बालाजी कंपलेक्स हिन्दनगर मोड कानपुर रोड पर प्रहलाद कुमार यादव से मिले जो कि कंपनी बनाकर चंद्रावल कानपुर रोड पर जमीन की प्लाटिंग का काम करते हैं ।पीड़ित का कहना है कि वह उनसे 299 रुपए प्रति वर्ग फिट की दर से 1800 वर्ग फिट की जमीन बुक कराये और 75000 हजार रुपये 25 जनवरी 2016 को चेक व नगद के रूप में दे दिया था शेष बची हुई धनराशि का वह 36 महीने की किस्त के रूप में जमा कर दिया ।पीड़ित का कहना है कि जिसकी रसीद प्रहलाद कुमार यादव द्वारा दे दिया गया था ।पीड़ित का कहना है कि इस तरह से वह कुल 5,38,212 रुपये जमा कर दिया। पीड़ित का कहना है कि जब वह रजिस्ट्री करने के लिए बात करने गया तो वह लोग उससे गाली गलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे ।पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस आयुक्त दक्षिणी के यहां किया और कहा की वह उसके जमा किए हुए रुपए और उसका प्याज दिलाने या जमीन दिलाने की गुजारिश किया । पुलिस आयुक्त दक्षिणी के आदेश पर सरोजनीनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# कार्तिक पूर्णिमा मेले को लेकर डीसीपी दक्षिण ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर दिए कड़े निर्देश



निगोहां, लखनऊ। कार्तिक पूर्णिमा मेले को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में डीसीपी दक्षिण निपुण अग्रवाल ने मंगलवार को थाना निगोहां क्षेत्र स्थित अहिनवार धाम पहुंचकर मेले की तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने मेला स्थल, मंदिर परिसर, स्नान घाटों व पार्किंग स्थलों का बारीकी से निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, साफ-सफाई व भीड़ नियंत्रण की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, ऐसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसीपी अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सुरक्षा व प्रकाश व्यवस्था सुचारू रूप से की जाए। उन्होंने स्थानीय पुलिस को सतर्क रहने और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्था समय से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। हर वर्ष की भांति इस बार भी अहिनवार धाम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। भीड़ प्रबंधन को लेकर पुलिस और प्रशासन की टीमें पहले से ही मैदान में जुट गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और मेला सकुशल संपन्न हो सके। इस दौरान मोहनलालगंज एसीपी विकास पाण्डेय व निगोहा थाना प्रभारी समेत पुलिस बल मौजूद रहा।

**प्रदेश सरकार के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में अक्टूबर, 2024 के सापेक्ष अक्टूबर, 2025 में 636.06 करोड़ रुपये की वृद्धि**

# अक्टूबर में कुल 17747.06 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया : खन्ना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अक्टूबर माह में कुल 17747.06 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अक्टूबर माह में 17111.00 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के माह अक्टूबर में 636.06 करोड़ रुपये राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है। यह जानकारी प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मंगलवार को दी।

उन्होंने पत्रकारों को बताया कि कर राजस्व वाली मदों के अंतर्गत माह अक्टूबर तक 122761.33 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है। जो वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह अक्टूबर तक निर्धारित लक्ष्य का 74.4 प्रतिशत है। वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत माह अक्टूबर, 2025 में कुल 6830.96 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष अक्टूबर, 2024 के माह में प्राप्ति 6799.27 करोड़ रुपये रही थी। वैट के अन्तर्गत अक्टूबर में 2401.82 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह अक्टूबर, 2024 में प्राप्ति 2171.16 करोड़ रुपये रही थी। आबकारी के अन्तर्गत माह अक्टूबर, 2025 में कुल 4508.31 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह अक्टूबर, 2024 में प्राप्ति 3767.72 करोड़ रुपये रही थी। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में इस मद में 740.59 करोड़ रुपये अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। आबकारी मद के अंतर्गत माह अक्टूबर में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 92 प्रतिशत की प्राप्ति हुई है। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह अक्टूबर, 2025 की राजस्व प्राप्ति 2287.27 करोड़ रुपये है जबकि गत वर्ष माह अक्टूबर, 2024 में प्राप्ति 2890.88 करोड़ रुपये रही थी। परिवहन के अन्तर्गत माह अक्टूबर, 2025 की राजस्व प्राप्ति 1418.62 करोड़ रुपये है जबकि गत वर्ष माह अक्टूबर, 2024 में प्राप्ति 1074.76 करोड़ रुपये रही थी। भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह अक्टूबर, 2025 में प्राप्ति 300.08 करोड़ रुपये है जबकि गत वर्ष माह अक्टूबर, 2024 में प्राप्ति 407.21 करोड़ रुपये रही थी। सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह अक्टूबर तक मुख्य कर राजस्व के अंतर्गत कुल 122761.33 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। जो माह अक्टूबर 2025 तक निर्धारित लक्ष्य 164977.00 करोड़ रुपये के सापेक्ष 74.4 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि राज्य कर के अंतर्गत माह अक्टूबर तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य 99741.65 करोड़ रुपये के सापेक्ष 64107.66 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है, जो इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य का 64.3 प्रतिशत है। आबकारी मद के अंतर्गत इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य 32500 करोड़ रुपये के सापेक्ष 30657.63 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 94.3 प्रतिशत है। स्टाम्प तथा निबंधन के अंतर्गत अक्टूबर माह तक राजस्व प्राप्ति निर्धारित लक्ष्य 22525 करोड़ रुपये के सापेक्ष 18807.85 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है, जो लक्ष्य का 83.5 प्रतिशत है। परिवहन मद में निर्धारित लक्ष्य 7866.60 करोड़ रुपये के सापेक्ष 6725.98 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है जो 85.5 प्रतिशत है। वित्त मंत्री ने बताया कि करेत्तर राजस्व की प्रमुख मद भूतत्व एवं खनिकर्म के अंतर्गत माह अक्टूबर तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य 3000 करोड़ रुपये के सापेक्ष 1962.48 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है जो निर्धारित लक्ष्य का 65.4 प्रतिशत है।

# जिलाधिकारी ने किया द शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड का आकस्मिक निरीक्षण

**निरीक्षण के बाद देखी व्यवस्थाएं , गन्ने की तौल कराने हेतु आए कृषकों से भी वार्ता कर लिया फीडबैक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने हरगांव स्थित चीनी मिल ''द अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड'' का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जिलाधिकारी ने गन्ने की तौल कराने हेतु आए कृषकों से भी वार्ता कर फीडबैक लिया। उन्होंने चीनी मिल का निरीक्षण कर कार्यप्रक्रिया, कार्यक्षमता, सुरक्षा और उत्पादन की गुणवत्ता आदि की भी विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गन्ना तौल का कार्य मानकों के अनुसार पूरी शुद्धता के साथ किया जाये। तौल कराने हेतु आए किसानों को मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये। किसानों के लिए रैन बसेरा, अलाव, पेयजल आदि सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जाये। गन्ना मूल्य का भुगतान समय से सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने मिल के निरीक्षण के दौरान कार्यपद्धति का अवलोकन किया। मिल में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने मानकों के अनुसार उत्पादन प्रक्रिया सुनिश्चित किए जाने के निर्देश देते हुए चीनी की गुणवत्ता और उत्पादन की मात्रा आदि की जानकारी भी ली। मिल में स्वच्छता एवं पर्यावरण संबंधी मानकों का भी कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।??निरीक्षण के दौरान जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी सहित मिल प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसानों की समस्याओं को लेकर समाजवादी युवजन सभा का प्रदर्शन

शाहजहांपुर। किसानों की समस्याओं को लेकर समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पार्थ सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में पार्टी के तमाम पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पार्थ सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में पार्टी के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता खिरनीबाग रामलीला चैराहे पर एकत्रित हुए। जहां से पैदल नारेबाजी करते हुए सभी लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान पार्थ यादव ने कहा कि जनपद के किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। दूसरी ओर यूरिया, डीएपी आदि समितियों पर उपलब्ध नहीं है। जिस कारण किसान खुले बाजार से महंगी खाद लेने को मजबूर है। जहां उनका शोषण किया जा रहा है। समितियों पर किसानों से अनुचित वसूली की जा रही है। मांग की गई कि समितियों पर प्रयाप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। खुले बाजार में खाद की कालाबाजारी को रोका जाए।

# विधायक खेल स्पर्धा में चांदनी और सुगंधी ने जीता स्वर्ण पदक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा एक दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम और तरणताल स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर 'गुरु' और उप जिलाधिकारी, सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट धामिनी एस दास ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन बालक/बालिका (एकल/युगल) सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्गों में तरणताल स्टेडियम में किया गया।सब जूनियर बालक वर्ग में अमन वर्मा विजेता और रुद्र प्रताप सिंह उपविजेता रहे।जूनियर बालक वर्ग में अभय कुमार विजेता और संस्कार उपविजेता रहे। सीनियर बालक वर्ग में मिलन यादव विजेता और क्षितिज त्रिपाठी उपविजेता रहे।सब जूनियर बालिका वर्ग में सुगंधी

**प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरु' और उप जिलाधिकारी, सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट धामिनी एस दास ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया**

विजेता और शगुन उपविजेता रही। प्रतियोगिता के सभी विजेता/उपविजेता खिलाड़ी खेल विभाग, सीतापुर के द्वारा आयोजित होने वाले सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, 2025 में प्रतिभाग करेंगे।जूनियर बालिका वर्ग में चांदनी विजेता रही।प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी और जुल्फिकार ने निभाई। पुरस्कार वितरण जिला युवा कल्याण अधिकारी सुबोध कुमार के द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी आशीष पाण्डेय, क्षमा त्रिपाठी, अनमोल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने ऐलिया ब्लॉक के प्राथमिक उपकेंद्र टिकरा और आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया आकस्मिक निरीक्षण

**शासन की मंशा के अनुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये: डीएम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने ऐलिया विकास खण्ड के प्राथमिक उप केन्द्र टिकरा एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर जार टिकरा का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने प्राथमिक उप केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा मौके पर ही गर्भवती महिलाओं की जांच भी करायी। जिलाधिकारी ने दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली तथा औषधि रजिस्टर का भी अवलोकन किया।

उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले मरीजों से वार्ता कर सुविधाओं की गुणवत्ता की जानकारी ली।जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शासन की मंशा के अनुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये, आवश्यक दवाओं एवं जांच किटों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य हेतु आवश्यक जानकारियां उपलब्ध करायी जायें तथा काउंसलिंग भी करायी जाये। ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारी निर्धारित समय से उपस्थित होकर आवंटित कार्यों को किया जाना सुनिश्चित करें। ड्यू लिस्ट समय से तैयार कराते हुये शतप्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराया जाये। रेफर किये गये मरीजों का विवरण रजिस्टर में दर्ज कराया जाये तथा इसकी नियमित रूप से निगरानी की जाये।निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नैमिषारण्य में 10 नवम्बर से आरंभ होगा श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव

नैमिषारण्य । 108 श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव 10 नवंबर से 17 तक भव्य दिव्य कथा का आयोजन नैमिषारण्य आयोजित किया जायेगा। अठ्ठासी हजार ऋषियो की तपोभूमि नैमिषारण्य के चक्रतीर्थ के निकट माधव त्रिपुरेशवरी भवन मे कलयुग का दशम वार्षिक महोत्सव का आयोजन 10 नवम्बर से 17 नवम्बर तक प्रख्यात श्रीमद्भागवत कथा व्यास पूज्य तुषार कृष्ण शाष्त्री के श्रीमुख से अमृतमयी कथा का रसपान भक्तों को कराया जायेगा जिसमे कई प्रान्तों से साधु संतों व यजमानो का आगमन होगा कथा के प्रमुख सहयोगी सागर गुप्ता एवम प्रधान यजमान बालकृष्ण शर्मा पत्नी अनुसुइया शर्मा सपरिवार जयपुर विशिष्ट यजमान एल एम पी सिंह पत्नी शैल सिंह सपरिवार लखनऊ आदि होंगे। कार्यक्रम का आयोजन माँ ललिता देवी के अनन्य भक्त संजीत शुक्ला, व पंडित रोहित शाष्त्री के पावन सानिध्य में सम्पन्न होगा।

# नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह का स्वागत सेवानिवृत शिव मंगल वर्मा को दी भावभीनी विदाई

**सेवानिवृत खंड शिक्षा अधिकारी शिव मंगल वर्मा ने कहा कि शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के अपार सहयोग से बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान की गयी है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवा, सीतापुर। शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा नगर क्षेत्र बिसवां के नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह एवं सेवानिवृत खंड शिक्षा अधिकारी शिव मंगल वर्मा का स्वागत एवं भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

सेवानिवृत खंड शिक्षा अधिकारी शिव मंगल वर्मा ने कहा कि शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के अपार सहयोग एवं योगदान के चलते बच्चों को बेहतर तरीके से सकुशल शिक्षा प्रदान करने का बखूभी कार्य किया गया है, जिसके लिए शिक्षको एवं शिक्षिकाओं को साधुवाद देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह ने कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण में शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की अहम भूमिका रहती है। शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के द्वारा बच्चों को आने वाले समय में उच्च कोटि शिक्षा प्रदान कराने के लिए सतत प्रयत्नशील रहूंगा।शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने सेवानिवृत खंड शिक्षा अधिकारी बिसवा शिव मंगल वर्मा स्मृति एवं नवागत खंड शिक्षा अधिकारी बिसवा ओंकार सिंह का स्मृति चिन्ह,अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ओमकार सिंह एवं सेवानिवृत खंड शिक्षा अधिकारी शिव मंगल वर्मा ने एक दूसरे को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर रजनी श्रीवास्तव,प्रधानाचार्य सेठ जय दयाल इंटर कॉलेज बिसवा शकील अहमद अंसारी, वरिष्ठ शिक्षक अबु लईक, सुनील कुमार बाजपेई,अजय कुमार श्रीवास्तव,इंतेखाब आलम, मोहम्मद आकिब अजहर अंसारी,रेहाना बानो,सर्वेश अवस्थी,अनुज जोशी,मलय मधुर मिश्रा,साबिर अली सहित काफ़ी संख्या में सभी नगर क्षेत्र के सम्मानित शिक्षक गण मौजूद रहे।

# भूतपूर्व हवलदार श्री कृष्ण रस्तोगी का निधन गोरखा रेजीमेंट ने दी अंतिम विदाइ


कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के मोहल्ला गढ़ी रोड निवासी भारतीय सेना के भूतपूर्व सैनिक हवलदार श्री कृष्ण रस्तोगी का आज दिनांक 4 नवंबर 2025 को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। श्री रस्तोगी ने भारतीय सेना में अपने जीवन के बहुमूल्य वर्ष देश की सेवा में समर्पित किए थे और लगभग 45 वर्ष पूर्व वे सेवानिवृत्त हुए थे। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।सेना के इस वीर सपूत को अंतिम विदाई देने के लिए स्टेशन हेडक्वार्टर शाहजहांपुर से गोरखा रेजीमेंट की सैन्य टुकड़ी लखीमपुर पहुंची और सैन्य सम्मान के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान ल्लभारत माता की जयङ्क और ल्लअमर रहे वीर सैनिकङ्क के नारों से वातावरण गूंज उठा।अंतिम संस्कार समारोह में इंडियन वेटरेंट्स ऑर्गेनाइजेशन लखीमपुर खीरी के जिला अध्यक्ष अवधेश चक्रवर्ती, जिला उपाध्यक्ष अश्वगज सिंह सेंगर, सूबेदार बाबूराम, तहसील मितौली अध्यक्ष सुनील कुमार, सूबेदार शिव बालक राम साहब, हवलदार प्रशांत कुमार, हवलदार राकेश अग्निहोत्री, रवि प्रकाश तिवारी, इमदाद अली, सिपाही रवि सिंह, हवलदार दीपक तिवारी, हरिशरण त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।सभी ने दो मिनट का मौन रखकर श्री रस्तोगी के राष्ट्रसेवा से भरे जीवन को नमन किया और कहा कि उनका त्याग और समर्पण लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

# महोली में आठ माह से ठप कुष्ठ उपचार सेवाएँ, मरीज भटकने को मजबूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। जिले में कुष्ठ रोगियों की परेशानियाँ लगातार बढ़ती जा रही हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी हालात सुधारने के बजाय मौन साधे हुए हैं। मामला महोली सीएचसी का है, जहाँ पिछले आठ माह से कुष्ठ रोग से संबंधित कोई भी कर्मचारी तैनात नहीं है।

जानकारी के अनुसार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एख्रग) द्वारा पहले अनूप मिश्र को महोली में पोस्ट किया गया था, लेकिन कथित सेटिंग-गेटिंग के खेल में उन्होंने अपनी ड्यूटी सीतापुर के संक्रमण सेल में लगवा ली। परिणामस्वरूप, महोली क्षेत्र के कुष्ठ रोगी इलाज के लिए सीतापुर के चक्कर काटने को मजबूर हैं।विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं क्योंकि अब अनूप मिश्र की तैनाती नैमिषारण्य में कर दी गई है, जबकि नैमिषारण्य क्षेत्र के मरीजों का इलाज मिश्रिख सीएचसी से कराया जा रहा है। सवाल यह है कि जब नैमिषारण्य के मरीजों के इलाज की व्यवस्था पहले से मिश्रिख में है, तो अनूप मिश्र को वहाँ पोस्ट करने का क्या औचित्य है?कुष्ठ रोगियों के इलाज जैसी संवेदनशील जिम्मेदारी पर इस तरह की अनियमितताओं से यह साफ है कि विभागीय अधिकारी एक कर्मचारी की सेटिंग के आगे नतमस्तक नज़र आ रहे हैं।

## सहकारी समिति शाहपुर में डीएपी खाद की कालाबाजारी ने मचाया हड़कंप

सकरन, सीतापुर। गांव के मेहनतकश किसानों को रबी की फसल के लिए डीएपी खाद की सख्त जरूरत है, लेकिन शाहपुर सहकारी समिति में भ्रष्टाचार ने ऐसी जड़ें जमा ली हैं कि गरीब किसान अब बेहाल हैं। समिति सचिव द्वारा खुलेआम अपने चहेतों और प्रभावशाली लोगों के नाम दर्ज कर खाद का वितरण किया जा रहा है, जबकि असली पात्र किसान लाइन में खड़े होकर अपमान और गालियां बटोर रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि समिति सचिव और उसके सक्रिय दलाल मनोज की मिलीभगत से डीएपी खाद का काला कारोबार चरम पर है। किसानों से बिना रसीद के मोटी रकम वसूली जा रही है, और जो पैसे देने से इनकार करता है, उसे खाद से वंचित कर दिया जा रहा है।स्थिति इतनी खराब है कि खाद मांगने वाले किसानों को सचिव की ओर से गंदी-गंदी गालियां दी जा रही हैं, जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।ग्रामीणों ने बताया कि बीते दो दिनों से समिति पर हंगामे की स्थिति बनी हुई है, लेकिन विभागीय अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। गांव में चर्चा है कि सचिव की ऊंची पहुंच के कारण अब तक किसी कार्रवाई की हिम्मत कोई नहीं जुटा पा रहा।किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि सहकारी समिति शाहपुर की तत्काल जांच कर सचिव और उसके दलाल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि गरीब किसानों को उनका हक मिल सके और कालाबाजारी पर लगाम लगाई जा सके।ल्लकिसानों के हक का खाद लूटा जा रहा है, गालियां और अपमान दिया जा रहा है शाहपुर समिति बन चुकी है भ्रष्टाचार का गढ़ !ङ्कक्या प्रशासन इस गंदे खेल पर अब भी चुप रहेगा?किसानों की निगाहें अब जिम्मेदार अधिकारियों पर टिकी हैं।

## चठिया गांव में बुखार को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने किया कैंप



पिपरिया धनी खीरी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया कप्तान के अंतर्गत ग्राम पंचायत चठिया में बुखार की चपेट में आने से गांव में काफी लोग बुखार से पीड़ित चल रहें थें और बुखार आने पर लोगों की प्लेटलेट्स कम हों रहीं हैं जिसकी शिकायत ग्राम के जिम्मेदार लोगों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग उच्च अधिकारियों से की गईं जिसके चलते प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर शिवेंद्र कुमार अवस्थी के नेतृत्व में एक टीम चठिया गांव पहुंची जहां पर उनके द्वारा सघनं जांच की गईं जांच के उपरांत मरीज को दवां वितरित की गईं चठिया गांव में बुखार से काफी लोग बीमार हैं जब इस संबंध में ग्रामीणों से जानकारी ली गईं तो उन्होंने बताया गांव में ज्यादातर लोग बुखार से पीड़ित हैं बुखार आने पर लोगों की प्लेटलेट्स कम हो जाती हैं जिससे लोग काफी परेशान हैं वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में कैंप लगाकर जांच की गईं जिससे लोगों को बुखार से राहत मिल सके इसी को देखते हुए डॉक्टर शिवेंद्र कुमार अवस्थी की टीम द्वारा लगभग 50 मरीज की चठिया में जांच की गईं।वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया कप्तान में काफी महीनो से सी,वी,सी,जांच मशीन खराब पड़ी है जिसके चलते लोगों की प्लेटलेट्स की जांच नहीं हों पा रहीं हैं इस सम्बन्ध में कईं बार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बताया गया लेकिन इस पर कोईं ध्यान नहीं दिया गया जिससे जिससे मरीजों को प्लेटलेट्स कम होने की जानकारी नहीं मिल पा रहीं हैं और बुखार जल्दी नहीं जा रहा हैं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया कप्तान में सबसे बड़ी समस्या स्टाफ काम होना जहां पर एक फार्मासिस्ट व एक डॉक्टर तैनात हैं क्षेत्र बड़ा होने के कारण जहां पर मरीजों की संख्या अधिक रहतीं अगर डॉक्टर क्षेत्र में कैंप करने चले जाएं तो सिर्फ फार्मासिस्ट के ही सहारे पूरा हॉस्पिटल चलता हैं

## सरकारी धन की लूट: मनरेगा योजना बनी भ्रष्टाचार का जरिया

सीतापुर। जनपद के विकास खंड मछरेहटा के अंतर्गत मनरेगा योजनाओं में जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। ग्राम पंचायत गुजरेहटा और लोहंगपुर में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक की तिकड़ी की मिलीभगत से योजनाओं को कागजों पर खूब दौड़ाया जा रहा है।सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत गुजरेहटा में एक ही फोटो को बार-बार पोर्टल पर अपलोड कर मजदूरों की जमकर फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है। वहीं, ग्राम पंचायत लोहंगपुर में भी मनरेगा कार्यों में नाम मात्र के मजदूरों से काम कराकर लगभग आधा सैकड़ा मजदूरों की हाजिरी दर्ज की जा रही है।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पोर्टल पर अपलोड की गई तस्वीरों में महिलाएं कहीं दिखाई नहीं दे रही हैं, जबकि उपस्थिति रजिस्टर में उनकी भी हाजिरी दर्ज है।ग्रामीणों का आरोप है कि मनरेगा के नाम पर कागजों में काम दिखाकर सरकारी धन की बंदरबांट की जा रही है।

# ढुठवा मेले की तैयारियों का डीएम व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ईसानगर, खीरी। आगामी ऐतिहासिक ढुठवा मेला को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। मंगलवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने थाना ईसानगर क्षेत्रान्तर्गत घाघरा नदी के किनारे लगने वाले मेले का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मेले की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और सुव्यवस्थित संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के समय उनके साथ क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह, थानाध्यक्ष ईसानगर निर्मल तिवारी सहित पुलिस व प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।डीएम नागपाल ने मेले के आवागमन मार्ग, पार्किंग स्थल, श्रद्धालुओं के स्नान घाट, प्रकाश, पेयजल व स्वच्छता की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक व्यवस्था को पूर्णतः दुरुस्त रखा जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने मेले में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण तथा अराजक तत्वों पर सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान सुरक्षा के हर स्तर पर पूरी सतर्कता बरती जाए ताकि कोई अप्रिय घटना न हो और सभी श्रद्धालु शांति व सुरक्षा के साथ मेला दर्शन कर सकें।

# सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल से लखीमपुर खीरी को मिलने जा रही आधुनिक लाइब्रेरी की सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी अब शिक्षा और ज्ञान की नई दिशा में कदम बढ़ाने जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार की पहल पर जल्द ही जिले को एक अत्याधुनिक और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित राजकीय लाइब्रेरी मिलने जा रही है। यह प्रयास जिले के विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं और ज्ञान-पिपासु नागरिकों के लिए एक नई ऊर्जा लेकर आएगा।आज सीडीओ अभिषेक कुमार ने विकास भवन के निकट स्थित राजकीय पुस्तकालय परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लाइब्रेरी निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि का चयन किया और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता (इ.क.) को तत्काल निर्माण कार्य प्रारंभ करने के सख्त निर्देश दिए।सीडीओ ने बताया कि नई लाइब्रेरी को आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से जोड़ा जाएगा, ताकि विद्यार्थी शांत, स्वच्छ और अध्ययन-उन्मुख वातावरण में ज्ञान अर्जित कर सकें।यह लाइब्रेरी न केवल किताबों का घर होगी, बल्कि यहाँ ई-लर्निंग, डिजिटल बुक्स, करंट अफ़ेयर्स सेक्शन, और प्रतियोगी परीक्षा सहायता कक्ष जैसी व्यवस्थाएँ भी उपलब्ध कराई जाएँगी।निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने साफ-सफाई, प्रवेश मार्ग, बैठने की व्यवस्था और प्रकाश व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस लाइब्रेरी को जनपद का ल्लज्ञान केंद्रङ्क बनाया जाएगा, जहाँ ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के बच्चे समान रूप से अध्ययन कर सकें।राजकीय लाइब्रेरी के निर्माण से प्रतियोगी छात्रों को किताबों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उन्हें एक ही जगह पर गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री, इंटरनेट सुविधा, और शांत वातावरण मिलेगा।ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि भूमि समतलीकरण और प्रारंभिक निर्माण कार्य तत्काल शुरू किया जाए, ताकि लाइब्रेरी का शुभारंभ शीघ्र किया जा सके।यह पहल लखीमपुर खीरी के शिक्षा जगत में एक नया अध्याय जोड़ेगी – प्रशासन का यह कदम जिले को ज्ञान और विकास की दिशा में

# हैपेटाइटिस बी एक खतरनाक जानलेवा बीमारी : डॉ0 शिव मोहन कमल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पेटाइटिस बी एवं सी रोग का पता लगाने के एच सी वी एंटीबाडी एवं एच बी एस ए जी के दो टैस्ट किये जाते हैँ यदि पहला टेस्ट पॉजिटिव आता है तो हैपेटाइटिस सी जबकि दूसरे टेस्ट के पॉजिटिव होने पर हैपेटाइटिस बी रोग होता है।**

बदायूँ। जिला चिकित्सालय बदायूं के वरिष्ठ फिजीशियन एवं पीलिया रोग विशेषज्ञ डॉ0 शिव मोहन कमल ने हैपेटाइटिस बी एवं सी जिसे काला पीलिया भी कहा जाता है के विषय मे सम्पूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि ये रोग वायरस जनित होते हैं और इनका इलाज संभव है लेकिन जानकारी के अभाव अथवा लापरवाही के चलते मरीज इसे हलके में लेते हैं जिसके कारण रोग के बिगड़ने की स्थति में उन्हें जान से तक हाँथ धोना पड़ जाता है।

उन्होंने बताया कि हैपेटाइटिस बी एवं सी रोग का पता लगाने के एच सी वी एंटीबाडी एवं एच बी एस ए जी के दो टैस्ट किये जाते हैं यदि पहला टेस्ट पॉजिटिव आता है तो हैपेटाइटिस सी जबकि दूसरे टेस्ट के पॉजिटिव होने पर हैपेटाइटिस बी रोग होता है। हैपेटाइटिस सी के इलाज का कोर्स मात्र तीन महीने का होता है जबकि हैपेटाइटिस बी का इलाज आजीवन चलता है तथा प्रत्येक छै माह पर इसकी जाँच भी कराई जाती है, जिससे मरीज में दवाई की प्रोग्रेस के विषय में जानकारी प्राप्त कर मरीज का ट्रीटमेंट प्लान किया जाता है। यदि मरीज को इस रोग से होने वाली हानि की बात की जाये तो लीवर में सूजन और क्षति हो सकती है,जिससे लीवर कैंसर और अन्य गंभीर समस्याएं हो सकती हैं, जैसे पेट फूलना, अपच, अधिक गैस बनना, पेट साफ न होना तथा जल्दी जल्दी पेट ख़राब होना जैसी समस्याएं देखने में आती हैं। हैपेटाइटिस बी एवं सी के लक्षणों में थकान, भूख न लगना, उल्टी, और पीलिया शामिल हैं। जिला चिकित्सालय बदायूं में हैपेटाइटिस बी एवं सी के इलाज की पूरी व्यवस्था है। यहाँ दवाई सरकार द्वारा मुफ्त उपलब्ध कराई जाती है उन्होंने लोगों से अपील की कि वे हैपेटाइटिस बी एवं सी के बारे में जागरूक हों और समय पर जाँच और इलाज कराएं। हैपेटाइटिस बी एवं सी के इलाज से रोग को नियंत्रित किया जा सकता है और लीवर की क्षति को रोका जा सकता है। यह रोग मुख्यतः संक्रमित रक्त या शारीरिक द्रवों के संपर्क में आने से अथवा असुरक्षित यौन सम्बन्ध बनाने से फैलता है।

इसके लक्षणों में थकान, पीलिया, उल्टी, भूख न लगना तथा पेट में सूजन बजन में अचानक कमी आना जैसी समस्याएँ शामिल हो सकती हैं। यदि इसके इलाज के दौरान परहेज की बात की जाये तो तैलीय पदार्थो के सेवन, वादी एवं गरिष्ठ अथवा मांस एवं मदिरा के सेवन से परहेज रखना चाहिए । उन्होंने यह भी बताया कि संक्रमित व्यक्ति को कभी भी रक्तदान नहीं करना चाहिए क्योंकि ऐसे व्यक्ति का रक्त यदि किसी स्वस्थ व्यक्ति को भी लगेगा तो वह भी संक्रमित हो जायेगा। उन्होंने कहा कि हैपेटाइटिस बी एवं सी दोनों ही गंभीर यकृत रोग हैं, परंतु समय पर जांच एवं उपचार से इनका प्रभावी रूप से नियंत्रण संभव है और संक्रमित मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर सामान्य जीवन व्यतीत कार्य सकता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे जिला अस्पताल में उपलब्ध जांच सुविधाओं का लाभ लें, जहाँ इन रोगों की जांच के में पॉजिटिव पाए जाने वाले मरीजों के लिए पूर्ण उपचार एवं दवाइयों की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध है।

उन्होंने यह भी बताया की मरीजों की जाँच करने हेतु रक्त का सैंपल लेते समय उनका मोबाईल नंबर इसीलिए लिया जाता है ताकि संक्रमित व्यक्ति को जाँच में पॉजिटिव पाए जाने पर उसे बुलाकर दवाई उपलब्ध कराई जा सके। अतः बुलाये जाने पर जिला अस्पताल में सम्बंधित चिकित्सक से संपर्क करके उनकी सलाह पर अपनी दवाई 50 नंबर कमरे से लैब तकनीशियन निखिल सक्सेना द्वारा निशुल्क प्राप्त करें। दवाई लेने के लिए किसी राजनीतिक दवाब या जल्दबाजी की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह प्रत्येक संक्रमित मरीज के लिए निशुल्क उपलब्ध है।

# बदायूं में तीन दिन तक रूट डायवर्जन लागू , वैकल्पिक मार्गों से गुजरेंगे वाहन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जनपद के ऐतिहासिक ककोड़ा मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ और बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने रूट डायवर्जन लागू कर दिया है**

बदायूं। कादरचौक में गंगा किनारे ककोड़ा मेला शुरू हो गया है। मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने बदायूं में तीन दिन तक रूट डायवर्जन लागू किया है।

बदायूं के ऐतिहासिक ककोड़ा मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ और बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने रूट डायवर्जन लागू कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि ककोड़ा मेले की सुचारू व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चार नवंबर से छह नवंबर की रात तक रूट डायवर्जन प्रभावी रहेगा।एसएसपी के अनुसार, बदायूं की ओर से कादरचौक होकर गंजडुंडवारा, अलीगंज, मैनपुरी की दिशा में जाने वाले हल्के व भारी वाहन अब उझानी और कासगंज मार्ग से होकर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। इसी प्रकार, मैनपुरी और गंजडुंडवारा की ओर से बदायूं आने वाले वाहन गंजडुंडवारा से सहावर, कासगंज और उझानी मार्ग से होकर गुजरेंगे। उन्होंने बताया कि यह रूट डायवर्जन केवल सामान्य यातायात के लिए लागू किया गया है। ककोड़ा मेले में आने-जाने वाले वाहनों जैसे श्रद्धालुओं की बसें, ट्रैक्टर-ट्रॉलियां आदि पर किसी प्रकार का प्रतिबंध लागू नहीं होगा। मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात एसएसपी ने बताया कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा, पार्किंग और भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात पुलिस को भी मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने आम जनमानस से अपील की है कि वे यातायात डायवर्जन के निर्देशों का पालन करें और सहयोग बनाएं रखें, ताकि मेले का आयोजन शांति व सुव्यवस्था के साथ संपन्न हो सके।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**56 शिकायतों में 03 का मौके पर निस्तारण, शेष पर कार्रवाई के निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पैमाईश, राशन वितरण, विद्युत, अतिक्रमण सहित विभिन्न प्रकार के 56 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित कराया गया और शेष शिकायतों का समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।भूमि विवाद के मामलों पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर राजस्व अभिलेखों के अनुरूप पैमाइश करके विवाद का समाधान कराएं। भूमि विवाद के मामलों के समाधान को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।राशन वितरण के अंतर्गत राशन कार्ड में नई यूनिट जोड़ने, नवीन राशन कार्ड जारी करने अथवा राशन कार्ड निरस्तीकरण के दौरान विभागीय नियमों तथा खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत निहित प्रावधानों का गंभीरता पूर्वक अनुपालन होना चाहिए। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित रोस्टर के अनुरूप विद्युत आपूर्ति होनी चाहिए साथ ही विद्युत बिलों में अनियमितता के मामलों में भी किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी में तहसील परिसर में भूलेख कक्ष के नवीनीकरण कार्य का भी जायजा लिया तथा तहसील प्रशासन द्वारा कराए गए कार्य की सराहना की।

# नवम्बर के अन्तिम सप्ताह में होगा ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 5.0 का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददात

**जनपद को मिला 3000 करोड़ रुपए का लक्ष्य**

बदायूँ। प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुये निवेश प्रोत्साहन एवं परियोजना कियान्वयन हेतु उ0प्र0 सरकार द्वारा ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 5.0 का आयोजन नवम्बर 2025 के अन्तिम सप्ताह में किया जाना है। जनपद बदायूँ को 3000 करोड रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

लक्ष्यों की पूर्ति हेतु कलेक्ट्रेट में मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक में सीडीओ ने अधिकारियों से कहा कि लक्ष्य (3000 करोड) की पूर्ति हेतु सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पिछले 02 वर्षों में जो भी निवेश जनपद में स्थापित हुये हैं या वर्तमान में प्रगतिशील हैं, उन निवेश प्रस्तावों की जानकारी उपायुक्त उद्योग कार्यालय में उपलब्ध कराएं जिससे कि ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 5.0 का सफल आयोजन किया जा सके। उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि अब तक आहूत की गईं ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में 6038.34 करोड़ रुपए के 141 एमओयू हस्तारित किए गए, जिनमें से 42 की ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी की गई, 58 पाइपलाइन में है। वर्तमान ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए 25 कम्पनियों के 1000 करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं या उन्हें चिन्हित किया गया है। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति अराजनैतिक ने किसानों के साथ चन्दौसी तहसील में दिया धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**ज्ञापन में कहा गया है कि हिंदुस्तान इंडस्ट्रियल प्लेस पार्क की सर्किल रेट 8000 वर्ग मीटर है वहीं 5 मीटर दूरी पर किसानों की भूमिका सर्किल रेट मात्र 920 वर्ग मीटर रखा है यह किसानों के साथ घोर अन्याय है। किसानों को 8000 प्रति वर्ग मीटर मुआवजा दिया जाये**

संभल। मंगलवार तहसील चन्दौसी जिला संभल के तहसील परिसर में राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति अराजनैतिक द्वारा भारी संख्या में किसानों के साथ धरना देकर उपजिलाधिकारी चंदौसी को ज्ञापन सौंपा धरने को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ने कहा कि आज देश में किसानों को अपनी भूमि बचना मुश्किल हो रहा है।

आज किसानों की उपजाऊ भूमि जिस पर किसान तीन से चार फसल का उत्पादन कर देश को भरण पोषण करने हेतु अनाज उत्पन्न करता हैं उस भूमि पर सरकार द्वारा पत्थर सीमेंट विछा कर सड़के बना कर किसानों की भूमि को छीना जा रहा है जिसके कारण किसान भूमि हीन व बेरोजगार होने पर मजबूर हो रहा है ऐसा ही एक उदाहरण संभल जिले में चन्दौसी मुरादाबाद हाईवे से (बनियाडेर )से एक उघोग पति को खुश करने हेतु 3 किलोमीटर लम्बी फोर लाईन का निर्माण बनिया ठेर से हिंदुस्तान इंडस्ट्रियल प्लेस पार्क तक है जबकि चंदौसी से मुरादाबाद आगरा फर्रुखाबाद हाईवे दो लाइन है इससे साफ स्पष्ट है कि किसानों को भूमिहीन करना सरकार ने अपना लक्ष्य बना लिया है।

इसके अलावा ज्ञापन में कहा गया है कि हिंदुस्तान इंडस्ट्रियल प्लेस पार्क की सर्किल रेट 8000 वर्ग मीटर है वहीं 5 मीटर दूरी पर किसानों की भूमिका सर्किल रेट मात्र 920 वर्ग मीटर रखा है यह किसानों के साथ घोर अन्याय है इसलिए किसानों की भूमि का भी सर्किल रेट 8000 प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से फोर लाइन सड़क में ली जाए इसको लेकर किसानों ने ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय हाई कोर्ट तथा अन्य न्यायालयों का किसानों को उचित मुआवजा देने हेतु उदाहरण ज्ञापन में पेश किए थे ज्ञापन देने वालों में राहुल कश्यप देव्पल जोशी रामपाल ड्राइवर जितेंद्र कुमार अमर सिंह तोमर वीरेंद्र तोमर आदेश राघव नीलकमल रवि सैनी राजपाल कश्यप धर्मेंद्र कश्यप मंगल सिंह सैनी लेखराज मौर्य रामप्रसाद मौर्य रामेश्वर पाल बबलू मिस्त्री मनोज कुमार चीनू जैन मुकेश शर्मा आदि भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## ठगों ने 1.42 लाख रुपए बैंक खाते से उड़ाए

शिकारपुर। नगर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति के बचत और चालू खाते से एक लाख 42 हजार रुपए उड़ा लिए गए। पीड़ित ने दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा मामला दर्ज कराया है। मोहल्ला चैनपुरा निवासी मंजुल शर्मा पुत्र खुशदिल शर्मा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसका शिकारपुर स्थित एचडीएफसी बैंक में करंट और सेविंग खाता है। सुलेमान शाह और मोमिनल इस्लाम द्वारा उसके करंट खाते से 99 हजार 999 रुपए और सेविंग खाते से 42 हजार रुपए उड़ा लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## साढ़े 6 बीघा भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप

शिकारपुर। कस्बे के मोहल्ला कोट शेर खान निवासी विधवा ने जिला मेरठ और मुजफ्फरनगर के दंपति समेत 6 लोगों पर साढ़े 6 बीघा भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। संजीदा बेगम पत्नी अब्दुल हकीम ने एसडीएम को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी शिकारपुर बुलंदशहर हाईवे पर एक फार्म हाउस के सामने भूमि है। उक्त भूमि के साढ़े 6 बीघा भूमि के हिस्से पर आधा दर्जन दबंग लोगों ने अपने हथियार बंद लोगों के साथ कब्जा कर लिया है। विधवा महिला का आरोप है कि वह इस संबंध में वर्ष 2023 से अब तक विभिन्न अधिकारियों के यहां बारह बार शिकायत दे चुकी है। एसडीएम ने विधवा को मामले की जांच उपरांत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## विवाह में थूक कर रोटी बना रहा था दानिश

शिकारपुर। पिछले कुछ दिनों से एक वर्ग विशेष के लोगों द्वारा खाने पीने के सामानों में थूकने की घटनाओं का तेजी से इजाफा हुआ है। जगह जगह ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे लोगों को पकड़कर पीटे जाने की बाद पुलिस को सौंपे जाने की घटनाएं हुई हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला सामने आया है।शिकारपुर तहसील क्षेत्र के कस्बा पहासू में एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान रोटी बनाते समय उन पर थूकने वाला दानिश गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर तेजवीर सिंह ने बताया कि पहासू में एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान रोटी बनाने वाले युवक द्वारा थूक कर रोटी बनाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। जिसका पुलिस ने संज्ञान लिया है। वीडियो की जांच के दौरान पाया गया है कि पहासू के मोहल्ला पठान टोला निवासी दानिश पत्र नजीर रोटी बनाते समय उन पर थूक रहा था। पुलिस ने दानिश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## छात्राओं ने कोतवाली का विजिट किया

शिकारपुर। राजकीय कन्या इंटर कालेज की छात्राओं ने कोतवाली का विजिट किया। दारोगा दीप्ति यादव ने छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और प्राथमिकी रिपोर्ट के बारे में बताया। छात्राओं को अपराधी रखे जाने वाली सेल दिखाई गई और सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। छात्राओं के साथ प्रधानाचार्या मोनिका भारती, चंद्रकांत वत्स, श्रीमती चंचल और श्रीमती रीना साथ रहे।

## विवेक उर्फ चीनू जैन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष बने

मुशिकारपुर। अंतरराष्ट्रीय वैश्य संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष पद पर शिकारपुर निवासी विवेक उर्फ चीनू जैन को मनोनीत किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वैश्य विनय अग्रवाल द्वारा जारी मनोनयन पत्र के आधार पर यह जानकारी स्वयं नव मनोनीत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष विवेक उर्फ चीनू जैन ने पत्रकारों को दी है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चीनू जैन से संगठन की नीतियों को जनजन तक पहुंचाने के साथ समाज के उत्थान के कार्य करने की मंशा जताई है।

## राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित

मुरादाबाद । वंचित/गरीब परिवारों को पात्र गृहस्थी योजना से आच्छादित करने हेतु राशन कार्ड उपलब्ध कराये जाने के लिए विधायक नगर रितेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मा. विधायक द्वारा कल्पना पत्नी रामपाल, नगमा पत्नी अफजल अहमद, तबस्सुम पत्नी मौ0 असलम, अजरा पत्नी आसिव, रीशा पत्नी इस्लाम, राविया पत्नी फिरोज, अर्चना पत्नी रविन्द्र, संध्या पत्नी अमित यादव, शिवानी पत्नी राजकुमार, शुभाली दिवाकर पत्नी ललित, संतोष पत्नी धर्मवीर, रामसुमेरी पत्नी हरकेश, रजनी पत्नी रवि कुमार, प्राची विश्नोई पत्नी शेलेन्द्र, दिव्या सक्सैना पत्नी विशाल, उपासना पत्नी दीपक, ललिता देवी पत्नी रिंकू सक्सैना, मीना पत्नी विरेन्द्र, ज्योति पत्नी विनोद, रंजना पत्नी सचिन आदि कुल 25 निर्धनतम परिवार/लाभार्थियों को पात्र गृहस्थी राशन कार्ड वितरित किए गये। जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के आवेदकों द्वारा एसएसडीजी के माध्यम से विभागीय पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन राशन कार्ड आवेदन पत्रों की जांच उपरान्त पात्र पाये जाने पर माह अक्टूबर 2025 में महानगर मुरादाबाद में 2180 संशोधित/नये राशन कार्डो के सापेक्ष 8277 यूनिट निर्धनतम परिवारों को जारी किए गये हैं तथा माह अक्टूबर 2025 में 3555 संशोधित/नये राशन कार्डो के सापेक्ष 13744 यूनिट निर्धनतम परिवारों को जारी किए गये हैं।

## पीएमएवाईजी के 44575 आवास पूर्ण, शेष पर कार्य जारी

बदायूँ। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए शेष आवासो का निर्माण जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी आवासों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें तथा शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों व निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक में सीडीओ ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016-17 से वर्ष 2024-25 तक कुल 44780 के लक्ष्य के सापेक्ष 44780 आवास स्वीकृत किए गए, जिनमें से 31 अक्टूबर 2025 तक 44575 आवास पूर्ण कराए जा चुके है। 205 आवासों का निर्माण शेष है।इस अवसर पर पीडी डीआरडीए, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## दहेज के लिए विवाहिता पर अत्याचार, गर्भपात के बाद ससुरालियों पर मुकदमा दज

मीरजापुर । मड़िहान थाना क्षेत्र के कोटवा पांडेय गांव में दहेज उत्पीड़न का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मंगलवार को विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास और ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़िता के पिता रामलाल यादव, निवासी कंचनपुर कोटवा पांडेय, ने बताया कि उन्होंने दो वर्ष पूर्व अपनी पुत्री सोनी की शादी चिल्ह निवासी सेवानंद यादव के पुत्र कुलदीप यादव के साथ हिंदू रीति-रिवाज से की थी। शादी के कुछ ही समय बाद ससुराल पक्ष दहेज में अतिरिक्त रकम और सामान की मांग को लेकर सोनी को प्रताड़ित करने लगा।विवाहिता ने पुलिस को दिए अपने बयान में आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पति, सास संगीता और ननद रेखा ने कई बार उसके साथ मारपीट की।

# सीडीओ की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल गाँव की समस्या, गाँव में समाधान का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। विकासखंड रजपुरा के पीएम श्री विद्यालय सैमरी में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल गाँव की समस्या, गाँव में समाधान का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय प्रभारी मंत्री/ माननीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा श्री धर्मवीर प्रजापति जी रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री हरेन्द्र सिंह रिंकू जी एवं पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव जी एवं पूर्व एम एल सी श्री परमेश्वर लाल सैनी जी रहे।

सर्व प्रथम पीएम श्री विद्यालय की छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्प देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि मा. मंत्री जी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा ग्राम पंचायत सैमरी के ग्राम प्रधान द्वारा मुख्य अतिथि मा. प्रभारी मंत्री श्री धर्मवीर प्रजापति जी एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री हरेन्द्र सिंह रिंकू जी तथा पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर श्रीअजीत कुमार राजू यादव जी तथा पूर्व एम एल सी परमेश्वर लाल सैनी जी तथा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट का एक पुष्प एवं एक पुस्तक देकर स्वागत सम्मान किया। ग्राम चौपाल के अन्तर्गत विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग,आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गये ताकि ग्रामीण लोग शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा विभाग से संबंधित योजनाओं के विषय में जानकारी दी।सीएचओ सबा चौधरी द्वारा आरोग्य आयुष्मान मंदिर के अन्तर्गत उनके द्वारा किये जाने वाले कार्य, गोल्डन कार्ड, डायबिटीज एवं हाइपरटेंशन जांच आदि के विषय में बताया। मुख्य विकास अधिकारी ने आशा डायरी चेक की तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि संस्थागत प्रसव पर विशेष ध्यान दिया जाए,गर्भवती माताएं स्वास्थ्य रहें इसके लेकर भी आशाओं को निर्देशित किया तथा संस्थागत प्रसव एवं एएनसी जांच को लेकर प्लानिंग के विषय में जानकारी प्राप्त की। आंगनबाड़ी केन्द्र के अन्तर्गत पुष्टाहार रजिस्टर भी चेक किया।ग्राम कुल के लोगों से भी वार्ता की गयी। समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में बताया गया।पेंशन एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के विषय में ग्राम चौपाल में उपस्थित लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

## 42 रुपये में ककोड़ा मेला ले जा रहीं रोडवेज की बसें

बदायूं। परिवहन निगम की ओर से ककोड़ा मेले में 106 रोडवेज बसें लगाई गईं हैं। इनमें 10 बसें नियमित हैं और अन्य दिल्ली-बदायूं रूट पर चलने वाली हैं। बदायूं से मेले तक का किराया 42 रुपये निर्धारित किया गया है। दिल्ली रूट की हर बस एक चक्कर मेले का लगा रही है।ककोड़ा मेले में परिवहन निगम की ओर से बस स्टैंड बनाया गया है, जहां 15 कर्मचारियों को तैनात किया गया है। मेले के लिए 106 रोडवेज बसें लगाई गईं हैं। इनमें 10 बसें नियमित रूप से बदायूं से ककोड़ा मेले तक आएंगी-जाएंगी, जबकि अन्य बसें ऐसी हैं जो दिल्ली-बदायूं रूट पर चलती हैं, लेकिन ये दिल्ली जाने से पहले या लौटने के बाद एक चक्कर मेले का लगाएंगी। एआरएम राजेश पाठक ने बताया कि परिवहन निगम ने तय किया है कि 10 बसें दो से दस नवंबर तक नियमित संचालित होंगी। बाकी बसें पहला चक्कर मेले का लगाकर फिर दिल्ली, मुरादाबाद, बरेली, कासगंज, अलीगढ़, बिल्सी, शाहजहांपुर, मेरठ, लखनऊ, कौशांबी आदि रूटों पर जाएंगी।

# हैक आईआईटी कानपुर 2026 से उभरेगी साइबर सुरक्षा की नई प्रतिभा : प्रो. सुमित्रा संध्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कानपुर । हैक आईआईटी कानपुर 2026 भारत में साइबर सुरक्षा प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और व्यावहारिक समस्या-समाधान कौशल को विकसित करने की हमारी दृष्टि को दर्शाता है।

यह कार्यक्रम छात्रों और युवा नवाचारकों को भारत की डिजिटल सुरक्षा को मजबूत बनाने में योगदान देने का अवसर प्रदान करता है। यह बातें मंगलवार को प्रोजेक्ट निदेशक प्रो. सुमित्रा संध्या ने कही।भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के जो एक साइबर सुरक्षा टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब है, ने अपनी राष्ट्रीय स्तरीय साइबर सुरक्षा हैकथॉन हैक आईआईटी कानपुर 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए हैं। इच्छुक प्रतिभागी आधिकारिक हैकथॉन प्लेटफॉर्म https://hackathon.c3ihub.iitk.ac.in/ के माध्यम से रेजिस्ट्रेशन कर सकते हैं, इसके लिए अंतिम तिथि 12 दिसंबर है।हैक आईआईटी कानपुर 2026 का उद्देश्य साइबर सुरक्षा क्षेत्र के प्रतिभाशाली व्यक्तियों , छात्रों, उद्यमियों और युवा पेशेवरों , को एक मंच पर लाकर, वास्तविक जीवन की साइबर सुरक्षा चुनौतियों के समाधान के लिए नवाचार को बढ़ावा देना है। यह हैकथॉन हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित होगा, जिसमें प्रारंभिक योग्यता और चुनौती दौर ऑनलाइन होंगे, जबकि ग्रैंड फिनाले फरवरी 2026 में आईआईटी कानपुर परिसर में आयोजित किया जाएगा।इस बार हैक आईआईटी कानपुर 2026 खास है क्योंकि पूरा कार्यक्रम ए3द्बक्रम्थ द्वारा विकसित सुरक्षित और स्मार्ट प्लेटफॉर्म C3iHub Arena पर आयोजित किया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म प्रतिभागियों को एक सुरक्षित, स्केलेबल और सहज वातावरण प्रदान करता है, जिसमें वे प्रतिस्पर्धा और सहयोग दोनों कर सकेंगे।इस वर्ष की हैकथॉन का मुख्य विषय क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी है, जिसे लेकर नेटवर्क सुरक्षा, क्रिप्टोग्राफी और सुरक्षित संचार, हार्डवेयर सुरक्षा, आईओटी सुरक्षा, एआई सुरक्षा, डिजिटल फॉरेंसिक, ऑटोमोटिव सुरक्षा और साइबर अपराध उप-क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया।

# गोंडा रेलवे स्टेशन पर फूड सेफ्टी की अनदेखी

**स्टेशन के प्लेटफार्म पर अवैध वेंडरो का कब्जा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडरों की बढ़ती गतिविधियां यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी बन चुकी हैं। बिना अनुमति और लाइसेंस के वेंडर प्लेटफार्म पर खुलेआम खाद्य सामग्री बेचते न जर आते हैं। इससे न सिर्फ यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा प्रभावित हो रही है, बल्कि उनकी सेहत पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। रेलवे प्रशासन की समय-समय पर की जाने वाली जां च और कार्रवाई भी इन पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। गोंड़ा स्टेशन पर सफर करने वाले यात्रियों का कहना है कि बिना लाइसेंस वाले अवैध वेंडर प्लेटफार्म पर गंदगी फैलाते हैं और घटिया क्वालिटी का सामान ऊंचे दामों पर बेचते हैं।कई बार खाने-पीने की चीजें खुले में रखी जाती हैं, जिससे संक्रमण का खतरा और अधिक बढ़ जाता है।

### स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा

स्टेशन परिसर में बिक रहे खाद्य पदार्थ न तो फूड सेफ्टी मानकों पर खरे उतरते हैं और न ही स्वच्छता का पालन किया जाता है। गंदे बर्तनों में परोसा गया खाना,बिना ढके हुए खाद्य पदार्थ और संदिग्ध क्वालिटी की सामग्री यात्रियों की सेहत के लिए खतरा साबित हो रही है। विशेष ज्ञों के मुताबिक,ऐसी स्थिति में फूड प्वाइजनिंग और संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है।

### वैध वेंडरों पर भी उठ रहे सवाल

सिर्फ अवैध वेंडर ही नहीं, बल्कि कई अधिकृत वेंडर भी नियमों की अनदेखी करते देखे जाते हैं। इनमें पैकेजिंग, दर सूची प्रदर्शित करने और समय-समय पर भोजन बदलने जैसी शर्तों का पालन नहीं होता। यात्रियों को बिना जांचे-परखे भोजन परोसना आम हो गया है।

### मुख्य गेट पर टैक्सी व ठेले वाले का कब्जा

रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर ठेले व अवैध टैक्सी और वालों के कब्जे के कारण यातायात जाम होता है और यात्रियों को परेशानी होती है।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि परि वहन विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा है, लेकि न यातायात क्षेत्राधिकारी ने रेलवे अधिकारियों से बात करके इस पर कार्रवाई करने की बात कही है। इस अवैध गतिविधि से सरकारी राज स्व का भी नुकसान हो रहा है क्योंकि ये ठेला बिना किसी रजिस्ट्रेशन और बिना फूड सेफ्टी के चल रहा है चल रहा है वही मुख्य गेट पर टैक्सी वाहन बिना किसी परमिट के चल रहे हैं। अवैध टैक्सी और ठेले वालों का कब्जा, जिससे यातायात जाम होता है और यात्रियों को असुवि धा होती है। बिना परमिट के चल रहे इन वाहनों के कारण सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा है।कुछ टैक्सी चालक अन्य लोगों से अवैध वसू ली भी कर रहे हैं।यातायात क्षेत्राधिकारी ने रेल वे के अधिकारियों से बात करके कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### रेलवे पुलिस की कार्रवाई महज औपचारिकता

रेलवे प्रशासन और आरपीएफ समय-समय पर छापामार कार्रवाई करते हैं,लेकिन ये अभियान महज औपचारिकता तक ही सीमित रहते हैं। अवैध वेंडरों को पकड़ने के बाद अक्सर छोड़ दिया जाता है और कुछ ही दिनों में वे दोबारा सक्रिय हो जाते हैं।यही कारण है कि समस्या स्थायी रूप से खत्म नहीं हो पा रही है।

# मेगा इवेंट अनंता' में रेनू मिश्रा को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत ''मेगा इवें ट अनंता'' के तहत जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान व कल्याण के लिए विभाग की अनेक योजनाएं संचालित हैं, जिनका लाभ लेने के लिए महिलाओं का जागरूक होना आवश्यक है।उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में बुलंदियों को छू रही हैं। कार्यक्रम में संघर्ष कर आत्मनिर्भर बनीं श्रीमती रेनू मिश्रा को सम्मानित किया गया, जो स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जीविका ब्रांड के तहत मोमबत्ती, अगरबत्ती व धूपवती का निर्माण कर बाजार में विक्रय करती हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि श्रीमती रेनू मिश्रा महिलाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं, जो पति की मृत?यु के बाद भी अपनी मेहनत के बल पर अपने बच?चों के साथ-साथ अपने परिवार का भी भरण पोषण कर रही है। श्री सोनी ने महिलाओं एवं बालिकाओं से अपील किया कि वे सभी अपने क्षेत्र में पूर्ण सहभागिता करते हुए परचम लहरायें।कार्यक्रम में वरिष्ठ सहायक अखलाक अहमद, संरक्षण अधिकारी चंद्रमोहन वर्मा, जेंडर स्पेशलिस्ट राजकुमार आर्य, आंकड़ा विश?लेषक शिवगोविन-?द वर्मा,लेखा सहायक अंकित कुमार पाण?डेय, संजय श्रीवास?तव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बगैर डॉक्टर,टेक्नीशियन चल रहे अल्ट्रासाउंड-पैथोलॉजी सेंटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में अप्रशिक्षित स्टाफ के जरिए दिन भर सेंटर का संचालन स्वास्थ्य विभाग की अधि कारियों की नजर क्या नहीं पड़ रही है। जिले में ऐसे कई अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हो रहा है जहां डॉक्टर सप्ताह में सिर्फ एक बार ही आते हैं। ऐसे अल्ट्रासाउंड केन्द्रो पर दिन भर यहां अप्रशिक्षित सहायकों का जमावड़ा रहता है। मरीज भी आते हैं।

जांच भी होती है। मगर अल्ट्रासाउंड कौन कर रहा है...? इसका पता नहीं।अधोमानक तरीके पर जिले में कई अल्ट्रा साउंड सेंटर संचालित किए जा रहे हैं।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज, परसपुर, बेलसर, नवाबगंज, वजीरगंज, कटराबजार,मनकापुर,छापिया,धानेपुर क्षेत्र में संचालित हो रहे अल्ट्रा साउंड सेंटर बिना मानक के धड़ल्ले से संचा लित हो रहे हैं। सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि सेंटर का पंजीकरण तो है। मगर सेंटर पर जरूरी मानक पूरे नहीं है। डॉक्टर के नाम का सेंटर पर कोई बोर्ड नहीं लगा है।वहां कौन कौन स्टाफ काम कर रहा है इसकी सूची नहीं लगी है पुरुष महिला के अलग-अलग शौचालय,पैथोलॉ जी डायग्नोसिस सेंटर संबंधी औपचारिकताएं पूरी नहीं हैं।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी रोजा ना इसी रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन किसी की नजर इस अधोमानक सेंटर पर नहीं पड़ रही है।सूत्रों से वहां मौजूद स्टाफ से लगातार एक सप्ताह रोजाना जानकारी ली गई कि डॉक्टर साहब कब आएंग तो पता चला डॉक्टर बाहर गए हैं।आए दिन स्टाफ गोल मोल जवाब दे रहे हैं।वही जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पा स कई छोटी छोटी दुकानों में कलेक्शन सेंटर खुले हुए हैं।जहाँ जांच के लिए खून लिया जा रहा है और वह जांच किसी दूसरे किसी दूसरी पैथोलॉजी में जांच कराते हैं और दूसरे दिन रिपोर्ट दे रहे।रिपोर्ट की गुणवत्ता भगवान भरोसे है। इस तरह के पैथोलॉजी केन्द्रों के पैड पर रिपोर्ट दी जा रही है।

## एसडीएम के आवास पर औपचारिक मुलाकात, सामाजिक मुद्दों पर मंथन



नानपारा, बहराइच। समाजसेवी संस्था आदर्श समाज सेवा समिति के पदाधिकारियों ने मंगलवार को उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी से उनके आवास पर औपचारिक भेंट की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा तथा वरिष्ठ पत्रकार, रूपईडीहा पत्रकार संघ संरक्षक ने किया। मुलाकात के दौरान समिति सदस्यों ने उपजिलाधिकारी को बुके व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात मिशन शक्ति जागरूकता, नशा उन्मूलन और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने समिति द्वारा संचालित जागरूकता अभियानों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# दो दहेज हत्या आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधी क्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षे त्राधिकारी कर्नलगंज रादेश कुमार सिंह के ने तृत्व में थाना कर्नलगंज पुलिस द्वारा मुकदमापंजीकृत था।

दहेज हत्या आरोपी विपिन कुमार यादव पुत्र पुत्तन यादव,पुत्तन पुत्र रामसमुझ कोनरायनपुर माझा मोड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।घटना 19 अक्टूबर को थाना कर्नल गंज पर वादी राजकुमार पुत्र राम विलास निवा सी ग्राम पारा थाना जरवल रोड जिला बाराबं की का लिखित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ कि उन्होने अपनी पुत्री की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व विपिन पुत्र पुत्तन निवासी दूदी थाना कर नैलगंज जिला गोण्डा के साथ की थी।शादी के कुछ दिन बाद ही उसके पति विपिन व अन्य ससुरालीजन द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। वादी का आरोप है कि 5.अक्टूबर को रात करीब 9 बजे ससुरा लीजनों ने उनकी पुत्री का गला घोटकर हत्या कर दी है।प्राप्त तहरीर के आधार पर कर्नलगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।उप निरीक्षक मृत्युन्जय सिंह मय टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दहेज हत्याभियुक्तको नरायनपुर माझा मोड के पास से गिरफ्तार कर किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्त के विरू द्ध थाना कर्नलगंज पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानि क कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## डॉ. बबीता सिंह चौहान का आगमन आज

बहराइच । उ.प्र. राज्य महिला आयोग की मा. अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) डॉ. बबीता सिंह चौहान का 05 नवम्बर 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. अध्यक्ष 05 नवम्बर 2025 को सांय 06:30 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगी। मा. अध्यक्ष 06 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे जिला महिला चिकित्सालय पहुंचकर गोद भराई, अन्नप्रासन एवं कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। पूर्वान्ह 11:15 बजे राजकीय बालिका इण्टर कालेज बहराइच में आयोजित शक्ति संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर अपरान्ह 12:15 बजे निरीक्षण भवन पहुंचकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक तथा महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरणों की पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक एवं जनसुनवाई करेंगी। इसके उपरान्त मा. अध्यक्ष अपरान्ह 03:30 बजे जिला कारागार का निरीक्षण तथा अपरान्ह 05:00 बजे निरीक्षण भवन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भेंट कर सांय 06:00 बजे जनपद बलरामपुर के लिए प्रस्थान करेंगी।

# भारत-नेपाल सीमा पर सतर्कता यूरिया खाद तस्करी विफल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। एसएसबी 59वीं वाहिनी नानपारा के जवानों ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 47 बोरी यूरिया खाद और 04 साइकिल जब्त की। यह जब्ती भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए की गई। जानकारी के अनुसार, निरीक्षक देशराज के नेतृत्व में सीमा चौकी लौकाही की गश्ती टीम ने सीमा स्तंभ संख्या 667 के निकट चार संदिग्ध साइकिल सवारों को नेपाल की ओर यूरिया खाद ले जाते हुए देखा। जवानों को देखते ही सभी तस्कर साइकिल और खाद छोड़कर नेपाल की तरफ भागने में सफल रहे। गश्ती दल ने मौके से 47 बोरी यूरिया और चार साइकिल बरामद कर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की। इसके उपरांत जब्त माल को कस्टम कार्यालय मिहींपुरवा को आगे की विधिक कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया। सीमा पर तस्करी रोकने के लिए एसएसबी द्वारा यह कार्रवाई कड़े निगरानी तंत्र और सक्रियता को दर्शाती है। सुरक्षा बलों ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में ऐसी गतिविधियों पर लगातार निगरानी जारी रहेगी।

# बीज विक्रय प्रतिष्ठानों पर छापामारी कर एकत्र किये गये 12 संदिग्ध नमूने

**प्रवर्तन टीम द्वारा रिसिया क्षेत्र अन्तर्गत 15 बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक छापेमारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच। जिला कृषि अधिकारी बहराइच की प्रवर्तन टीम द्वारा रिसिया क्षेत्र अन्तर्गत 15 बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक छापेमारी की कार्यवाही की गई। छापेमारी के दौरान मकसूद बीज भंडार, अजमत बीज भंडार, ठाकुर कृषि सेवा केंद्र, न्यू खुशहाली कृषि सेवा केंद्र सहित 15 दुकानों पर की गई छापेमारी के दौरान 12 संदिग्ध नमूने ग्रहण करके प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजा गया।

जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि मकसूद बीज भंडार रिसिया के अभिलेख अपूर्ण होने एवं कृषको को कैश मेमो रशीद दिए जाने में अनियमितता बरतने पर सम्बन्धित को कारण बताओं नोटिस भी जारी की गई है। नोटिस का संतोष जनक जवाब न मिलने पर सम्बन्धित के विरूद्ध बीज नियंत्रण आदेश 1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कठोरतम कार्रवाही की जाएगी।जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के सभी बीज विक्रेताओं को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि सभी बीज विक्रेता बीज बिक्री के समय सभी कृषकों को कैश मेमो रशीद अवश्य दें एवं किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज की ही बिक्री करें। डॉ. यादव ने कृषकों को सुझाव दिया है कि बीज खरीदते समय दुकानदार से कैश मेमो रशीद अवश्य लें, जिससे यदि बीच की गुणवत्ता में किसी पर भी प्रकार की समस्या आने पर संबंधित बीच कंपनी एवं विक्रेता पर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

# यातायात माह के तहत छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । यातायात पुलिस टीम ने थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्र के पाठक कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को यातायात के नियम बताकर जागरूक किया। साथ ही जागरूकता अभियान चलाकर वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

दरअसल, यातायात माह नवम्बर के तहत एसपी और एसपी सिटी के निर्देशन व सीओ यातायात संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात प्रभारी विनय कुमार पांडेय ने पाठक कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान यातायात प्रभारी ने दो पहिया वाहनों पर हेलमेट और चार पहिया वाहनों पर सीट बेल्ट का उपयोग करने की अपील की। कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। ओवरस्पीडिंग, ट्रिपल राइडिंग और स्टंट न करें। नशे में वाहन न चलाएं। कहा कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति को नजदीकी हास्पिटल पहुंचाकर राहवीर योजना के लाभार्थी बने और 25 हजार रुपए का नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्राप्त करें। सीओ ट्रैफिक ने छात्राओं और शिक्षिकाओं से कहा कि मातृशक्ति ही समाज को सुरक्षित सफर के लिए यातायात नियमों का पालन करा सकती है। इसके अलावा यातायात पुलिस की टीम ने पक्का पुल तिराहा, जीआईसी तिराहा और अशफाक नगर चैकी तिराहे पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया और चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। यातायात प्रभारी विनय कुमार पांडेय ने बताया कि अभियान के दौरान करीब 300 वाहनों के चालान किए गए और तीन मोटरसाइकिल सीज की गईं।

# गन्ना मूल्य का भुगतान करने के बाद ही पैराई सत्र शुरू किया जाए: डीएम

**बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि चीनी मिल मकसूदापुर गत पैराई सत्र के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान के बाद ही पैराई सत्र शुरू करेगी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पैराई सत्र 2025-26 चीनी मीलों के संचालन पूर्व बैठक कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि चीनी मिल मकसूदापुर गत पैराई सत्र के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान के बाद ही पैराई सत्र शुरू करेगी, कहा कि अगर गत सत्र का पूर्ण बकाया गन्ना मूल्य भुगतान नहीं किया जाता है, तो चीनी मिल नहीं चलने दिया जाएगा। डीएम ने कहा कि गन्ना क्रय केंद्रों पर कृषकों से लदाई उतराई के नाम पर कोई भी राशि नहीं वसूली जाएगी। ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सभी गन्ना क्रय केंद्रों पर स्पष्ट रूप से लिखा जाए कि कोई भी कृषक लदाई, उतराई के नाम पर किसी भी प्रकार की धनराशि नहीं देगा। निर्देश दिए कि गन्ना ढूलाई वाले समस्त वाहनों पर रिफ्लेक्टर अवश्य लगाया जाए तथा क्रय केंद्रों से गन्ना ढुलाई में लगे ट्रैकों के पीछे लाल कपड़ा लगाया जाए और लाल कपड़े में त्रिकोण रूप में रिफ्लेक्टर अवश्य लगाएं।

गन्ना ढुलाई में लगे ट्रको के डाले के ऊपर केवल दो फीट ऊंचाई तक ही गन्ने को भरा जाए। कहा कि गन्ना क्रय केंद्रों से गन्ना ढुलाई में लगे बड़े ट्राले को पंजीकृत किया जाए और ट्रॉलों की सूची चीनी मील अभिलंब प्रस्तुत करें। उन्होंने विशेष तौर पर चीनी मिल निगोही को निर्देश दिए कि पैराई सत्र के दौरान रोड पर भीड़-भाड़ अथवा जाम की स्थिति न हो तथा निकासी के दौरान किसी भी प्रकार के प्रदूषण को रोकने के लिए वाहनों में अनुमन्य सीमा तक ही ढुलाई कराएं। कहा कि गन्ने की सूखी पत्तियों को ना जलाने के लिए कृषकों को जागरूक करने के लिए फ्लेक्सी बोर्ड अवश्य लगाएं। इसका प्रचार प्रसार व्यापक स्तर पर करें। इसके बाद भी अगर कोई भी गन्ना कृषक सूखी पत्ती जलाते मिले, तो उसका सट्टा तत्काल पूरे पेराई सत्र के लिए बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने बाट माप निरीक्षकों को निर्देश दिए कि कांटों की शुद्धता के लिए सभी धर्मकांटों का निरिक्षण करते रहें, वहां मानक के अनुरूप बाट की संख्या होनी चाहिए। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों से कहा कि यदि किसी प्रकार का एक्सीडेंट होता है तो उसकी ट्राली को थाने में गन्ने सहित ना खड़ी की जाए गन्ने को चीनी मिल में डिस्पोज कराया जाए।बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार, डीसीओ जितेंद्र कुमार, एआरटीओ सर्वेश सिंह, समस्त चीनी मिलों के इकाई प्रमुख, महाप्रबंधक गन्ना, जिला गन्ना अधिकारी, बाट माप निरीक्षक, थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं को सशक्त बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित, डीएम ने किया शुभारंभ

**यह पहल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं के लिए पर्सनैलिटी डेवलपमेंट कार्यशाला आयोजित की गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जनपद में बेटियों को सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करने के उद्देश्य से विकास भवन सभागार में मनन प्रोजेक्ट कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह और सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

यह पहल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं के लिए पर्सनैलिटी डेवलपमेंट कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर छात्राओं और शिक्षकों के लिए विकासात्मक कक्षाएं भी संचालित की गईं।कार्यक्रम के दौरान डीएम और सीडीओ ने मातृत्व सोशल वेलफ़ेयर सोसायटी द्वारा शुरू की गई इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि समाज में बेटियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा दी जानी चाहिए। बेटियों को अपनी शक्ति पहचानकर स्वयं तथा दूसरों के लिए प्रेरणा बनना चाहिए। सोसायटी की काउंसलर अनुज्ञा मिश्रा ने छात्राओं को आत्मबल बढ़ाने, भय और झिझक से मुक्त होने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं बीएसए दिव्या गुप्ता ने नगर क्षेत्र की 100 बालिकाओं को कार्यशाला में सम्मिलित कर विशेष प्रशिक्षण दिलाया। डीएम ने घोषणा की है कि इन कक्षाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने वाली छात्राओं को 08 मार्च को जिला प्रशासन की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा, जिससे उनके उत्साह और आत्मबल को बढ़ावा मिलेगा।सीडीओ ने बताया कि मातृत्व सोशल वेलफ़ेयर सोसायटी और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से यह पर्सनैलिटी डेवलपमेंट वर्कशॉप पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है।

आगामी चरण में इसे जिले के सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में लागू किया जाएगा। कार्यक्रम का लक्ष्य 16 छात्राओं को सशक्तिकरण के मॉडल के रूप में विकसित करना है, ताकि भविष्य में यह पहल पूरे जनपद में व्यापक रूप से संचालित की जा सके। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं आदि मौजूद रहे।

# अनन्ता प्रेरक महिलाओं की पहचान व सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 के अंतर्गत गांधी प्रेक्षागृह पीलीभीत में मुख्य विकास अधिकारी आरके श्रीवास की अध्यक्षता में अनन्ता प्रेरक महिलाओं की पहचान व सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी द्वारा द्वीप प्रज्जलन कर मिशन कार्यक्रम की शुरुआत की गई। ततपश्चात आर्य0 कन्या0 इंटर कालेज की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वन्दना कर अतिथियों का स्वागत किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी द्वारा सभी अधिकारियों का स्वागत किया गया एवं बताया गया कि मिशन शक्ति कार्यक्रम के दौरान निरन्तर कार्यक्रमों का आयोजन कर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किये जाने का कार्य किया जा रहा है आज के अनन्ता कार्यक्रम का उद्देश्य प्रेरक महिलाओं की पहचान कर उन्हें सम्मानित करना है जनपद पीलीभीत में हम सभी के प्रयास से आज प्रेरक महिलाओं को चयनित किया गया उनके द्वारा उनके जीवनकाल की घटनाओं पर चर्चा कर हमें आगे आने की प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। मुख्य विकास अधिकारी आर के श्रीवास द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं को बताया गया कि जीवन में कुछ भी असम्भव नही है हमें किसी भी प्रकार की परिस्थिति से डरना नही होगा हमेशा आगे आने का प्रयास करें जिससे जीवन की हर सफलता को प्राप्त कर सकें। अपर जिलाधिकारी न्यायिक रोशनी यादव द्वारा कहा गया कि यदि स्कूल या कहीं भी बाहर जाते समय हमें किसी प्रकार से परेशान किया किया जाता है तो डरने की आवश्यकता नही है पहले हमें स्वयं से उस परेशानी का विरोध करना होगा साथ ही सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बरों की मदद लेनी होगी और आने कार्य को जारी रखना होगा तभी हम अपनी मंजिल तक सफलता पूर्वक पहुंच सकते हैं हमें हमेशा अनन्ता जैसे कार्यक्रमों में प्रतिभाग करना होगा जिससे हम और अधिक जागरूक हो पाएगें।जिला विकास अधिकारी संजय सिंह द्वारा कहा गया कि शिक्षा के बिना जीवन मे सफल हो पाना सम्भव नही है शिक्षा को प्राप्त करना हमारे जीवन का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए जिससे हम किसी भी प्रकार की समस्या का आसानी सामना कर सकते हैं। इसी क्रम में आर्य कन्या की प्रधानाध्यापिका सुमन देवी एवं गायनोलॉजिस्ट डॉ0 रूपल द्वारा अपने जीवन की प्रेरक कहानी बताकर बालिकाओं को जीवन की कठिनाई से लड़कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरणा दी। खेल के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाली महिलाओं द्वारा अपने जीवन के कठिन परिश्रम को सभी बालिकाओं के साथ साझा किया गया मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आर्य कन्या इण्टर कालेज की प्रधानाध्यापिका, सुमन देवी, डॉ0 रूपल, सी0 डब्ल्यू0सी0 अध्यक्ष पुर्णिमा पाण्डेय, जे0जे0बी0 सदस्य0 ज्योति को स्मृति चिन्ह देकर व खेल के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाली महिलाओं में नेशनल खिलाड़ी विभा मिश्रा, बीनू, प्रगति, विमला एवं गीता कुमारी, बी0सी0 सखी कुसुमा देवी एवं प्रकर्ति विषय पर किताब लिखने वाली बालिका मनन्या पाण्डेय को घड़ी देकर साथ ही कि जीजीआईसी एवं आर्य कन्या इण्टर कॉलेज की 15 बालिकाओं को हाइजिन किट वितरीत की गयी। कार्यक्रम का संचालन जिला मिशन कॉर्डिनेटर सुवर्णा पाण्डेय द्वारा किया गया कार्यक्रम के दौरान संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक, रमनदीप कौर, निर्वान सिंह एवं महिला कल्याण विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर शरदकालीन गोमती महोत्सव का किया शुभारम्भ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आदि गंगा मॉ गोमती उद्गम तीर्थ स्थल माधौटांडा में शरदकालीन गोमती महोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, चेयरमेन आस्था अग्रवाल एवं जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा विधि विधान से हवन पूजन व दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित रंगोली बनाई गई व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मॉ गोमती उद्गम स्थल पर गोमती महोत्सव दिनांक 08.11.2025 तक चलेगा। गोमती महोत्सव के अवसर पर महाआरती व श्री रामचरित मंचन किया गया। दिनांक 05.11.2025 को सांय 06 बजे से 10 बजे तक श्री रामचरित मंचन, दिनांक 06.11.2025 को सांय 03 बजे से सांय 06 बजे तक क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन एवं सांय 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्री रामचरित मंचन, दिनांक 07.11.2025 को सांय 03 बजे से 06 बजे तक पोस्टर प्रतियोगिता व सांय 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्री रामचरित मंचन एवं दिनांक 08.11.2025 को सांय 03 बजे से 06 बजे तक पुरस्कार वितरण व सांय 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम व कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, डीएफओ, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी कलीनगर, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, तहसीलदार कलीनगर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से युवक झुलसा

पूरनपुर। नगर से सटे गांव ढका मे शादी समारोह की सजावट के दौरान शेरपुर का रहने वाला मोहम्मद ताहिर हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से झुलस गया ताहिर शादी समारोह के लिए छत पर सजावट का कार्य कर रहा था उसी दौरान ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया चपेट मे आने के बाद युवक छत से नीचे गिर गया मौके पर मौजूद लोगो ने तुरन्त एंबुलेंस के सहारे युवक को इलाज के अस्पताल मे भर्ती कराया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## मंडी समिति में धान तौल न होने से किसानों में रोष

पूरनपुर। मंडी समिति के क्रय केन्द्रों पर धान की तौल न होने से किसानों में भारी नाराजगी है। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें मंडी में तैनात एमओ प्रदीप कुमार किसानों के साथ मनमानी करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में वह मंडी में धान लेकर पहुंचे किसानों की तौल करने के बजाय उन्हें वापस लौटा रहे हैं और अपने नजदीकी क्रय केन्द्रों पर धान तौल कराने की बात कह रहे हैं। किसानों का आरोप है कि एमओ द्वारा कुछ चुनिंदा केन्द्रों पर ही धान की खरीद कराई जा रही है, जबकि बाकी किसानों को बहाना बनाकर भटकाया जा रहा है। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि वह कई दिनों से मंडी में ट्राली लेकर खड़े हैं, लेकिन उनके धान की तौल नहीं की जा रही। वहीं दूसरी ओर शासन और प्रशासन की ओर से ऐसा कोई आदेश या निर्देश नहीं है कि किसानों को किसी विशेष क्रय केन्द्र पर भेजा जाए। इस मनमानी रवैये के चलते किसानों में गहरा आक्रोश है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के युवा तहसील अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने इसे किसानों के साथ अन्याय बताते हुए उच्च अधिकारियों से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। किसानों का कहना है कि मंडी समिति में पारदर्शी व्यवस्था होनी चाहिए ताकि किसी अधिकारी या कर्मचारी को अपने प्रभाव का दुरुपयोग करने का मौका न मिले।

## चोरी की वारदात से हड़कंप घर से नकदी व जेवरात चोरी

पूरनपुर। नगर के मोहल्ला बमनपुरी में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर हजारों की नकदी और कीमती जेवरात चोरी कर लिए। पीड़िता प्रमिला देवी पत्नी डॉ. हरिशंकर मिश्रा ने मंगलवार दोपहर लगभग तीन बजे जानकारी देते हुए बताया कि वह घर में अकेली रहती हैं, सोमवार की रात वह खाना खाकर सो गई थीं। रात के दौरान अज्ञात चोर घर में दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे के रास्ते घर के अंदर घुस गए और अलमारी व बक्से का ताला तोड़ दिया। चोरों ने घर में रखे करीब 40 हजार रुपये और सोने की चेन, अंगूठी तथा कानों के कुंडल चोरी कर लिए। सुबहा जब घर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी के ताले टूटे मिले। यह देखकर उनके होश उड़ गए। पीड़िता ने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी।

## स्कूल में सीट बेंच पर बैठ कर बच्चे हुए उत्साहित



पूरनपुर। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में जिलाधिकारी पीलीभीत की मुहिम रंग लाई उनके आदेश के अनुसार पंचायत विभाग द्वारा बेसिक स्कूल के बच्चों को बैठने के लिए सीट और बेंच की व्यवस्था की जा रही हैं।इसी क्रम में कंपोजिट स्कूल गड़ाकला में बेच और सीट आना शुरू हो गई ग्राम प्रधान गड़ा कला ने बताया कि अभी कुछ बेंच बन गयी है और शेष जल्दी ही बनाकर स्कूल में पहुँचा दी जायेंगी इस मौके पर समस्त स्टाफ और बच्चों ने खुशी जाहिर की है।अध्यापक हुकुम सिंह ने बताया कि अब बच्चों की उपस्थिति भी बड़ जाएगी बच्चे प्रतिदिन विद्यालय में आएंगे।

## न्यायालय के आदेश पर लूट का मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। थानों में सुनवाई और कार्रवाई ना होने पर पीड़ितों को न्यायालय का सहारा लेना पड़ रहा है। आठ माह पूर्व पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बिलहरी की एक महिला को बदमाशों ने तमंचे से आतंकित करके घर मे रखी नगदी लूट ली थी। लेकिन मामले पर कार्रवाई की बात तो दूर उल्टे पीड़िता को ही पुलिस ने थाने से भगा दिया था। महिला द्वारा न्यायालय की शरण लिए जाने पर कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज किया है 04 अप्रैल 2025 को बिलहरी निवासिनी पिंकी तिवारी पत्नी राजीव तिवारी बिलहरी के जेठ ने बैंक ऑफ बड़ौदा से से ढाई लाख रुपये का लोन निकला था जिसे बैंक से निकाल कर घर पर रखा था रूपये निकालने गांव का ही टिंकू भी साथ गया था गांव के चार व्यक्ति संतकुमार, रविन्द्र,शिवकैलाश, रामनरेश ने महिला को तमंचे से आतंकित करके घर मे रखे दो लाख रूपये लूट लिये और भाग निकले। घटना से पुलिस को अवगत कराने पीड़िता थाने आई लेकिन पुलिस ने घटना को मनगढ़ंत बताकर थाने से भगा दिया था पुलिसिया बदसलूकी से आहत होकर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली और कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तहरीर के मुताबिक लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।फिलहाल आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

## विजेथुआ धाम में बनेगा भव्य कॉरिडोर, श्रद्धालुओं की बढ़ेगी सुविधा

सुलतानपुर। कादीपुर तहसील के विजेथुआ महावीरन धाम में श्रद्धालुओं की आस्था को नया आयाम देने की दिशा में बड़ी पहल हुई है। भू-स्वामियों की सहमति के बाद अब यहां कॉरिडोर निर्माण का रास्ता लगभग साफ हो गया है। प्रशासन ने करीब 9.92 बीघा भूमि अधिग्रहीत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिलाधिकारी कुमार हर्ष के प्रस्ताव पर पर्यटन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रामायणकाल से जुड़े इस पवित्र स्थल के विकास को लेकर जिलाधिकारी ने तीन माह पहले पूरे परिसर का विस्तृत सर्वे कराया था। स्थानीय विधायकों और जनता की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया गया, जिसमें मेला स्थल, यज्ञशाला, हनुमानजी मंदिर, राम-जानकी मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर व भीटा क्षेत्र को आधुनिक स्वरूप देने की योजना शामिल की गई।डीएम के निर्देश पर एसडीएम कादीपुर ने 16 गाटों की 9.92 बीघा भूमि चिह्नित की थी। अब इन गाटों के खातेदारों ने राजस्व विभाग को भूमि देने की सहमति दे दी है। इनमें सात खातों की पूरी भूमि अकृषक है। पर्यटन विभाग के प्रभारी अधिकारी डॉ. धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि शासन ने रामायणकालीन स्थल के इस प्रस्ताव को गंभीरता से लिया है। बीते महीने पर्यटन विभाग की टीम ने स्थल का निरीक्षण किया था। भू-स्वामियों की स्वीकृति से अब कॉरिडोर निर्माण की प्रक्रिया जल्द पूरी होगी।विजेथुआ धाम में कॉरिडोर विकसित होने से श्रद्धालुओं का आकर्षण बढ़ेगा। इससे न सिर्फ धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि होटल व्यवसाय, व्यापारिक गतिविधियां और स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।विजेथुआ धाम को पर्यटन स्थल घोषित करने की

# लोभी और चरित्रहीन किसी का भला नही कर सकते : प्रणवपुरी जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। नवीन कलेक्ट्रेट के पास पूरे नेमधर पंडित में शीतला प्रसाद मिश्र व त्रिवेणी शंकर मिश्र के आयोजन में महामृत्युंजय महाकाल लोक उज्जैन के पीठाधीश्वर स्वामी प्रणव पुरी जी महराज के मुखारबिंद से चल रही श्री राम कथा के चौथे दिन मुनि विश्वामित्र के साथ भगवान राम और लक्ष्मण के जनकपुर में आगमन की सूचना पर उनसे मिलने के लिए सचिव गणों में सुधी लोगों का चयन किया के प्रसंग की चर्चा करते हुए कथा व्यास प्रणव पुरी जी महराज ने सीता के स्वयंबर के लिये जुटे 50- 55 साल की उम्र के लोगों की जानकी जी से विवाह की लालसा और लोभ की चर्चा के प्रसंग में बताया कि जो अपने लाभ के लिए चिंतित रहते हैं वह दूसरे का भला कैसे कर सकते हैं। जिनका खुद का चरित्र सही न हो वह दूसरे के चरित्र

**विशिष्ट व्यक्ति को अपने क्रिया कलाप में सतर्क रहना जरूरी है**

की बात कैसे कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विवाह की एक उम्र होती है और उसके बाद विवाह की सोच लोभ और गलत चरित्रता है। उन्होंने सीता जी के स्वयंबर में प्रवेश के बाद स्थिति की चर्चा में बताया कि विशिष्ट व्यक्ति को अपने क्रिया कलाप में सतर्क रहना जरूरी है क्योंकि सामान्य व्यक्ति की सैकड़ों गलतियों को लोग नज़र अंदाज कर देते हैं लेकिन विशिष्ट व्यक्ति कार्य पर सभी की पैनी निगाह रहती है। सभी लोग केवल सीता जी और राम जी पर निगाहें लगाए थे। जैसी किशोरी मोरी वैसे किशोर हैं, विधाता लगौले जोड़ी बड़े चितचोर हैं, भजन के साथ आगे की कथा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने किसी भी राजा के द्वारा धनुष न उठा पाने पर जनक जी की चिंता और लक्ष्मण जी के खड़े होकर यह कहने के प्रसंग का सुंदर चित्रण किया कि जहां कोई रघुवंशी मौजूद हो वहां असंभव शब्द नहीं होता। गुरु के आशीर्वाद और आदेश पर श्री राम जी द्वारा धनुष तोड़ने और सीता जी के विवाह का सुंदर चित्रण कर श्रोताओं को अपनी वाणी और भजनों से मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सीएमओ अंशुमान सिंह, डॉ पीतांबर कनौजिया, राकेश विक्रम सिंह, इंजीनियर संजय सिंह, गौरव सिंह, रवि प्रताप बेबी सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रकाश मिश्र, मंधारा सिंह, आयुष्मान अस्पताल के निदेशक बी एन तिवारी, शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष और जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, प्रियंक हरि विजय तिवारी, राजेश मिश्रा, शरद सिंह आदि गणमान्य लोगों के साथ हजारों लोग मौजूद रहे।

# वागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पर आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्वालियर के एक व्यक्ति द्वारा वागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक एवं आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। ज्ञापन सौंपते हुए संगठन के सदस्यों ने कहा कि देश भर में संत समाज और धार्मिक परंपराओं का अपमान निरंतर बढ़ता जा रहा है, जिसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस दौरान उपस्थित हर्षित अग्निहोत्री, धनंजय मिश्रा, अनुज कुमार, राहुल और शिव भदौरिया सहित अन्य प्रतिनिधियों ने बताया कि धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं। ऐसे में सोशल मीडिया के माध्यम से उन पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से हिन्दू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की कि इस तरह की टिप्पणियां करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति धर्मगुरुओं और आस्था के प्रतीकों का अपमान करने की हिम्मत न कर सके। कार्यकर्ताओं ने कहा कि संविधान सभी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है, लेकिन किसी की धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचाने का अधिकार नहीं देता।

उन्होंने इस प्रकरण पर तत्काल संज्ञान लेते हुए दोषी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई। ज्ञापन सौंपने वालों में कई स्थानीय हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। एसडीएम ने ज्ञापन प्राप्त कर आश्वासन दिया कि मामले को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# तीन दिवसीय बाबा सत्यनाथ महोत्सव प्रारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कादीपुर/सुलतानपुर। अघोरपीठ बाबा सत्यनाथ मठ अल्देमऊ नूरपुर में तीन दिवसीय बाबा सत्यनाथ महोत्सव आज महाकाल शनिदेव अवसान माता मंदिर शाहगंज रोड रानीपुर कायस्थ से प्रारंभ होकर कादीपुर नगर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए चांदा रोड अल्देमऊ नूरपुर गांव होते हुए आदि गंगा गोमती तट स्थित मठ पर पहुंची। शोभायात्रा की दिव्य झांकी में बाबा सत्यनाथ,शिव परिवार, राम लक्ष्मण सीता, भगवान परशुराम, कबीरदास, रविदास, महाराजा चन्द्रगुप्त, महाराणा प्रताप सहित अनेक महापुरुषों की झांकी रथ पर सवार होकर आमजन को दर्शन दिए तो वही पचासों रिक्शे पर भगवान, संत-महात्मा महापुरुषों के कट आउट लगा कर सामाजिक सांस्कृतिक समरसता का सन्देश दिया गया। शोभायात्रा के दौरान पटेल चैक पर विश्वहिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष सन्तोष पाण्डेय, दीपक अग्रहरि अपनी टीम के साथ पुष्प वर्षा किया पुरानी बाजार नगरपंचायत कार्यलय मोड़ पर नगरपंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, सभासद बृजेश सिंह ने कपाली बाबा का पट्टिका पहना कर नगरपंचायत की तरफ से अभिनन्दन किया रामू मोदनवाल बाबा सत्यनाथ सहित सभी झांकियों के साथ मठ के पीठाधीश्वर अवधूत उग्र चण्डेश्वर कपाली बाबा की आरती पूजन कर पुष्प वर्षा किया। शोभायात्रा का शुभारंभ कादीपुर उपजिलाधिकारी उत्तम कुमार तिवारी नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने महाकाल शनिदेव अवसान माता की पूजा अर्चना कर झांकी में सजे कलाकारों का माल्यार्पण कर नारियल तोड़ शोभायात्रा का शुभारंभ किया।इस अवसर पर चित्रकूट धाम के आचार्य देवाचार्य, अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ई आरपी सिंह, नूरपुर प्रधान बन्टी सिंह, पूर्व प्रधान शिवभूषण सिंह,जीतेन्द्र सिंह, गुड्डू सिंह, किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य काजल किन्नर, शुभम् सिंह,नीरज मिश्र सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

# कसौधन परिवार के पदाधिकारियों ने चेयरमैन को दिया ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। शहर के बीचो-बीच आजादी के पहले से ही नगर पालिका परिषद के द्वारा कसौधन परिवार के पुरोधा सेठ मकदूम राम मार्ग के नाम से डाकखाने चैराहे से लेकर अस्पताल चैराहे तक घोषित किया गया था। इस बाबत डाकखाने चैराहे तथा गल्ला मंडी चैराहे पर मकदूम राम रोड के नाम की शिला पट्टिका भी लगाई गई थी । बीते समय में पत्राचार में वहां के निवासी मकदूम राम रोड को लिखा भी करते थे। वर्तमान अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल जी के द्वारा अपने पिछले कार्यकाल में सन 2011 में डाकखाने चैराहे पर टूटे हुए शिला पट्टिका को पुनर्निर्माण कर लगवाया भी था। लाला मकदूम राम के द्वारा डाकखाने चैराहे पर राम जानकी मंदिर का भी निर्माण कराया गया था, जो आज भी है मौजूद है और मंदिर के शीर्ष पर उनका नाम भी अंकित है। नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा डाकखाने चैराहे से लेकर अस्पताल चैराहे तक का नाम श्री गुरु नानक देव मार्ग घोषित कर के बोर्ड लगाया गया जो अनुचित है जब पहले से ही एक सम्मानित वैश्य बंधु के नाम से मार्ग का नामकरण हो गया था तो पुनः उसी मार्ग का दूसरे महापुरुष के नाम से नामकरण करना कहां तक उचित है। वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल वा भाजपा पार्टी के साथ सुल्तानपुर नगर के 95ङ्ख कसौधन परिवार कदम से कदम मिलाकर चलते हैं, इसके बावजूद चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने सम्पूर्ण कसौधन परिवार का अपमान किया है जो की असहनीय है। कसौधन परिवार के पदाधिकारियों ने चेयरमैन को ज्ञापन देकर मांग किया कि वे अपने द्वारा लिए गए निर्णय पर पुनर्विचार कर लाला मकदूम राम रोड को यथावत रक्खें। इस दौरान सारथी कसौधन, दिनेश कसौधन, उमाशंकर कसौधन, चैधरी राम जी कसौधन, आशीष कसौधन, संजय कसौधन

# सेना के जवान व महिला किसानों से बिना टोकन के खरीदा जायेगा धान : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जनपद अमेठी में एक नवम्बर से निन्यानबे क्रय केंद्रों पर धान खरीद प्रारम्भ हो गई है जिसको लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को धान क्रय केंद्र अमेठी का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वजन मशीन (कंाटे) का फीता काटकर धान खरीद का शुभारम्भ किया। क्रय केंद्र पर धान बेचने आए ग्राम नैनहा अमेठी के कृषक अरुण कुमार सिंह को जिलाधिकारी ने माला पहनकर उनका भव्य स्वागत किया तथा जनपद के किसानों से अपील करते हुये कहा कि आप लोग अपना धान सरकारी क्रय केंद्रों पर ही बेचें, इसके लिये पहले से ही स्मार्टफोन, जन सेवा केंद्र या साइबर कैफ़े के माध्यम से खाद एवं रसद विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण अवश्य करवा लें जिससे धान बेचने में किसान भाइयों को कोई असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कामन धान दो हजार तीन सौ उनहत्तर रुपये प्रति कुंतल तथा ग्रेड ए का धान दो हजार तीन सौ उन्यासी रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि एक नवम्बर से जनपद में निन्यानबे धान क्रय केंद्रों पर खरीद प्रारंभ हो चुकी है जो कि आगामी अठाइस फरवरी तक खरीद की जायेगी। उन्होंने बताया कि सेना के जवान तथा महिला किसानों से बिना टोकन के खरीद की जायेगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी डॉ हरिश्चंद्र प्रजापति को केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि धान क्रय केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## यातायात पुलिस ने दो सौ दस वाहनों का किया चालान

**अमेठी।** यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता माह नवम्बर के चौथे दिन अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आमजनमानस को जागरूक किया गया और दो सौ दस वाहनों का चालान कर दो लाख पच्चासी हजार रुपया जुर्माना योजित किया गया।पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर यातायात जागरूकता माह नवम्बर के चौथे दिन यातायात पुलिस द्वारा जागरुकता अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहन चालकों व आम जनमानस को जागरूक किया गया तथा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत यातायात नियमों के पालन से सम्बन्धित बैनर व पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगवाते हुए आम जनता को पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित करते हुये वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु निवेदन किया गया तथा दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन (जैसे- गलत दिशा में वाहन चलाना,सड़क के किनारे हाईवे पर अवैध रूप से पार्किंग कर वाहन खड़ा करना व तेज गति से वाहन चलाना आदि) करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया व इस दौरान कुल दो सौ दस वाहनों का चालान कर दो लाख पच्चासी हजार रुपये का जुर्माना योजित किया गया।


उत्तर रेलवे

ई—ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई—ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं0 | LKO-SMU-ST-25 |
| कार्य का विवरण | Minor catering unit under SMU-ST(Women) at Lucknow Railway station. ID LKO/PF-1/3 at Platform No. 1 |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15-11-2025 at 11:00 hrs |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 15-11-2025 at 11:30 hrs |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under :-

| SN | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date /Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LUCKNOW | Catg-LKO-LKO-SMU-102-25-2 | LKO/PF-1/3 | 15-11-2025 at 11:30 hrs | SMU | ST(Women) |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3436/2025

## सम्पादकीय

# सुहाने सफर में हादसों का खौफ

शुरुआत में आरामदेह सफर की पर्याय बनी स्लीपर बसों में जानलेवा हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लाखों की तादाद में देश में सड़कों पर दौड़ रही इन बसों पर प्रतिबंध लगाने की मांग के बावजूद इनका परिचालन जारी है। इसकी प्रमुख वजह है वैकल्पिक परिवहन संसाधनों की कमी। इन बसों के लिए मौजूद एआईएस मानकों को लागू किया जा सके, तो हादसे काफी कम हो सकते हैं। महज एक पखवाड़े के भीतर दूसरी बार एक स्लीपर बस 20 से ज्यादा लोगों की धू-धू करके सामूहिक चिता बन गई और यह कोई पहली बार दिखा डरावना मंजर नहीं है। साल-दर-साल स्लीपर बसें इसी तरीके से खौफनाक दृश्य दिखा रही हैं। कई देशों द्वारा स्लीपर बसों पर बैन लगा दिये जाने के बावजूद भारत में हर दिन चेन्नई से लेकर शिमला तक 2 लाख से ज्यादा बसें दौड़ती हैं और इनमें 80 फीसदी बसें रात में अपना ज्यादातर सफर पूरा करती है, जो अब धीरे-धीरे सड़कों पर गंभीर व जानलेवा हादसों की शिकार हो रही हैं। इन बसों की शुरुआत लंबी दूरी के सफर को आरामदायक बनाने के लिए हुई थी। पहले 1930 के दशक में ब्रिटेन और जर्मनी में बसों में चारपाई में लेटने वाली सुविधा यात्रियों को दी गई। अगले 20 सालों में यूरोप और अमेरिका में स्लीपर बसें यातायात का स्टेट्स सिंबल बन गईं। हमारे यहां स्लीपर बसों का सिलसिला 1990 के दशक में महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात में शुरू हुआ। बॉम्बे टू गोवा और बॉम्बे टू पुणे स्लीपर बसें चलने लगीं। फिर 2000 के दशक में दक्षिण भारत में स्लीपर बसों का सिलसिला बढ़ने लगा। शुरुआत में ये सुविधा काफी सस्ती थी और भरपूर आराम भी दे रही थी। अब आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र और गुजरात आदि की सड़कों की ये शानदार सवारियां बन गई हैं। लेकिन वक्त के साथ स्लीपर बसों के व्यवसाय में भारी कंपटीशन उभरकर सामने आया, तो इनमें निरंतर हादसों की संख्या भी बढ़ने लगी। साल 2018 से 2024 के बीच ऐसा कोई साल नहीं गुजरा, जब करीब 4 दर्जन हादसें न हुए हों और इन हादसों में औसतन डेढ़ सौ से दो सौ लोग मौत के मुंह में न समाएं हों। एक तरह से देखें तो भारत में स्लीपर बसें यातायात की नजर से खतरनाक हैं। हवाई जहाजों और लंबी दूरी की रेलगाड़ियों के मुकाबले इन बसों में कहीं ज्यादा हादसे होते हैं या हादसे ज्यादा न होते हों तो भी मरने वाले लोगों की संख्या ज्यादा रहती है। अगर साल 2018 से ही देखा जाए तो 2018 में 118, 2019 में 145, 2020 में 97, 2021 में 162, 2022 में 208, 2023 में 241 और जनवरी से सितंबर 2024 के बीच भी 189 लोग इन हादसों में मारे गये थे और इस साल अभी तक करीब 81 लोग इन हादसों में जान गंवा चुके हैं। मौजूदा पखवाड़े के दौरान राजस्थान और हैदराबाद के इन दो हादसों में ही 41 लोगों की जान चली गई है। अगर 2018 से अभी तक इन हादसों में गंभीर घायल लोगों पर नजर डालें, तो वे करीब 1800 हैं। इससे साफ है कि भारत में भी स्लीपर बसों का सफर बेहद खतरनाक है। हाल के सालों में दुनिया के 18 देशों में स्लीपर बसों पर प्रतिबंध लगा है, उसी तरह भारत में भी बैन की मांग हो रही है। 14 देश जिनमें चीन, थाइलैंड, वियतनाम, मलेशिया, नेपाल, लाओस, अर्जेंटीना, ब्राजील, पेरू और केन्या शामिल हैं, में ये स्लीपर बसें लगभग पूरी तरह से बैन हो चुकी हैं। अपवाद के तौरपर अगर कुछ बसें चलती हैं, तो उनके लिए नियम-कानून बेहद सख्त हैं। अमेरिका, जर्मनी और इंग्लैंड में भी इन पर लगभग प्रतिबंध है। लेकिन भारत में साल 2013 से ही इन पर प्रतिबंध की मांग के बावजूद यह संभव नहीं हो रहा, तो शायद इसलिए कि भारत में यातायात का दबाव बहुत ज्यादा है और रेल तथा हवाई जहाज में सीटों की उपलब्धता मांग को देखते हुए काफी कम है। गौरतलब है कि भारत में हर दिन सड़कों पर 30 लाख से ज्यादा बसें दौड़ती हैं और इनमें करीब 2 लाख स्लीपर बसें होती हैं।

# भारतीय महिला क्रिकेट: नई उड़ान, नई संभावना को सलाम

**यह जीत केवल एक ट्रॉफी भर नहीं, बल्कि उस नारी शक्ति का उद्घोष है जो वर्षों से अपने अस्तित्व को साबित करने में लगी थी। भारतीय बेटियों ने मैदान में यह दिखा दिया कि अब ल्खेलङ्क सिर्फ पुरुषों का क्षेत्र नहीं रहा, यह वह मंच है जहां नारी की प्रतिभा, रणनीति, धैर्य और आत्मविश्वास अपनी सर्वश्रेष्ठ अभिव्यक्ति पा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर टीम को बधाई देते हुए कहा कि ल्यह केवल क्रिकेट की जीत नहीं, बल्कि भारत की नारी शक्ति, परिश्रम और आत्मविश्वास की जीत है।ङ्क सच भी यही है कि यह विजय भारत की नई महिला चेतना का प्रतीक है, वह चेतना जो अब हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ रही है। अब भारतीय महिलाओं को हाशिया नहीं, पूरा पृष्ठ चाहिए और यह बात उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत को हासिल करके साबित किया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार महिला वनडे विश्व कप अपने नाम कर ऐतिहासिक जीत हासिल की है। भारत और दक्षिण-अफ्रीका का फाइनल विश्व कप मैच सदा के लिए इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों के साथ अतीत के पन्नों में दर्ज हो गई है। हरमनप्रीत की कप्तानी में महिला क्रिकेट टीम ने यह यादगार जीत हासिल की है। इससे पहले मिताली राज की कप्तानी में महिला क्रिकेट टीम 2005 और 2017 में फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन यहां आकर ट्रॉफी हाथ से फिसल गई थी। भारतीय महिला टीम ने टॉस हारने के बाद भी बल्लेबाजी के लिए उतरी और 298 रन बनाए। साउथ अफ्रीक की टीम इस आंकड़े को छू नहीं पाई, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर 47 साल के इंतजार को खत्म किया।**

दो नवंबर 2025 का रविवार भारतीय खेल जगत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो गया। यह वह दिन था जब नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकेडमी मैदान न केवल एक विश्व कप का साक्षी बना, बल्कि भारतीय महिला शक्ति की अजेय प्रतिभा और जज्बे का भी प्रमाण देखा। शेफाली वर्मा ने 87 रन की पारी खेल कर विश्वकप को भारत के नाम कराने में अमूल्य योगदान दिया। शेफाली की यह पारी आत्मविश्वास से भरी होने के साथ-साथ सनसनीखेज पारी रही। इसी के साथ स्मृति मंधाना ने अपना सर्वश्रेष्ठ देते हुए भारत के लिये सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनी। उनकी टाइमिंग एवं कंवर ड्राइव ने सबका दिल जीत लिया। वैसे टीम का हर खिलाड़ी इस आश्चर्यकारी जीत के लिये बधाई का पात्र है। निश्चित ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 अपने नाम कर ऐसा इतिहास रचा, जो न केवल खेल का अध्याय है बल्कि सामाजिक परिवर्तन और नारी सशक्तिकरण की प्रेरक गाथा भी है। विश्व विजेता बनने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट की टीम की चर्चा दुनिया के हर कोने में हो रही है। यह जीत केवल एक ट्रॉफी भर नहीं, बल्कि उस नारी शक्ति का उद्घोष है जो वर्षों से अपने अस्तित्व को साबित करने में लगी थी। भारतीय बेटियों ने मैदान में यह दिखा दिया कि अब ल्खेलङ्क सिर्फ पुरुषों का क्षेत्र नहीं रहा, यह वह मंच है जहां नारी की प्रतिभा, रणनीति, धैर्य और आत्मविश्वास अपनी सर्वश्रेष्ठ अभिव्यक्ति पा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर टीम को बधाई देते हुए कहा कि ल्यह केवल क्रिकेट की जीत नहीं, बल्कि भारत की नारी शक्ति, परिश्रम और आत्मविश्वास की जीत है।ङ्क सच भी यही है कि यह विजय भारत की नई महिला चेतना का प्रतीक है, वह चेतना जो अब हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ रही है। अब भारतीय महिलाओं को हाशिया नहीं, पूरा पृष्ठ चाहिए और यह बात उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत को हासिल करके साबित किया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार महिला वनडे विश्व कप अपने नाम कर ऐतिहासिक जीत हासिल की है। भारत और दक्षिण-अफ्रीका का फाइनल विश्व कप मैच सदा के लिए इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों के साथ अतीत के पन्नों में दर्ज हो गई है। हरमनप्रीत की कप्तानी में महिला क्रिकेट टीम ने यह यादगार जीत हासिल की है। इससे पहले मिताली राज की कप्तानी में महिला क्रिकेट टीम 2005 और 2017 में फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन यहां आकर ट्रॉफी हाथ से फिसल गई थी। भारतीय महिला टीम ने टॉस हारने के बाद भी बल्लेबाजी के लिए उतरी और 298 रन बनाए। साउथ अफ्रीक की टीम इस आंकड़े को छू नहीं पाई, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर 47 साल के इंतजार को खत्म किया। इस महान सफलता के पीछे आईसीसी अध्यक्ष जय शाह की दूरदर्शी नीतियों और नेतृत्व का भी बड़ा योगदान है। उनके कार्यकाल में महिला क्रिकेट को वह सम्मान और अवसर मिले जिसकी वह वर्षों से हकदार थी। जय शाह ने न केवल संरचनात्मक सुधार किए बल्कि महिला क्रिकेट के लिए आधारभूत ढांचे, सुविधाओं और प्रोत्साहन योजनाओं को नई दिशा दी। उन्होंने यह साबित कर दिया कि जब नेतृत्व में दृष्टि होती है, तो इतिहास बदलता है। इस विश्व कप में भारतीय खिलाड़ियों ने अपने खेल से दुनिया को चकित किया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जिस साहस और सूझबूझ से टीम का नेतृत्व किया, वह प्रेरणा का विषय है। उनके बल्ले से निकले हर रन ने नारी शक्ति की धुन गाई। स्मृति मंधाना की क्लासिकल बल्लेबाजी ने विपक्षी गेंदबाजों को बेहाल कर दिया, जबकि युवा खिलाड़ी शैफाली वर्मा की आक्रामकता ने नई पीढ़ी की ऊर्जा को स्वर दिया। गेंदबाजी में रेणुका ठाकुर और पूजा वस्त्राकर की सटीक लाइन-लेंथ ने टीम को हर मुश्किल समय में संभाला, वहीं स्पिनर दीप्ति शर्मा ने अपनी जादुई गेंदों से विरोधियों के हौसले पस्त किए। इस टूर्नामेंट में भारत की फील्डिंग और फिटनेस भी अप्रतिम रही, जो यह दर्शाती है कि अब भारतीय महिला क्रिकेट केवल तकनीक नहीं, बल्कि रणनीति और समर्पण के सर्वोच्च मानकों पर खड़ी है। महिला क्रिकेट खिलाड़ी नवीन क्षमताओं की नई उड़ान भरते हुए हर मन की मुराद पूरी कर रही है। यह जीत केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय खेल संस्कृति में परिवर्तन की दिशा का प्रतीक है। आज भारत की बेटियां छोटे कस्बों और गाँवों से निकलकर विश्व मंच पर चमक रही हैं। यह उस सामाजिक परिवर्तन का परिणाम है जिसमें परिवार, समाज और सरकार ने नारी खेल प्रतिभा को अवसर देना शुरू किया है। महिला विश्व कप 2025 ने यह सिद्ध कर दिया कि अब भारत में खेल सिर्फ ल्मैदानङ्क तक सीमित नहीं, यह राष्ट्रीय चेतना और गौरव का हिस्सा बन चुका है। यह नारी स्वाभिमान, श्रम और संघर्ष की कहानी है। क्रिकेट अब केवल पुरुषों की लोकप्रियता का प्रतीक नहीं रहा, बल्कि महिलाओं की असाधारण योग्यता का उत्सव बन गया है। भारत की यह जीत उस भविष्य की ओर इशारा करती है जहाँ खेल, लिंग भेद से परे, केवल प्रतिभा और परिश्रम के आधार पर सम्मान पाएगा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की यह ऐतिहासिक विजय केवल कप जीतने की कहानी नहीं है, यह उस भारत की घोषणा है जो अपनी बेटियों को आगे बढ़ाने का साहस रखता है। यह जीत हर उस लड़की की प्रेरणा है जो गली के मैदान में क्रिकेट बैट थामे सपना देखती है कि एक दिन वह भी भारत के लिए खेलेगी। यह स्वर्णिम विजय हमें यह संदेश देती है कि भारत की नारी अब हर क्षेत्र में ल्खेल बदलनेङ्क के लिए तैयार है। जय शाह जैसे सक्षम नेतृत्व और खिलाड़ियों की प्रतिभा से सुसज्जित यह टीम आने वाले समय में विश्व क्रिकेट का नया अध्याय लिखेगी, जहाँ हर शॉट में आत्मविश्वास होगा, हर गेंद में संकल्प, और हर जीत में भारत की बेटियों की दमकती मुस्कान। भारत की बेटियाँ अब सिर्फ खेल नहीं रही हैं बल्कि वे इतिहास रच रही हैं। देश पर छा रहे अनेकानेक उजालों के बीच महिला विश्व कप 2025 रूपी उजाला देशवासियों को प्रसन्नता का प्रकाश दे गया। संदेश दे गया कि देश का एक भी व्यक्ति अगर दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की ठान ले तो वह शिखर पर पहुंच सकता है। विश्व को बौना बना सकता है। पूरे देश के निवासियों का सिर ऊंचा कर सकता है। महिलाओं की इस करिश्माई उपलब्धि के बाद अखबारों के शीर्ष में यह समाचार छपा और सबको लगा कि शब्द उन पृष्ठों से बाहर निकलकर नाच रहे हैं। भारतीय महिला खिलाड़ियों ने खिलाड़ीपन के लम्बे रन-अप को पल-पल जीया है। इस दौरान बहुत कुछ पीया है तभी वे विश्व विजेता बनी। वरना यहां तक पहुंचते-पहुंचते कईयों के घुटने घिस जाते हैं। एक बूंद अमृत पीने के लिए समुद्र पीना पड़ता है। सम्मान, पदवी, उपाधियां, अलंकरण बहुतों को मिलते हैं पर सही सीने पर सही तमगा और सही नाम के आगे सही सम्बोधन कभी-कभी लगता है। जैसा महिला विश्व कप 2025 की भारतीय महिला खिलाड़ियों के सीनों पर लगा है। जब भी कोई अर्जुन धनुष उठाता है, निशाना बांधता है तो करोड़ों के मन में एक संकल्प, एक एकाग्रता का भाव जाग उठता है और कई अर्जुन पैदा होते हैं। अपने देश में हर बल्ला उठाने वाला अपने को गावस्कर, तेंगुलकर विराट कोहली, रोहित समझता है, हर बॉल पकड़ने वाला अपने को कपिल-अर्शदीप, बुमराह समझता है। हॉकी की स्टिक पकड़ने वाला हर खिलाड़ी अपने को ध्यानचंद, हर टेनिस का रेकेट पकड़ने वाला अपने को रामानाथन कृष्णन समझता है। और भी कई नाम हैं, मिल्खा सिंह, पी.टी. उषा, प्रकाश पादुकोन, गीत सेठी, जो माप बन गये हैं खेलों की ऊंचाई के। आज शेफाली हो स्मृति या फिर जेमिमा हो या दीप्ति आज माप बन गयी है और जो माप बन जाता है वह मनुष्य के उत्थान और प्रगति की श्रेष्ठ स्थिति है। यह अनुकरणीय है। जो भी कोई मूल्य स्थापित करता है, जो भी कोई पात्रता पैदा करता है, जो भी कोई सृजन करता है, जो देश का गौरव बढ़ाता है, जो गीतों में गाया जाता है, उसे सलाम। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को सलाम। -



# सृजन की साक्षी भारतीय अभियांत्रिकी परंपरा

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

कभी कभी इतिहास स्वयं को रचने के लिए मनुष्य का सहारा नहीं लेता, बल्कि मनुष्य को अपने साधन के रूप में प्रयोग करता है। भारत की सभ्यता ने यही किया है। जब मानव ने मिट्टी को आकार देना सीखा, तो भारत ने उससे मंदिर गढ़े। जब जल को नियंत्रित करने की आवश्यकता हुई, तो भारत ने नदियों के तट पर सिंचाई की व्यवस्था बनाई।

जब पत्थरों से दीवारें बनीं, तो भारत ने उन दीवारों में नक्काशी से कविता लिख दी। यह वह भूमि है जहाँ अभियंत्रण केवल तकनीकी कौशल नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन था। यहाँ अभियंता केवल निर्माता नहीं, भगवान विश्वकर्मा के स्वरूप में सृष्टा माने गए। मोहनजोदड़ों और हड़प्पा की विकसित सभ्यता आज भी हमें यह सिखाती हैं कि स्वच्छता और जल-प्रबंधन केवल शहरी सुविधा नहीं, बल्कि सभ्यता की रीढ़ हैं। सिंधु घाटी का नगर नियोजन, समकोणीय गलियाँ, कुएँ, स्नानागार, ये सब हमारे पूर्वज अभियंताओं की प्रतिभा का जीवंत प्रमाण हैं। प्राचीन ग्रंथों में भगवान विश्वकर्मा का उल्लेख उसी गौरव के साथ हुआ है जिस गौरव से कवि वाल्मीकि और ऋषि व्यास का। हर वर्ष हमारी संस्कृति में हम इंजीनियरिंग संस्थानों में विश्वकर्मा पूजन के आयोजन करते आए हैं। भारतीय अभियंत्रण सदैव कला, विज्ञान और आध्यात्म के संगम पर खड़ा रहा है। हमारे मंदिरों की स्थापत्य कला, लोहे के खंभे जो सदियों से जंगरहित खड़े हैं, या फिर अजन्ता की गुफाओं में शिल्प-सौंदर्य , सब यह बताते हैं कि हमारे अभियंता केवल साधन बनाने वाले नहीं, जन आत्मा में बसने वाले कलाकार थे। समय बदला, औपनिवेशिक युग आया। इंजीनियरिंग का अर्थ केवल गणितीय संरचना तक सीमित कर दिया गया। भारत में अभियंत्रण को अंग्रेजी पाठशालाओं के माध्यम से नए रूप में ढाला गया। किंतु भारतीय मस्तिष्क अपनी जड़ों से कट नहीं सका। स्वतंत्रता संग्राम के साथ ही एक नए अभियंत्रण युग का आरंभ हुआ , जो आत्मनिर्भरता का प्रतीक था। रेलवे, सिंचाई परियोजनाएँ, बांध, इस्पात संयंत्र, औद्योगिक नगर , ये सब नवभारत की नींव थे। पंचवर्षीय योजनाओं में अभियंताओं का स्थान उतना ही महत्वपूर्ण था जितना किसी कवि का संस्कृति के निर्माण में होता है। नेहरूजी ने कहा था, बड़े बांध आधुनिक भारत के मंदिर हैं। यह कथन भारतीय अभियंताओं के लिए एक आदरांजलि था। आज भारतीय अभियंता दुनिया के प्रायः प्रत्येक देश में कही न कही महत्वपूर्ण भूमिकाओं में सक्रिय हैं। पहले भारत गुलाम था, फिर भी तकनीकी विचार स्वतंत्र थे। पर आज राजनीति इंजीनियरिंग के विविध क्षेत्रों सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर, माइनिंग, एयरोनॉटिकल, और अनेक शाखाओं में क्षेत्रीय विकास के नाम पर हावी दिखती है। भारत में हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में तकनीकी लेखन का बड़ा संकट रहा है। ज्ञान यदि भाषा की दीवारों में कैद हो जाए, तो वह सीमित हो जाता है। हिंदी तथा क्षेत्रीय भाषाओं में तकनीक का लेखन, महत्वपूर्ण है। यह उस भारत का प्रतीक है जो बहुभाषिक होते हुए भी एक विचार में बंधा हुआ है। भारत आज चंद्रयान, आदित्य, जीआईएस, और स्वदेशी ड्रोन तकनीक के साथ अंतरिक्ष से लेकर पृथ्वी की गहराइयों तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। यह केवल तकनीकी वैज्ञानिक उपलब्धियाँ नहीं हैं, यह अभियंत्रण की आत्मा का उत्कर्ष है। 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' जैसे अभियानों में अभियंता अग्रिम पंक्ति के योद्धा हैं। आज आवश्यकता है कि नई पीढ़ी में अभियंता केवल उपकरणों तक सीमित न रहें, बल्कि समाज की नब्ज को पहचानें। जल, ऊर्जा और कचरे का प्रबंधन केवल योजनाओं का विषय नहीं, जीवन की आवश्यकता है। अभियंत्रण यदि संवेदना से जुड़ जाए तो वह चमत्कार कर सकता है। आज जब विश्व कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वचालन के युग में प्रवेश कर रहा है हम आशा करते हैं कि भारत का अभियंता केवल तकनीक का ज्ञाता नहीं, सृजन का साक्षी है और सृजन की गाथा है।

## सेहत मंत्र

# ठंड में जरूर पिएं इलायची वाली चाय और सूप, कैंसर का खतरा होता है कम

इलाइची हमारे घरों में इस्तेमाल होने वाले मसालों में से एक प्रमुख मसाला है। इसे मसालों की रानी भी कहा जाता है, इलायची दुनिया का तीसरा सबसे महंगा मसाला है। चाहे कुछ मिठा हो या कोई तीखी सब्जी, हम इलायची का प्रयोग हमेशा ही करते हैं। गर्म मसाले को तैयार करने से लेकर सुबह की गमकती चाय तक में इलाइची हर जगह इस्तेमाल होती है। पर कछ लोग अपनी चाय में रोजाना इलाइची की जगह अदरक का इस्तेमाल करना ज्यादा पसंद करते हैं। जब कि अगर आप अपनी रोज की चाय में अदरक की जगह इलाइची का इस्तेमाल करें, तो आपको इससे ज्यादा स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। दरअसल अगर आप अपनी चाय में रोज इलाइची डालेंगे, तो यह आपको कैंसर और डायबिटीज जैसी बीमारियों से बचा सकती है। साथ ही यह आपके पाचन को और बेहतर बनाने में मदद करती है। इतना ही नहीं इलाइची अवसाद से पीड़ित व्यक्तियों के लिए भी काफी लाभदायक है। इसके अलावा अगर आप रोज रात में इलाइची को दूध में डालकर या सुबह की चाय में मिलाकर पीएं तो इससे आप कई और स्वास्थ्य लाभ भी पा सकते हैं। इलायची एक एंटीऑक्सीडेंट भी है, जो आपके दिल के स्वास्थ्य को ठीक रखने में मदद करता है। इलायची में फाइबर भी होता है, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है और आपके ब्लड सर्कुलेशन को और बेहतर बनाता है। इसके अलावा यह हाई ब्लड प्रेशर को ठीक रखने में भी सहायक साबित हो सकता है। इसके लिए आप एक चम्मच धनिया के बीज को पीस कर और एक चुटकी इलायची के साथ दूध और चाय में मिलाकर पीएं। इलायची में एक प्राकृतिक कैंसर उपचार करने की क्षमता है। कई शोधों से पता चला है कि सब्जी बनाते वक्त या ऐसे भी मसाले के रूप में इलाइची के प्रयोग करने से यह कैंसर के गठन को रोकता है। शरीर में जहां भी कैंसर सेल्स संगठित हो रहे होते हैं, वहां इलायची का असर, इसे रोकने लगता है। इसलिए अगर हो सके तो आप रोज सुबह की चाय में इलायची का प्रयोग जरूर करें या रात में इसाइची वाली दूध पीएं।

## धर्म मंत्र

# गुरु नानक पूर्णिमा: अंधविश्वास और भेदभाव मिटाकर समानता का मार्ग दिखाने वाले गुरु के उपदेश

भारत भूमि संतों, महापुरुषों और अवतारों की पवित्र भूमि रही है। यहाँ समय-समय पर ऐसे युगपुरुष जन्म लेते रहे हैं जिन्होंने समाज को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इन्हीं महापुरुषों में से एक थे श्री गुरु नानक देव जी, जिनका जन्म दिवस गुरु नानक पूर्णिमा या गुरुपर्व के रूप में बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। गुरु नानक देव जी का जन्म सन् 1469 ईस्वी में पंजाब के तलवंडी नामक स्थान पर हुआ था, जिसे अब ननकाना साहिब (पाकिस्तान) के नाम से जाना जाता है। उनके पिता का नाम मेहता कालू और माता का नाम माता तृप्ता था। बचपन से ही नानक जी अत्यंत मेधावी, करुणामय और सत्यप्रिय थे। उन्हें सांसारिक विषयों में रुचि नहीं थी; वे मानवता की सेवा और ईश्वर-भक्ति में लीन रहते थे। गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन में समाज में व्याप्त अंधविश्वास, जातिवाद, ऊँच-नीच और धार्मिक आडंबरों का विरोध किया। उन्होंने कहा था- ''एक ओंकार सतनाम'' – अर्थात परमात्मा एक है, वही सत्य है। उन्होंने तीन मूल सिद्धांत दिए– नाम जपो ईश्वर का स्मरण करो। किरत करो ईमानदारी से परिश्रम करो। वंड छको अपनी कमाई का अंश दूसरों के साथ बाँटो। गुरु नानक देव जी ने समानता, भाईचारा और सत्य के मार्ग को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने संसार के अनेक स्थानों की यात्राएँ कीं जिन्हें उदासियाँ कहा जाता है, और अपने उपदेशों के माध्यम से प्रेम, एकता और मानवता का संदेश फैलाया।

## पर्यटन



# टेस्टी चॉकलेट्स से लेकर कॉफी और सिल्क साड़ियों की शॉपिंग के लिए मशहूर है कुर्ग के बाजार

कर्नाटक का कश्मीर कहा जाने वाला कुर्ग प्राकृतिक खूबसूरती और एडवेंचर एक्टिविटीज़ के लिए ही मशहूर नहीं बल्कि शॉपिंग के लिए भी बहुत ही बेहतरीन जगह है। जहां से आप कॉफी, चॉकलेट्स, नेचुरल ऑयल्स, इलायची और भी कई तरह के मसालों की खरीददारी कर सकते हैं। कुर्ग में घने जंगलों में कॉफी कई तरह के मसाले जैसे मिर्च, इलायची के पेड़-पौधे भी देखने को मिलते हैं। जहां से आप प्योर मसालों खरीद सकते हैं। तो अगर आप कुर्ग आए तो घूमने-फिरने के साथ ही यहां के मार्केट का भी एक चक्कर जरूर लगाएं। आइए जानते हैं किस चीज़ के लिए कौन से मार्केट्स रहेंगे बेस्ट।

कॉफी शॉपिंग-अगर आप कॉफी लवर हैं तो यहां के लोकल मार्केट्स से आप फ्रेश कॉफी की खरीददारी कर सकते हैं। शहद भी यहां बहुतायत मात्रा में मिलता है मतलब आप यहां बिना मिलावट वाला शुद्ध शहद का स्वाद चख सकते हैं और इसे घर भी ले जा सकते हैं। कुर्ग में संतरे की खेती भी होती है। सीज़न में आएंगे तो इसकी खरीददारी भी कर सकते हैं। कर्नाटक के खानपान का स्वाद बढ़ाने वाले पंधी और कादुमबुत्तू को तो जरूर साथ लें जाएं। सिल्क साड़ी की खरीददारी- मसालों के अलावा कुर्ग की सिल्क साड़ी भी बहुत ही मशहूर है। यहां इनकी कई सारी दुकानें हैं और साड़ियों की वैराइटी भी। जिन्हें आप अपनी पसंद और बजट के अनुसार खरीद सकते हैं। हालांकि सिल्क साड़ियां आम साड़ियों के मुकाबले महंगी होती हैं लेकिन अगर आप कई सारी साड़ियां खरीदते हैं तो कुछ डिस्काउंट्स मिल सकता है। कई दुकानों पर पशमीना, फुलकारी के कपड़े भी मिलते हैं लेकिन क्वालिटी देखकर आप प्रोडक्ट लें या न लें ये खुद डिसाइड कर सकते हैं। बेहतरीन क्वालिटी के मसाले-कुर्ग के फ्राइडे मार्केट में अच्छी क्वालिटी के मसाले मिलते हैं वो भी कम बजट में। ये मार्केट रेलवे स्टेशन के काफी नज़दीक है और यहां तक पहुंचना बहुत ही आसान। यहां लगने वाले बाजार आपको आश्चर्यचकित कर देंगे।

विकास कार्यों से कोसों दूर बुधनाई ग्राम पंचायत का पाताल पुरवा गांव

# कीचड़ भरे गंदे नाली के पानी में आने-जाने को मजबूर ग्रामीण

कैनविज टाइम्स संवाददाता







सिद्धौर बाराबंकी सिद्धौर विकासखंड के सांसद आदर्श ग्राम पंचायत बुधनई का एक मजरा पतालपुरवा गांव में आज भी विकास की किरण नहीं पहुंची है। गांव की हालत ऐसी है कि अंदर जाने वाला रास्ता पानी और कीचड़ से भरा पड़ा है। बरसात के दिनों में तो हालत और भी खराब हो जाती है।

सरकार की बड़ी-बड़ी योजनाएं तो चल रही हैं, ग्रामीणों का आरोप है संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत इस 5 वर्षों में गांव के किसी भी परिवार को आज तक शौचालय नहीं मिला है। ग्रामीण आज भी खुले में शौच करने को मजबूर हैं।

यह गांव, ग्राम पंचायत बुध नई का एक मजरा है। यहां करीब 15 साल पहले डेढ़ सौ मीटर खड़ंजा बाराबंकी हैदरगढ़ मार्ग से गांव तक रास्ता बनाया गया था, लेकिन अब वो जगह-जगह धंस चुका है और गड्ढों में तब्दील हो गया है। नालियों का पानी भी रास्ते पर बह रहा है, जिससे कीचड़ और बदबू फैल रही है। गांधी नलियां

बज बजा रही हैं और जगह-जगह कूडे के ढेर लगे है ग्रामीणों का कहना है कि आठ साल पहले इस पंचायत को पूर्व सांसद प्रियंका रावत ने 'सांसद आदर्श ग्राम' के रूप में गोद लिया था। उस समय यहां शुद्ध पेयजल के लिए पानी की टंकी भी बनवाई गई थी, लेकिन अब वो सिर्फ शोपीस बनकर रह गई है। बुधनी और मानपुर गांव में कुछ दिन पानी पहुंचा भी, लेकिन पातालपुरवा में आज तक सप्लाई शुरू नहीं हुई।

करीब 200 की आबादी वाला यह गांव पूरी तरह दलित बस्ती है। ग्रामीण कुंवारा ने बताया मेरे गांव में आज तक कोई भी सफाई कर्मी नहीं आया जिसके चलते गंदगी फैली हुई है। सावित्री देवी का कहना है मेरे गांव में 4 साल से कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है सचिन और प्रधान की मनमानी के चलते गांव के में रास्तों पर गंदा पानी भरा हुआ है जिससे संक्रामक रोग फैलने का खतरा भी बढ़ता जा रहा है रामावती, लवकुश, सावित्री, , मातादीन – का आरोप है कि ग्राम प्रधान और जिम्मेदार सचिव की मनमानी के चलते मेरे गांव में कोई भी विकास कार्य नहीं किया गया है ग्राम प्रधान हम लोगों के साथ सौतेला व्यवहार करें है ग्रामीण सावित्री देवी ने बताया हमारे गांव की रास्ता में कीचड़ भरा हुआ है छोटे-छोटे बच्चे विद्यालय जाते हैं तो इस इस कीचड़ में गिर जाते हैं हम लोगों को शौचालय? का लाभ भी नहीं मिला है हम लोग बाहर शौच जाने को मजबूर हैं । वही ग्रामीण रामवती ने कहा हमारे गांव में रास्ता की हालत बहुत ही खस्ता हाल है पूरी रास्ता में नालियों का गंदा पानी व कीचड़ भरा हुआ है हम लोगों को शौचालय भी नहीं मिले हैं ना ही हमारे गांव में पानी आ रहा है मौजूदा प्रधान द्वारा हमारे गांव में कोई भी विकास कार्य नहीं कराया गया।

# कैंसर से बचाव जागरूकता शिविर आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। एम डी हॉस्पिटल के तत्वावधान मे कॉलेज के सेमिनार हॉल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में कैंसर एवं ब्रेस्ट कैंसर के कारणों व बचाव से संबंधित बृहस्पति जानकारी दी गई।विशेषज्ञ डॉक्टरों ने छात्र-छात्राओं एवं आम जन को कैंसर से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. विभोर महेंद्रु ने बताया कि समय पर जांच और सही जीवनशैली अपनाकर इस गंभीर बीमारी से बचाव संभव है।

जागरूकता शिविर के विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता एम डी हॉस्पिटल के अध्यक्ष डॉ. के.एल. सिंह, डायरेक्टर डॉ. पंकज सिंह एवं प्राचार्या डॉ. अंशुल दीक्षित ने संयुक्त रूप से की। वक्ताओं का कहना था कि ऐसे अभियान समाज में जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

यह आयोजन कैंसर के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने और विद्यार्थियों को इसके बचाव के उपायों से अवगत कराने के उद्देश्य से किया गया था।

## धान क्रय केंद्र किसान उठा रहे सवाल

बाराबंकी। बुढ़वल सहकारी संघ पर 25 अक्टूबर से धान क्रय केंद्र का बैनर लगाए जाने के बावजूद अब तक धान खरीद शुरू नहीं हो सकी है।किसानों ने आरोप लगाया कि अधिकारी केवल औपचारिकताएं पूरी कर रहे हैं जिससे वे मजबूरन अपनी उपज निजी व्यापारियों को कम दाम पर बेच रहे हैं।क्रय एजेंसी के अधिकारी रामनरेश ने बताया कि पोस मशीन की तकनीकी खराबी के कारण खरीद रुकी है जिसे ठीक होते ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी।प्रशासन ने खरीद का समय सुबह 9 से शाम 5 बजे और अवधि 25 अक्टूबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक निर्धारित की है।किसानों ने एसडीएम आर.के. कुलश्रेष्ठ व विपणन अधिकारी विभा गुप्ता से केंद्र पर शीघ्र खरीद शुरू कराने की मांग की है ताकि उन्हें एमएसपी का लाभ मिल सके।

## तीन भाइयों समेत चार को सात वर्ष का कारावास, अर्थ दण्ड भी

**बाराबंकी।** गैर इरादतन हत्या के प्रयास मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने तीन भाइयों समेत चार अभियुक्तों को सात-सात वर्ष कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही सभी को 13-13000 रुपए अर्थ दंड जमा करने का आदेश दिया है। जिला शासकीय अधिवक्ता अमित अवस्थी तथा आशीष गुप्ता ने बताया कि मामला थाना व कस्बा मसौली के मोहल्ला ख़रैला कुआं का है। यही के निवासी राम किरेश मौर्य ने थाना मसौली में दी गई तहरीर में बताया कि 5 दिसंबर 2021 को 11:00 बजे रात में वह भगौली से निमंत्रण होकर वापस घर आया था ।तभी मोहल्ले के ही विपिन मौर्य पुत्र राजाराम बिना किसी बात के मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुए घर में घुसकर लाठी डंडों से मारने पीटने लगे ।उसके चिल्लाने पर बड़े भाई रामनरेश भतीजा अरविंद व बृजेश उसे बचाने दौड़े तो विपिन उसके भाई जयशंकर तथा जामवंत एवं सतीश पुत्र स्वर्गीय रामसेवक मौर्य ने उसके भाई रामनरेश तथा भतीजे को मारा पीटा ।घटना में रामनरेश और भतीजे अरविंद तथा बृजेश को गंभीर चोटे आई ।काफी लोगों के आ जाने पर अभियुक्त जन जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए ।न्यायालय में कई चरणों में हुई सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से आठ गवाह पेश किए गए। चोटिलों समेत गवाहों के बयान व दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात न्यायाधीश ने चारों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सात-सात वर्ष की कैद और ?13/13000 8 अर्थदंड भुगतने की सजा सुनाई है। जुर्माना धनराशि में से 40% राशि चोटिल रामनरेश को तथा 20-20 प्रतिशत राशि तथा अरविंद व बृजेश को बतौर क्षतपूर्ति दी जाएगी ।शेष राशि राज्य सरकार के पक्ष में जमा होगी।

## विरासत गलियारा के प्रभावित दुकानदारों के लिए बनेगा कामर्शियल कॉम्प्लेक्स

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि धर्मशाला बाजार से पांडेयहाता तक बन रहे विरासत गलियारा से किसी भी दुकानदार का हित कतई प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। जिन दुकानदारों की पूरी दुकान इस गलियारा के दायरे में आ गई है या फिर जिनकी दुकानों का आकार बहुत अधिक छोटा हो गया है, उन्हें एक कामर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाकर उसमें दुकानें दी जाएंगी।

इस नई व्यवस्था के लिए योगी ने गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) और नगर निगम के अधिकारियों को जरूरी तैयारी करने के लिए निर्देशित किया है। टीपी नगर चौक से पैडलेगंज मार्ग पर बन रहे सिक्सलेन फ्लाईओवर का जायजा लेने के बाद योगी विरासत गलियारा के निर्माण कार्य को देखने-परखने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने विरासत गलियारा का निर्माण कार्य तेज करने और गुणवत्ता पर खास जोर देने के निर्देश कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। चेतावनी भी दी कि गुणवत्ता में किसी भी तरह की लापरवाही अक्षम्य होगी।

विरासत गलियारा का निरीक्षण करने के लिए योगी पांडेयहाता चौराहा, घंटाघर, हजारीपुर और जटाशंकर चौराहा पर रुके। वह सबसे पांडेयहाता चौराहा पहुंचे। शिवम टॉवर के पास ड्राइंग मैप देखने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि इस गलियारा के निर्माण में जितने भी मकान और दुकान आए हैं, उनका मुआवजा हर हाल में दिया जाना सुनिश्चित होना चाहिए। कोई भी छूटना नहीं चाहिए। यदि किसी नागरिक की दुकान शत प्रतिशत प्रभावित हो गई हो या अत्यंत छोटी हो गई हो तो उनके कारोबारी समायोजन के लिए जीडीए या नगर निगम की तरफ से एक कामर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाया जाए। यहां उन्होंने टूट रही दुकानों का मलबा निस्तारित करने, सड़क का स्लोप बेहतर करने और तारों को अंडरग्राउंड करने के निर्देश दिए।

पांडेयहाता चौराहा के बाद सीएम योगी ने घंटाघर में विरासत गलियारा के साथ ही घंटाघर के सुंदरीकरण प्रोजेक्ट की भी जानकारी ली। यहां उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विरासत गलियारा के तहत सड़क का निर्माण बीच-बीच मे न करके एक तरफ से किया जाए ताकि दुकानदारों को अपने दुकान को पुनर्व्यवस्थित करने में किसी तरह की परेशानी न हो।

# फर्जी रजिस्ट्रेशन करवाकर रुपए हड़पने का आरोप, शिकायत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी रामलीला कमेटी गणेशपुर बहराम घाट बाराबंकी अध्यक्ष प्रवीण कुमार अवस्थी व रामकुमार पाठक सहित समिति के अन्य सदस्यों के द्वारा नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी को दिए गए ज्ञापन में दर्शाया गया कि शिवराम गुप्ता जो पूर्व वर्ष 2013 में फर्जी रजिस्ट्रेशन करवा कर 11 लाख रुपए हड़प लिए थे। वर्तमान समय में रामलीला संस्थान की श्रृंगार कोठरी बहुत ही जर्जर हो गई है इसके निर्माण के लिए उनसे धन की मांग करने पर वह आनाकानी करते हैं।श्रृंगार कोठरी लगभग 68 वर्ष पुरानी है जो अब काफी जर्जर हो चुकी है। वही ज्ञापन में दर्शाया गया कि इस दौरान कोई घटना घटित होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शिवराम गुप्ता की होगी।रामलीला समिति के अध्यक्ष व संरक्षक सहित अन्य सदस्यों द्वारा ज्ञापन के माध्यम से जानकारी देते हुए प्रशासन से अपील की गई है कि उक्त पैसे को दिलाकर उन पर आवश्यक कार्यवाही की जाए। इस मौके पर मनीष रमाशंकर सोनी राजकुमार निगम मुन्ना कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बेकाबू ट्रक व अर्कटिगा की टक्कर में मरने वालों की संख्या आठ हुई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

एक ही परिवार के छः बने काल का ग्रास




बाराबंकी। फतेहपुर बाराबंकी मार्ग पर देवा थाना क्षेत्र में कुतुलूपुर गांव के पास सोमवार देर रात बेकाबू ट्रक व अर्टिगा कार की भीषण टक्कर में मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हुई है। एक महिला समेत छह लोग मौके पर ही मारे गए थे, जबकि गंभीर रूप से घायल 2 लोगों ने इलाज के दौरान लखनऊ में दम तोड़ा। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व एसपी विजयवर्गीय प्रशासनिक आमले के साथ रात से ही सक्रिय थे। पूरेसमय राहत और बचाव कार्य का जायजा लिया।

बिठूर से लौट रहा था कार सवार परिवार

जानकारी के मुताबिक तहसील व कस्बा फतेहपुर निवासी स्वर्णकार परिवार बिना नंबर अर्टिगा कार बुक करके गंगा स्नान करने बिठूर गया था। देर रात करीब 10 बजे वापसी के समय फतेहपुर-बाराबंकी मार्ग पर देवा थाने के कुतुलूपुर गांव के पास सामने से आ रहे तेज़ रफ़्तार ट्रक ने अर्टिगा कार में ज़ोरदार टक्कर मारी।

कार में सवार 8 लोगों में से फतेहपुर कस्बे के मुंशीगंज मोहल्ला स्थित गौरी ज्वैलर्स के मालिक प्रदीप सोनी (60), उनकी पत्नी माधुरी (55), पुत्र नितिन सोनी (35), नैमिष (15) और मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के रहने वाले ड्राइवर श्रीकांत शुक्ला (50) व बालाजी मिश्रा (55) की मौके पर ही ब्लाक हुएथे।वही कार में मौजूद इंद्र कुमार (50) और विष्णु (15) गंभीर रूप से घायल हुए थे। जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी द्वारा इन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल फिर वहां से लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजवाया था। इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह इन दोनों ने भी दम तोड़ा। इस प्रकार कर सवार सभी आठ लोग असम में मृत्यु का शिकार बने।

# एक्शन मूड में मजिस्ट्रेट, घाटों से लेकर गोशाला तक किया निरीक्षण

गोशाला में गोवंश के लिए ठंड से राहत हेतु उचित प्रबंध किए जाने के दिए निर्देश





कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी प्रभारी खंड विकास अधिकारी एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के ने आज अचानक गोशालाओं और घाटों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया और निर्देश दिया कि ठंड के मौसम में गोवंश के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।जानकारी के मुताबिक, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्री तेजस के विकास खंड टीम के साथ कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के दृष्टिगत निरीक्षण पर निकले। उन्होंने अमोनीघाट, चकौरा, और टीकारामन घाटों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इसके बाद उन्होंने हुसैनाबाद स्थित गोशाला और रनापुर गोशाला का निरीक्षण किया, जहां व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्दी के मौसम में गोवंश को ठंड से बचाने हेतु अलाव, हीटर और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। इस दौरान मुख्य रूप से एसडीएम श्री राजेश विश्वकर्मा , प्रभारी निरीक्षक सुबेहा के के सिंह , एडीओ पंचायत , पंचायत सचिव अजय यादव आदि मौजूद रहे ।

> कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर घाटों की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता में है। साथ ही ठंड के समय गोवंश के संरक्षण हेतु सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं, ताकि किसी प्रकार की दिक्कत न हो।
>
> श्री तेजस के ( ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ बीडीओ)

श्री कोटवा धाम के कार्तिक पूर्णिमा मेला का डीएम व एसपी ने किया भौतिक निरीक्षण

# सफाई कर्मियों की ड्यूटी शिफ्टवार लगाएं : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व स्वच्छता पर जोर



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। कार्तिक पूर्णिमा पर्व के अवसर पर तहसील सिरौली गौसपुर अन्तर्गत श्री समर्थ साहेब जगजीवन दास बड़े बाबा के पारंपरिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने मेला क्षेत्र का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी द्वय ने सुरक्षा मानकों, भीड़ नियंत्रण, प्रवेश एवं निकास द्वारों की सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था, यातायात, स्वच्छता तथा श्रद्धालुओं एवं पशुओं के लिए पेयजल की उपलब्धता का विस्तृत अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि है। उन्होंने निर्देश दिए कि भीड़ नियंत्रण हेतु मजिस्ट्रेट ड्यूटी के साथ पुलिस अधिकारियों के काउंटर पार्ट की तैनाती सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल समन्वय स्थापित किया जा सके। जिलाधिकारी ने साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल देते हुए कहा कि मेला क्षेत्र को सेक्टरवार विभाजित कर सफाई कर्मियों की ड्यूटी शिफ्टवार लगाई जाए और संबंधित अधिकारी नियमित रूप से निगरानी करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पशु मेला स्थल पर पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सकीय सुविधा एवं पशु चिकित्सक की ड्यूटी सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर एवं उसके समीप स्थित अभरण क्षेत्र, जहाँ श्रद्धालु स्नान कर बाबा से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं, का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्वच्छता, बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा उपायों को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। मेला समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि इस पारंपरिक मेले में आस-पास के जनपदों सहित अन्य जिलों से भी लाखों श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं। पुलिस अधीक्षक ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्य प्रवेश द्वारों व अभरण क्षेत्र में बैरिकेडिंग को मजबूत करने तथा गोताखोरों की टीम को मौके पर तैनात रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात पुलिस को रूट डायवर्जन व पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित ढंग से लागू करने के निर्देश भी दिए।

## ग्रामीण ने गिनाई समस्याएं

स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी को बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा पूरब फाटक पर लगाई गई स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। इस पर जिलाधिकारी ने उन्हें तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए।उन्होंने मेला परिसर की साफ-सफाई और बैरिकेडिंग का काम पूरा करने के साथ ही अभरन सरोवर की सुरक्षा सुनिश्चित करने और चार पहिया वाहनों को मेला परिसर में प्रवेश न देने के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसडीएम सिरौली गौसपुर श्रीमती प्रीति सिंह, सीओ रामनगर सुश्री गरिमा पंत, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नदियों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन उद्देश्य : अंगद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

2 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं का किया गया संचय



रामनगर बाराबंकी। नदियों में मत्स्य संपदा के निरंतर बनाए रखने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत मत्स्य विभाग बाराबंकी के तत्वावधान में सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह द्वारा विकासखंड रामनगर मे संजय सेतु के निकट घाघरा नदी में 2 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं का संचय किया गया।कार्यक्रम के दौरान सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा नदियों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन हेतु यह कार्य किया जा रहा है जिससे मछलियों का उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ मछुआ समुदाय के निर्बल व्यक्तियों को रोजगार के अधिक संसाधन भी उपलब्ध होंगे द्य जनपद के मुख्य कार्यकारी अच्छे लाल निषाद ने बताया की 2 लाख रोहू कतला नयन प्रजाति की मत्स्य अंगुलिकाओं का क्रय उपरोक्त योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश मत्स्य विकास निगम की अयोध्या हैचरी से किया गया। ज्ञातव्य हो कि नदियों में मछलियों की कमी ना रहे इसके लिए प्रतिवर्ष मत्स्य विभाग द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है द्य

इस अवसर पर मत्स्य अधिकारी विवेक निगम, मत्स्य निरीक्षक हेमंत कुमार वर्मा, कार्यालय की वरिष्ठ सहायक सुनील कुमार,अब्दुल मन्नान प्रधान लैन, तथा मड़ना के पूर्व प्रधान दिनेश सिंह सहित तमाम मत्स्य पालक उपस्थित रहे।

# मंधाना, जेमिमा, दीप्ति आईसीसी महिला विश्व कप टूर्नामेंट की टीम में शामिल

एजेंसी



दुबई। महिला वनडे विश्व कप में भारत को चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाने वाली स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मंगलवार को घोषित की गई टूर्नामेंट की टीम में शामिल किया गया है। भारत ने रविवार को नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराया था। दक्षिण अफ्रीका की भी तीन खिलाड़ियों को टूर्नामेंट की टीम में जगह मिली है। इनमें उसकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट भी शामिल हैं जिन्हें टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम का कप्तान चुना गया है। उन्होंने 71.37 की औसत से 571 रन बनाकर किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। आईसीसी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम की तीन खिलाड़ियों एनाबेल सदरलैंड, ऐश गार्डनर और लेग स्पिनर अलाना किंग को भी टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान की विकेटकीपर सिदरा नवाज टीम में शामिल एकमात्र ऐसी खिलाड़ी है जिनकी टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंची। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन को भी टीम में शामिल किया गया है, जिनके अच्छे प्रदर्शन से उनकी टीम सेमीफाइनल तक पहुंची। उनकी हमवतन नैट स्किवर-ब्रंट को 12वें खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है। सलामी बल्लेबाज मंधाना ने 54.25 की औसत से एक शतक और दो अर्द्धशतक की मदद से 434 रन बनाए। वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर रहीं। रोड्रिग्स ने एक शतक और दो अर्धशतक की मदद से 58.40 की औसत से 292 रन बनाए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में नाबाद 127 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दीप्ति ने अपने ऑलराउंड खेल से प्रभावित किया। उन्होंने 30.71 की औसत से 215 रन बनाने के अलावा 20.40 की औसत से 22 विकेट भी लिए। उन्होंने टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट हासिल किये। दीप्ति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 58 रन बनाने के अलावा 39 रन देकर पांच विकेट भी लिए। उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। आईसीसी महिला विश्व कप टूर्नामेंट की टीमः 1. स्मृति मंधाना (भारत) 2. लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान) (दक्षिण अफ्रीका) 3. जेमिमा रोड्रिग्स (भारत) 4. मारिज़ेन काप (दक्षिण अफ्रीका) 5. ऐश गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया) 6. दीप्ति शर्मा (भारत) 7. एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया) 8. नादिन डी क्लार्क (दक्षिण अफ्रीका) 9. सिदरा नवाज़ (विकेटकीपर) (पाकिस्तान) 10. अलाना किंग (ऑस्ट्रेलिया) 11. सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड) 12वीं खिलाड़ीः नैट स्किवर-ब्रंट (इंग्लैंड)।

# भारतीय ऑफ स्पिनर आर. अश्विन घुटने की चोट के कारण बिग बैश लीग से बाहर

एजेंसी




नई दिल्ली। बिग बैश लीग का नया सीज़न 14 दिसंबर से शुरू होने वाला है। भारतीय ऑफ स्पिनर आर. अश्विन आगामी बिग बैश लीग (बीबीएल) सीज़न से बाहर हो गए हैं। चेन्नई में टूर्नामेंट की तैयारी के दौरान उन्हें घुटने में चोट लग गई, जिसके चलते उन्हें एक सर्जरी करानी पड़ी। अश्विन ने इस बारे में मंगलवार को सोशल मीडिया पर जानकारी दी। अश्विन ने ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसकों के लिए लिखे संदेश में कहा, मैं इस टीम का हिस्सा बनने और आपके सामने खेलने को लेकर बहुत उत्साहित था। फिलहाल मेरा पूरा ध्यान रिहैब, रिकवरी और मजबूत वापसी पर है। क्लब के साथ पहली बातचीत से ही मुझे स्टाफ, खिलाड़ियों और प्रशंसकों से बहुत स्नेह मिला। आप सबने मुझे घर जैसा महसूस कराया, इसके लिए धन्यवाद। उन्होंने आगे कहा, मैं सभी मैचों को देखूंगा और हमारी पुरुष व महिला दोनों टीमों का समर्थन करूंगा। अगर रिहैब और यात्रा की स्थिति ठीक रही, और डॉक्टरों की अनुमति मिली, तो मैं सीज़न के अंत में टीम से मिलने की कोशिश करूंगा – कोई वादा नहीं, लेकिन यही इरादा है। 39 वर्षीय अश्विन ने पिछले साल दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और इस साल अगस्त में आईपीएल से संन्यास लिया था। वह इस बार सिडनी थंडर के लिए खेलने वाले थे। यह उनका पहला बीबीएल सीज़न होने वाला था।

# संक्षिप्त समाचार

## जैक लीच ने सॉमरसेट के साथ करार बढ़ाया, ईसीबी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हुए बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के स्पिनर जैक लीच ने अपने काउंटी क्लब समरसेट के साथ नया करार किया है। उन्होंने यह फैसला तब लिया जब उन्होंने खुलासा किया कि इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से रिलीज़ कर दिया है। लीच ने अब तक इंग्लैंड के लिए 39 टेस्ट मैच खेले हैं। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच पिछले साल पाकिस्तान दौरे पर था। इस सीज़न में वे काउंटी चैम्पियनशिप में 50 विकेट लेने वाले एकमात्र स्पिनर रहे, लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड टीम में उनकी जगह अब विल जैक्स को बैकअप स्पिनर के तौर पर चुना गया है। लीच 2021-22 सीज़न से ईसीबी के साथ सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में थे, लेकिन अब वे अपने होम क्लब समरसेट के साथ ही खेलना जारी रखेंगे। समरसेट ने सोमवार को घोषणा की कि लीच ने अपना करार दो साल बढ़ाकर 2028 तक कर लिया है। इंग्लैंड ने अभी तक 2025-26 सीज़न के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा नहीं की है, लेकिन लीच ने बीबीसी से बातचीत में बताया कि उन्हें मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की ने सूचित किया था कि उनका कॉन्ट्रैक्ट नवीनीकृत नहीं किया जाएगा। लीच ने एक बयान में कहा कहा, ल्मेरा कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया था, और रॉब की ने मुझे बताया कि मुझे एशेज़ स्क्वॉड में भी शामिल नहीं किया जाएगा। यह मेरे लिए बहुत निराशाजनक था क्योंकि यही मेरा लक्ष्य था। अब मैं खुद को बेहतर बनाने और दोबारा टीम में जगह बनाने की कोशिश करूंगा। वहीं, लीच की जगह इंग्लैंड के मुख्य स्पिनर बने शोएब बशीर के समरसेट छोड़ने की संभावना है, क्योंकि उन्होंने इस सीज़न में क्लब के लिए किसी भी प्रारूप में नहीं खेला। माना जा रहा है कि उन्हें ईसीबी की ओर से नया कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा। इसके अलावा, ससेक्स ने बल्लेबाज ऑलराउंडर जैक लीनिंग को केंट से तीन साल के करार पर साइन किया है, जबकि कैल्विन हैरिसन, जिन्होंने इस साल नॉर्थैम्पटनशायर के लिए लोन पर शानदार प्रदर्शन किया था, अब क्लब के साथ स्थायी अनुबंध पर जुड़ गए हैं।

## टिम सीफर्ट उंगली की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट आगामी पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी दाहिनी तर्जनी उंगली में फ्रैक्चर हुआ है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को प्रेस रिलीज़ जारी कर इसकी पुष्टि की। सीफर्ट नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की ओर से फोर्ड ट्रॉफी में वेलिंगटन फायरबर्ड्स के खिलाफ बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गए थे। बाद में स्कैन में उनकी उंगली में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने सीफर्ट की चोट पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, हम सभी टिम के लिए दुखी हैं। वह हमारी टी20 टीम के अहम सदस्य हैं। शीर्ष क्रम पर उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग दोनों ही टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। उम्मीद है कि वह जल्द स्वस्थ होकर मैदान पर लौटेंगे।सीफर्ट की जगह मिच हाय को टीम में शामिल किया गया है। हाय अब तक न्यूजीलैंड के लिए 11 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं और उनके नाम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक पारी में सबसे ज्यादा 6 डिसमिसल्स का विश्व रिकॉर्ड भी है। कोच वॉल्टर ने कहा, ल्मिच ने अब तक अपने सीमित अंतरराष्ट्रीय मौकों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वह एक उच्च स्तर के विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और टीम में अच्छी गहराई का उदाहरण पेश करते हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की यह टी20 सीरीज 5 नवंबर (बुधवार) से ऑकलैंड के ईडन पार्क में शुरू होगी।

## एचडी कुमारस्वामी ने पीएलआई योजना के तीसरे चरण पीएलआई 1.2 को किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** सरकार ने विशेष इस्पात के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तीसरे चरण पीएलआई 1.2 का शुभारंभ किया। केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने मंगलवार को इसको लॉन्च किया। इस पहल को आत्मनिर्भर भारत विजन के तहत भारत को वैश्विक इस्पात केंद्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस्पात मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने यहां विशिष्ट इस्पात के लिए पीएलआई योजना के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। इस्पात मंत्रालय की पीएलआई योजना ने अब तक 43,874 करोड़ रुपये के निवेश, 30,760 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार और योजना में चिन्हित 14.3 मिलियन टन 'विशिष्ट इस्पात' के अनुमानित उत्पादन की प्रतिबद्धता हासिल की है। मंत्रालय के मुताबिक सितंबर, 2025 तक इस योजना के पहले दो दौर में भाग लेने वाली कंपनियों ने 22,973 करोड़ रुपये का निवेश किया है और 13,284 रोजगार सृजित किए हैं। जुलाई 2021 में कैबिनेट के द्वारा अनुमोदित विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना, भारत को इस्पात उत्पादन का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण पहल है। तीसरे दौर (पीएलआई 1.2) का उद्देश्य उभरते और उन्नत इस्पात उत्पादों, जैसे सुपर एलॉय, सीआरजीओ, स्टेनलेस स्टील लॉन्ग और फ्लैट उत्पाद, टाइटेनियम एलॉय और कोटेड स्टील में नए निवेश को आकर्षित करना है। इससे महत्वपूर्ण रोजगार सृजन, उच्च-स्तरीय इस्पात क्षमता का विस्तार और विशेष इस्पात के लिए वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भारत को एक पसंदीदा आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित करने की उम्मीद है। इस्पात मंत्रालय ने कहा कि अबतक पीएलआई योजना ने 43,874 करोड़ रुपये का प्रतिबद्ध निवेश आकर्षित किया है, जिसमें से 22,973 करोड़ रुपये का निवेश पहले ही हो चुका है, जबकि पहले दो दौर के तहत 13,000 से अधिक नौकरियों का सृजन हुआ है। इस योजना में सुपर एलॉय, सीआरजीओ, एलॉय फोर्जिंग, स्टेनलेस स्टील (लंबा और सपाट), टाइटेनियम एलॉय और कोटेड स्टील सहित 22 उत्पाद उप-श्रेणियां शामिल हैं। इस योजना के तहत प्रोत्साहन की दरें 4 फीसदी से 15 फीसदी तक हैं, जो वित्त वर्ष 2025-26 से शुरू होने वाले पांच वर्षों के लिए लागू हैं। इनका वितरण वित्त वर्ष 2026-27 से शुरू होगा। वर्तमान रुझानों को बेहतर ढंग से दर्शाने के लिए मूल्य निर्धारण के आधार वर्ष को भी वित्त वर्ष 2024-25 तक अद्यतन किया गया है।

## डीजीसीए एयरलाइंस कंपनियों के साथ मासिक समीक्षा बैठकें करेगा

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) आज से अगले तीन दिनों तक विभिन्न एयरलाइंस कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मासिक समीक्षा बैठकें आयोजित करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आज एयर इंडिया और इंडिगो के लिए समीक्षा बैठकें होंगी। बैठक में समय पर कार्य निष्पादन, उड़ान की समय-सीमाएं, ग्राहक शिकायतों का निवारण तथा एयरलाइनों को संचालन के दौरान आने वाली चुनौतियों सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। हाल के दिनों में विमानन कंपनियों को बम की झूठी धमकियों, विमानों में तकनीकी समस्याओं, उड़ानों के रद्द होने और देरी आदि समस्?याओं का सामना करना पड़ा है।

# शाह के नेतृत्व ने दी भारतीय क्रिकेट में नए युग की शुरूआत

एजेंसी

मुंबई। आईसीसी में, जय शाह एक परिवर्तनकारी नेता रहे हैं, जिन्होंने पहले वित्त एवं वाणिज्यिक मामलों की समिति के अध्यक्ष और अब अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। उनके नेतृत्व में, आईसीसी ने 2023 में पुरुष और महिला टूर्नामेंटों के लिए समान पुरस्कार राशि की शुरुआत की - जो क्रिकेट में लैंगिक समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कोविड के बाद आईसीसी के वित्तीय और वाणिज्यिक ढाँचे को मज़बूत किया, स्थायी वैश्विक राजस्व सुनिश्चित किया, और शासन सुधारों का समर्थन किया जिससे उभरते देशों तक क्रिकेट की पहुँच का विस्तार हुआ। श्री शाह ने 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट की ऐतिहासिक वापसी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, और व्यक्तिगत रूप से अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के समक्ष आईसीसी की सफल प्रस्तुति का नेतृत्व किया। वैश्विक क्रिकेट संस्था के अध्यक्ष का पदभार संभालने से पहले, बीसीसीआई सचिव के रूप में श्री शाह की भूमिका ने भारतीय क्रिकेट में व्यावसायिकता, समानता और विकास के एक नए युग की शुरुआत की थी। उन्होंने व्यापक सुधार लागू किए जिससे शासन व्यवस्था मज़बूत हुई, संचालन सुव्यवस्थित हुआ और बोर्ड अधिक पारदर्शी और आँकड़ों पर आधारित बना। उनके नेतृत्व में, भारतीय क्रिकेट ने आईपीएल को रिकॉर्ड मीडिया अधिकारों के साथ एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में विस्तारित होते देखा, और उसके बाद महिला प्रीमियर लीग की शुरुआत हुई–जो अब दुनिया की सबसे बड़ी महिला खेल लीग है। उन्होंने ऐतिहासिक वेतन समानता नीति लागू की, जिससे पुरुष और महिला क्रिकेटरों के लिए समान मैच फीस सुनिश्चित हुई, और घरेलू टूर्नामेंटों में पुरस्कार राशि और मैच फीस में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। श्री शाह ने लाल गेंद वाले क्रिकेट को पुनर्जीवित करने के लिए



टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना का भी नेतृत्व किया और बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के विस्तार और आधुनिकीकरण का निरीक्षण किया, जिसे एक विश्वस्तरीय उच्च-प्रदर्शन और पुनर्वास केंद्र के रूप में विकसित किया गया। उनके इस दृष्टिकोण का परिणाम यह हुआ कि भारत 2023 में एक रिकॉर्ड-तोड़ आईसीसी विश्व कप की मेजबानी करेगा, जिसने भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली प्रशासकों में से एक के रूप में उनकी विरासत को और मज़बूत किया। भारतीय महिला टीम की पहली विश्व कप जीत पर टिप्पणी करते हुए, आईसीसी अध्यक्ष श्री जय शाह ने कहा, ''भारत ने आखिरकार विश्व कप जीत लिया! कल रात महिला क्रिकेट के इतिहास में एक ऐतिहासिक घटना थी क्योंकि भारतीय कप्तान ने पहली बार आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीता। बढ़े हुए निवेश, पुरुष क्रिकेटरों के साथ समान वेतन, और डब्ल्यूपीएल की प्रतिस्पर्धात्मकता से उपजी बड़े मैचों की प्रवृत्ति, भारतीय टीम के धैर्य, दृढ़ संकल्प और कौशल के साथ मिलकर, इस उल्लेखनीय जीत का आधार बनी है।'' रणनीतिक दृष्टि और साहसिक सुधारों के माध्यम से, श्री जय शाह न केवल आशा, बल्कि परिवर्तन भी ला रहे हैं - एक ऐसा परिवर्तन जो सभी को एकजुट करता है, सपने देखने और उन्हें साकार करने के समान अवसर प्रदान करता है। आईसीसी में, जय शाह एक परिवर्तनकारी नेता रहे हैं, जिन्होंने पहले वित्त एवं वाणिज्यिक मामलों की समिति के अध्यक्ष और अब अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। उनके नेतृत्व में, आईसीसी ने 2023 में पुरुष और महिला टूर्नामेंटों के लिए समान पुरस्कार राशि की शुरुआत की - जो क्रिकेट में लैंगिक समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कोविड के बाद आईसीसी के वित्तीय और वाणिज्यिक ढाँचे को मज़बूत किया, स्थायी वैश्विक राजस्व सुनिश्चित किया, और ऐसे प्रशासनिक सुधारों का समर्थन किया जिनसे क्रिकेट की पहुँच उभरते देशों तक पहुँची। श्री शाह ने 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट की ऐतिहासिक वापसी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के समक्ष आईसीसी की सफल प्रस्तुति का व्यक्तिगत रूप से नेतृत्व किया।

# भारत और रोमानिया ने मजबूत व्यापार और निवेश संबंधों पर चर्चा की

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को बुखारेस्ट में रोमानिया की विदेश मंत्री ओआना-सिल्विया त्सोइउ के साथ द्विपक्षीय बैठक की, जिसमें दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग को और गहरा करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक मंत्रियों ने इस बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच स्थिर व्यापार और निवेश संबंधों की समीक्षा की गई। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने इस वर्ष चल रही वार्ताओं के लिए निर्धारित राजनीतिक दिशा के अनुरूप निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने की दिशा में कार्य करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने इस बैठक के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों, इंजीनियरिंग सामग्रियों, दवाइयों और सिरेमिक जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में आपूर्ति-श्रृंखला से जुड़े संबंधों को और बढ़ाने तथा दोनों पक्षों की बाज़ार तक



पहुंच में वृद्धि के लिए मानकों के निर्माण, परीक्षण और निवेश साझेदारी में सहयोग को सुगम बनाने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने उत्पादन में विविधता लाने तथा विश्वसनीय साझेदारों के रूप में मज़बूत और अधिक सामर्थ्यवान आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण के लिए मिलकर काम करने पर भी सहमति व्यक्त की ताकि दोनों देशों के व्यवसायों में स्थिरता आए और आपसी विश्वास सुनिश्चित हो सके। भारत और रोमानिया के नेतृत्व के बीच हाल ही में हुई उच्च-स्तरीय वार्ता के आधार पर दोनों पक्ष नियमित रूप से विचारों के आदान-प्रदान के माध्यम से इस तरह की बातचीत में गति बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में रोमानिया को भारत का निर्यात 1.03 अरब अमेरिकी डॉलर के पार चला गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल द्विपक्षीय व्यापार लगभग 2.98 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद भारत और रोमानिया के बीच आर्थिक सहयोग के लिए संयुक्त समिति (जेसीईसी) की 19वीं बैठक में भाग लेने के लिए रोमानिया सरकार के निमंत्रण पर बुखारेस्ट की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

# इंडिगो के पूर्व सीओओ संजय कुमार को स्पाइसजेट ने कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया

एजेंसी




नई दिल्ली। बजट एयरलाइंस कपनी स्पाइसजेट ने अनुभवी विमानन पेशेवर एवं इंडिगो के पूर्व मुख्य रणनीति एवं राजस्व अधिकारी संजय कुमार को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। स्पाइसजेट ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि रणनीतिक विकास, परिवर्तन और विस्तार योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए संजय कुमार को 3 नवंबर से कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। कुमार कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी भूमिका में एयरलाइंस की रणनीतिक पहलों का नेतृत्व करेंगे। वह सीधे विमान कंपनी स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह के अधीन काम करेंगे। कंपनी ने बताया कि सोमवार को कार्यभार संभालने वाले कुमार सीधे स्पाइसजेट के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह को रिपोर्ट करेंगे। संजय कुमान ने इंडिगो में 12 वर्षों तक मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी और तीन वर्षों तक मुख्य रणनीति एवं राजस्व अधिकारी के रूप में कार्य किया। इसके अलावा वह एक वर्ष से अधिक समय तक एयरएशिया इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी भी रहे।


# कार्यालय ग्राम पंचायत गैरिया विकास खण्ड-बनीकोडर जनपद बाराबंकी

पत्रांक मैमो0/ मनरेगा/ निविदा 2025-26 दिनांक 04/11/2025

## निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत गैरिया विकास खण्ड बनीकोडर जनपद बाराबंकी की मनरेगा योजान्तगत स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना 2025-26 में निम्नलिखित कार्यों हेतु प्राप्त वित्तीय एर्व प्रशासनिक स्वीकृत के सापेक्ष स्वीकृत प्राकक्लन के अनुसार निर्धारित तकनीकी विष्टियों के अनुरूप सामग्री संदर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु इच्छुक फमों ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 06/11/2025 से दिनांक 14/11/2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा दिनाँक 14/11/2025 दिन शुक्रवार को ही 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय/ पंचायत भवन में स्थापित निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान / ग्राम सचिव / निविदा समिति / फर्म के समक्ष खोली जायेगी। प्रत्येक निविदा आमंत्रण मूल्य 500 रुपए निर्धारित है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनोदत्त बाजपेई के दरवाजे से राहुल के घर के सामने तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 287876.00 | 500 | 3 माह | मौरंग, सीमेंट, बालू, पत्थर गिट्टी, सरिया, इंटरलॉकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी अव्वल ईंट, ईटा गिट्टी |
| 2 | डामर सड़क से महामाई के स्थान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 199201.00 | 500 | 3 माह | |
| 3. | श्रीधर के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य | 118254.00 | 500 | 3 माह | |

**नियम व शर्ते -**

1- निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को उपरोक्तानुसार धरोहर राशि का राष्ट्रीकृत बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्रापट/पे-आडर्स/प्रतिभूति प्रमाण पत्र जो ग्राम पंचायत गैरिया विकास खण्ड बनीकोडर के नाम बंधक करते हुये जमा करना होगा।

2- आपूर्तिकर्ता को सलंग्न बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री की आपूर्ति सम्बन्धित सचिव प्रधान तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट समय स्थानया आपूर्ति करना होगा।

3- आपूर्ति की गई सामग्री का मनरेगा योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, विलम्ब आदि के लिये कार्यदायी संस्था उत्तरदायी नहीं होगी।

4-जी0एस0टी0 पंजीकृत बिल ही मान्य होगा।

5-विभिन्न प्रकार के शासकीय करी के भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।

6-आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।

7- आपूर्ति की गयी सामग्री के भाडा किराये का अलग से भुगतान देव नहीं होगा।

8 निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता से अनुवन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत में उपरोक्तानुसार प्राक्कलित / स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान / तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट समय स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करने पर विफल रहने पर धरोहर राशि जब्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

9- निर्धारित समय सीमा के पश्चात्प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 10-निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नाही होगा।

11-निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एंव शब्दों में करना आवश्यक होगा।

12-बिना कारण बताये किसी भी निविदा की अस्वीकृत करने का अधिकार, सचिव/ग्राम प्रधान/निविदा समिति ग्राम पंचायत में निहित होगा।

| विनोद कुमार | सिंधु कुमार पाठक | पारस मणी सिंह |
|---|---|---|
| ग्राम प्रधान | तकनीकी सहायक | ग्राम विकास अधिकारी |
| ग्राम पंचायत-गैरिया | ग्राम पंचायत-गैरिया | ग्राम पंचायत-गैरिया |
| वि.ख. बनीकोडर-बाराबंकी | वि.ख. बनीकोडर-बाराबंकी | वि.ख. बनीकोडर-बाराबंकी |

# नीतीश के नेतृत्व में विकास की पटरी पर तेजी से दौड़ रहा है बिहार : शाह

एजेंसी

दरभंगा /मोतिहारी। केन्द्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मेहनत रंग लाई है और बिहार विकास की पटरी पर तेजी दौड़ रहा है।

श्री शाह ने आज दरभंगा और पूर्वी चंपारण जिले में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित करते हुये कहा कि बिहार विकास की पटरी पर तेजी से दौड़ रहा है और प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री कुमार की मेहनत रंग लाई हैं। उन्होंने कहा कि यह बिहार का स्वर्णिम काल है, उज्ज्वल भविष्य की पहचान है। केन्द्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि राजग की सरकार ने देश को आतंकवाद एवं नक्सलवाद से मुक्त किया है और मुख्यमंत्री श्री कुमार ने बिहार में जंगलराज को समाप्त किया है।आने वाले दिनों में राजग सरकार बिहार को पूर्ण विकसित राज्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि 31 मार्च, 2026 से पहले पूरे देश से नक्सलवाद का नामोनिशान मिटा दिया जाएगा। श्री शाह ने कहा कि पूर्व की राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सरकार में के कार्यकाल में अपहरण, फिरौती, खून सहित कई प्रकार की आपराधिक घटनाओं से बिहार की भूमि लहू-लुहान रही।। उन्होंने कहा कि चंपारण जिले ने भयावह जंगलराज को देखा है, जहाँ एक साथ नौ लोगों की हत्या हुई थी। उन्होंने कहा कि वही जंगलराज कपड़े-भेष और चेहरा बदलकर वापस आने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि उसे रोकने का काम बिहार की जनता को करना है। उन्होंने जनता से अपील की कि चंपारण को मिनी चंबल के नाम से प्रसिद्ध करने में भूमिका अदा करने वाले लालू यादव और राहुल गांधी की पार्टियों का चुनाव के दौरान सूपड़ा साफ कर दें।

केन्द्रीय मंत्री ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि राजद नेता लालू प्रसाद यादव के घोटालों की एक सूची है। उन्होंने कहा कि श्री यादव ने चारा घोटाला लैंड फॉर जॉब घोटाला, होटल बेचने का घोटाला, अलकतरा घोटाला, बाढ़ राहत घोटाला किया और सरकारी नौकरियों में भर्ती घोटाला किया । उन्होंने पूछा कि ये लाखों-



करोड़ों का भ्रष्टाचार करने वाले लालू-राहुल और इनकी पार्टी बिहार का भला कैसे कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लालू-राबड़ी ने इतने घोटाले किए और कांग्रेस ने 12 लाख करोड़ के घपले तथा घोटाले किये हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने 11 साल केन्द्र में शासन किया और नीतीश ने बिहार में 20 साल शासन किया। श्री नीतीश और श्री मोदी पर कोई भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है।उन्होंने कहा कि श्री लालू के शासन में बिहार की 20 से ज्यादा चीनी मिलें बंद हो गईं। उन्होंने कहा कि राजग सरकार ने रीगा चीनी मिल को चालू किया है। उन्होंने वादा किया कि बंद पड़ी सारी चीनी मिलें, बिहार के गन्ना किसानों के लिए चालू करेंगे और प्रदेश में पांच नई चीनी मिलें लगायी जायेंगी। आरोप लगाया कि लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे शहाबुद्दीन अमर रहे के नारे लगाते हैं। उन्होंने कहा कि वह राजद के नेताओं से पूछना चाहते हैं कि क्या वे फिर से जंगलराज लाने की सोच रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजद नेताओं को अपने सपने छोड़ देने चाहिए क्योंकि बिहार की जीविका दीदियाँ फिर से जंगलराज नहीं आने देंगी। उन्होंने कहा कि महिला रोजगार योजना के तहत बिहार की महिलाओं को दस-दस हजार रूपये की सहायता राशि दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राजग सरकार बनने के बाद बिहार की महिलाओं के खातों में दो लाख रुपये आएंगे, जिससे वे अपने आप को स्वरोजगार से जोड़ पाएंगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आज से 20 साल पहले मोबाइल चार्ज करवाने के लिए लोग जनरेटर वालों के पास जाते थे और 10 रुपये देकर मोबाइल चार्ज करवाते थे, क्योंकि घरों में बिजली नहीं थी। उन्होंने दावा किया कि आज गांवों में 23S24 घंटे बिजली रहती है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में आज यूट्यूबर हैं, क्योंकि मोदी सरकार ने पांच हजार से अधिक पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास की गाड़ी को पटरी पर आने में 20 साल लग गए और अब ये गाड़ी तेज़ी से आगे बढ़ रही है,इसलिए यह चुनाव बिहार को स्थिरता देने और विकास के साथ जोड़ने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि राजग सरकार ने बिहार की यात्रा लालटेन से लेकर एलईडी तक की है और आज एलईडी का युग आ चुका है। श्री शाह ने कहा कि लालू-राबड़ी अपने बेटे तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि वह बताना चाहते हैं कि न लालू के बेटे मुख्यमंत्री बनेंगे और न ही सोनिया गांधी के बेटे प्रधानमंत्री बनेंगे, क्योंकि बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नीतीश हैं, और दिल्ली में प्रधानमंत्री की कुर्सी पर श्री मोदी हैं और कुर्सी खाली होने वाली नही है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि हर साल राजग सरकार पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को 6,000 की सहायता राशि देती है।

# अमेरिकी सीनेट में पेश हायर विधेयक भारत के लिए चिंताजनक: कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंाग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी सीनेट में हायर विधेयक पेश किया गया है जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा झटका हो सकता है, इसलिए हमारी सरकार को इसकी चुनौतियों से निपटने की रणनीति पर विचार करना चाहिए।

कंाग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि अमेरिकी सीनेट में सोमवार को ओहायो के सीनेटर बर्नी मोरेनो ने अंतरराष्ट्रीय रोजगार स्थानांतरण अधिनियम को रोकने वाला हाल्टिंग इंटरनेशनल रीलोकेशन ऑफ़ एंप्लॉयमेंट एक्ट, जिसे सरल भाषा में हायर विधेयक कहा जा सकता है, को सदन में पेश किया है और यदि विधेयक पारित होता है तो भारत की अर्थव्यवस्था पर इसका गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को सीनेट की वित्त समिति के पास भेजा गया है। इसमें उन सभी अमेरिकी व्यक्तियों और कंपनियों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रावधान है, जो विदेशी कंपनियों या व्यक्तियों को ऐसे काम के लिए भुगतान करते हैं, जिसका प्रत्यक्ष लाभ अमेरिकी उपभोक्ताओं को मिलता है। इस विधेयक को आउटसोर्सिंग भुगतान की नयी परिभाषा के रूप में पेश किया गया है।

श्री रमेश के अनुसार विशेषज्ञ मानते हैं कि यह विधेयक भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेक्टर, बीपीओ, कंसल्टिंग सेवाओं और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। भारत ही नहीं आयरलैंड, इज़रायल और फ़िलीपीन्स जैसे देशों को भी इससे नुकसान हो सकता है, लेकिन इसका सबसे बड़ा असर भारत के सेवा निर्यात उद्योग पर पड़ने की आशंका जतायी जा रही है, जो पिछले 25 वर्षों से हमारी अर्थव्यवस्था का सबसे मजबूत स्तंभ रहा है। विधेयक पर चिंता व्यक्त करते हुए कंाग्रेस नेता ने कहा कि यह कदम अमेरिका में बढ़ती उस सोच को दर्शाता है, जिसके अनुसार ब्लू-कॉलर नौकरियां चीन को 'खो' दी गयीं और अब व्हाइट-कॉलर नौकरियां भारत को नहीं सौंपनी चाहिए।

# नीतीश कुमार केंद्र सरकार में बैठे लोगों के निर्देशों पर काम कर रहे हैं : राहुल

एजेंसी

पटना/औरंगाबाद। कंाग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को बिहार के औरंगाबाद में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर केंद्र सरकार में बैठे लोगों के निर्देशों पर काम करने का आरोप लगाया।

राहुल गांधी ने कहा कि नीतीश कुमार ने राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के सभी विकल्प समाप्त कर दिये हैं। बिहार की वर्तमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि नीतीश कुमार बिहार के युवाओं को केवल मजदूर बनाना चाहते हैं। बिहार में प्रश्नपत्र लीक होना भी आम बात है, जिसका फ़ायदा आर्थिक रूप से संपन्न छात्रों को मिलता है। राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा है कि युवा सोशल मीडिया पर रील बनाने में व्यस्त रहें, ताकि उनका ध्यान शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी गंभीर समस्याओं से भटक जाए। उन्होंने कहा कि यह 21वीं सदी का नया नशा है। वह ऐसा इसलिए चाहते हैं, क्योंकि इससे युवा भटके रहेंगे और शिक्षा, स्वास्थ्य तथा रोज़गार से जुड़ी अपनी समस्याओं के लिए उनकी सरकार को ज़िम्मेदार नहीं ठहराएंगे। कंाग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बिहार में 'वोट चोरी' में लिप्त है, क्योंकि उन्हें पता है कि राजग विधानसभा चुनाव नहीं जीत पाएगा। उन्होंने कहा कि अगर बिहार में भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आती है, तो यह अति पिछड़ों, सामाजिक रूप से हाशिए पर पड़े दलितों की विरोधी सरकार होगी। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा जानती हैं कि वे बिहार में चुनाव नहीं जीत सकते।

## अनुसंधान और नवाचार से ही बनेगा विकसित भारत: उपराष्ट्रपति

थिरुवनंतपुरम। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनुसंधान और नवाचार को जनकल्याण से जोड़ना होगा। उन्होंने वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं से अपील की कि वे अपने शोध का लाभ समाज के वंचित तबकों तक पहुंचाएं, ताकि वास्तविक विकास हो सके। उपराष्ट्रपति मंगलवार को तिरुवनंतपुरम स्थित चित्रा तिरुनाल चिकित्सा विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान एस सी टी आई एम एस टी के दौरे रहे। उन्होंने अच्युत मेनन केंद्र स्वास्थ्य विज्ञान अध्ययन ए एम सी एच एस एस में संस्थान के संकाय सदस्यों और स्टार्टअप कंपनियों द्वारा विकसित चिकित्सा उपकरणों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। राधाकृष्णन ने कहा कि एस सी टी आई एम एस टी देश में चिकित्सा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के एकीकरण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने हृदय वाल्व, रक्त बैग और तपेदिक की त्वरित जांच जैसे संस्थान के स्वदेशी आविष्कारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन नवाचारों ने भारत को वैश्विक पहचान दिलाई है।

# 'परमात्मा के बनाए खूबसूरत जगत का विवेकपूर्ण सदुपयोग करें'

एजेंसी

समालखा। निराकार परमात्मा ने जो यह जगत बनाया है उसकी हर चीज़ अत्यंत खूबसूरत है। मनुष्य इस रचना का अवश्य ही आनंद प्राप्त करे, पर अपनी विवेक बुद्धि को जागृत रखते हुए इसका सदुपयोग करे, दुरुपयोग न करे।'' यह उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के समापन दिवस पर लाखों की संख्या में उपस्थित विशाल मानव परिवार को अपने पावन आशीर्वाद प्रदान करते हुए व्यक्त किए।

आत्ममंथन की दिव्य शिक्षाओं से अपना जीवन संवारते हुए खुद का कल्याण करने के साथ-साथ जगत कल्याण की दिशा में अग्रसर होने का दिव्य संदेश देते इस पवित्र समागम का कल रात प्रेमाभक्ति के गरिमामय वातावरण में समापन हुआ और समागम में पधारे श्रद्धालु धीरे-धीरे अपने गन्तव्य स्थानों की ओर बढ़ने लगे।

सतगुरु माता जी ने आगे कहा कि मन को परेशान करने वाले अनेक कारण और विचार आते रहते हैं, पर उनकी अनदेखी करने की कला हमें आत्ममंथन से ही प्राप्त होती है। ऐसा करने से जीवन की कठिन घड़ियों को सीमित करके हम तनाव से मुक्त रह सकते हैं। हर वस्तु का उपयोग करते वक्त ईश्वर का अहसास मन में रहता है, हर कर्म करते समय निरंकार दातार को उसमें शामिल किया जाता है तो मन की उथल-पुथल समाप्त हो जाती है और शांति व सुकून की अनुभूति होती है। इससे मानसिक, भावनात्मक एवं आत्मिक विकास होता चला जाता है। गुरु की सिखलाई के अंतर्गत रहते हुए यह भीतर की यात्रा हमें आत्मिक ऊर्जा से भरपूर करती है।



सतगुरु माता जी ने दृष्टिकोण के प्रभाव को एक उदाहरण द्वारा समझाते हुए कहा कि एक मनुष्य किसी बगीचे में फूल को देखने के बाद भी यही कहता है कि यहां तो कितने सारे काटें हैं। वहीं पर दूसरा मनुष्य उसी बगीचे में जाकर कहता है कि अरे वाह! यहां तो इतने सुंदर फूल हैं, इतनी खुशबू, इतनी कोमलता है; कंाटे भी हैं पर वे भी इन फूलों की रक्षा के लिए कितने जरूरी है। इस तरह एक ही दृश्य को देखकर कोई परेशान हो रहा है तो कोई खुश हो रहा है। यह केवल नज़रिये का परिणाम है। एक के मन में संकीर्णता है तो दूसरे के मन में विशालता है। भक्त हमेशा सकारात्मकता को अपनाते हैं और गुणों के ग्राहक बने रहते हैं जिससे उनके जीवन में आनंद बरकरार रहता है। अंत में सतगुरु माता जी ने निरंकारी श्रद्धालुओं को आह्वान किया कि समागम में प्राप्त दिव्य सिखलाई को अपने जीवन में उतारते चले जायें और इस सच्चाई और अच्छाई को अपने तक सीमित न रखते हुए पूरी मानवता तक पहुंचाते जायें। इसके पूर्व समापन सत्र में समागम कमेटी के समन्वयक एवं संत निरंकारी मंडल के सचिव आदरणीय जोगिंदर सुखीजा जी ने सतगुरु माता जी, निरंकारी राजपिता जी का उनके दिव्य आशीषों के लिए शुकराना किया तथा समस्त साध संगत एवं समागम के लिए सहयोग देने वाली सरकारी विभागों का हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने इस समागम में पहले से भी अधिक संख्या में संगतों के आने पर खुशी प्रकट की और आगे इसमें और बढ़ोत्तरी होने की शुभ कामना व्यक्त की।

# पेज एक का शेष

## मालगाड़ी के ऊपर...

पर हुआ है, जो की सबसे व्यस्ततम मार्ग है जांच पड़ताल के बाद ही स्पष्ट होगा कि इस हादसे की असली वजह क्या है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है , जहां पर उनका इलाज चल रहा है। मालगाड़ी और पैसेंजर ट्रेन में टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पैसेंजर ट्रेन मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गई । मौके पर यात्रियों की चीख पुकार मची हुई थी। सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे । रेलवे और जिला प्रशासन को मामले की सूचना दी गई, इसके बाद बचाव और राहत कार्य जारी है। यात्री एवं उनके परिजन इन नंबरों पर संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । रेल प्रशासन स्थिति पर निरंतर नजर रखे हुए है और समुचित राहत, बचाव एवं सहायता सुनिश्चित कर रहा है।

## चावल मिलों को नॉन...

प्रदेश में दो लाख रोजगार के अवसर सुदृढ़ होंगे। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के इस फैसले से राष्ट्रीय स्तर पर बचत होगी। वहीं अब पीडीएस के लिए बाहर से चावल की रैक नहीं मंगानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार रिकवरी छूट के रूप में प्रतिवर्ष लगभग ?100 करोड़ की प्रतिपूर्ति करती है। सरकार का कदम ऐतिहासिक राइस मिलर्स यूपी राइस मिलर्स एसोसिएशन ने सरकार के इस कदम को ऐतिहासिक बताया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विनय शुक्ला एवं महामंत्री हरिकिशोर गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि 1980 से राइस मिलों को प्रति कुंतल 10 रुपये कुटाई के मिलते थे जो अब तक जारी है। राज्य सरकारर की ओर से मिलों को प्रति कुंतल 35 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है। ऐसे में एक फीसदी की छूट बड़ी राहत है। इससे अब राइस मिलों को कुल 70 रुपये प्रति कुंतल की दर से छूट मिलेगी।

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर के...

की रिवँप डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत खरीदे गए हैं। आरडीएसएस तो पुराने उपभोक्ताओं के घरों में लगे मीटरों को स्मार्ट प्रीपेड मीटर से बदलने की योजना थी। इसका खर्च भी उपभोक्ताओं से नहीं लिया जाना था। अब आरडीएसएस के तहत खरीदे गए मीटर उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन में दिए जा रहे हैं और इसके दाम भी उनसे लिए जा रहे हैं। यह साफ तौर पर परियोजना के डायवर्जन का मामला है। यह वित्तीय अनियमितता है। इसके अतिरिक्त विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 47(5) के मुताबिक प्रीपेड या पोस्टपेड मीटर चुनना उपभोक्ताओं का हक है। जबरन उन पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर थोपा नहीं जा सकता। उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाया है कि केंद्र से अनुमोदित राशि से तकरीबन 8500 करोड़ रुपये महंगा टेंडर आरडीएसएस में हुआ है। यही अतिरिक्त रकम उपभोक्ताओं से अवैधानिक तरीके से वसूली जा रही है।

## काशी में आज...

शो काशी की पौराणिकता, अध्यात्म और संस्कृति को प्रकाश, ध्वनि और 3डी प्रभावों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रदर्शित करेगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। मंत्री ने बताया कि, ललिता घाट के सामने रेती पर शाम 8.00 से 8.15 तक होने वाली ग्रीन आतिशबाजी इस वर्ष का प्रमुख आकर्षण रहेगी। पर्यावरण के अनुकूल इस आतिशबाजी में हानिकारक रसायनों का प्रयोग नहीं होगा, जिससे प्रदूषण न के बराबर रहेगा। गंगा तट पर हरियाली, स्वच्छता और 'हरित काशी' का संदेश देते रंगों की बरसात इस कार्यक्रम को खास बनाएगी। पूरे आयोजन को लेकर सुरक्षा, सफाई और यातायात की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। घाटों और गलियों को सजाने के लिए पर्यटन विभाग ने नगर निगम से समन्वयव स्थापित कर आकर्षक रोशनी की व्यवस्था की है। इस तरह ग्रीन आतिशबाजी का यह क्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम बनेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ काशी के संदेश को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करेगा। गंगा तटों पर इस दौरान हजारों दीपों की रोशनी और आसमान में रंग-बिरंगी आतिशबाजी का संगम एक अलौकिक दृश्य रचेगा। शहर में सुरक्षा और यातायात की विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। काशी में देवदीपावली का यह आयोजन हर साल की तरह इस बार भी भक्ति, संस्कृति और पर्यावरणीय जागरूकता का संदेश देने वाला रहेगा। जयवीर सिंह ने कहा, देवदीपावली काशी की आत्मा और आस्था का उत्सव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में आज काशी अपने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वैभव के साथ पर्यावरणीय जिम्मेदारी का भी उदाहरण बन रही है। इस वर्ष देवदीपावली में ग्रीन आतिशबाजी, लेजर शो और दीप प्रज्जवलन के माध्यम से हम पारंपरिक आस्था को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि श्रद्धालु इस पावन पर्व पर न केवल दिव्यता का अनुभव करें, बल्कि 'स्वच्छ, हरित और विश्व स्तर की काशी' के संदेश को भी महसूस करें। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की दृष्टि यही है कि काशी सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि वैश्विक पर्यटन और संस्कृति का केंद्र बने और यह देवदीपावली उसी दिशा में एक प्रेरक कदम है।

## आतंकवाद कतई...

भारत और इज़राइल के बीच एक रणनीतिक साझेदारी है और दोनों कठिन समय में एक साथ खड़े रहे हैं। दोनों देशों ने परस्पर अटूट विश्वास के आधार पर एक रिश्ता बनाया है। डा. जयशंकर ने आतंकवाद को भारत और इजरायल के लिए साझा चुनौती बताते हुए कहा कि हमें आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने के वैश्विक दृष्टिकोण की दिशा में मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा , '' हमारे दोनों देश आतंकवाद की एक विशेष चुनौती का सामना कर रहे हैं। यह आवश्यक है कि हम आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति शून्य-सहिष्णुता के वैश्विक दृष्टिकोण को सुनिश्चित करने की दिशा में काम करें। गाजा शांति योजना का समर्थन करते हुए विदेश मंत्री ने उम्मीद जतायी कि यह समस्या के स्थायी समाधान का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा, हम स्वाभाविक रूप से आपके क्षेत्र में के घटनाक्रमों पर बहुत बारीकी से नज़र रख रहे हैं। हम बंधकों और दुर्भाग्य से अपनी जान गंवाने वालों के अवशेषों की वापसी का स्वागत करते हैं। भारत गाजा शांति योजना का समर्थन करता है और आशा करता है कि यह एक स्थायी और स्थायी समाधान का मार्ग प्रशस्त करेगी। डा. जयशंकर ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत की क्षमताओं और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत इन क्षेत्रों में इजरायल में कार्य करने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा,'' भारत ने कई नई क्षमताएं विकसित की हैं, विशेष रूप से रेल, सड़क और बंदरगाह अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में। हमारे व्यवसाय इज़राइल में अवसरों का पता लगाने के लिए बहुत उत्सुक हैं और हम निश्चित रूप से इस पर अधिक ध्यान देना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि और नवाचार में साथ मिलकर काम करने का हमारा एक बहुत ही मज़बूत रिकॉर्ड है और इसे आगे बढाना दोनों देशों के हित में है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सेमीकंडक्टर और साइबर क्षेत्र में सहयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। यह अब और भी प्रासंगिक हो गया है।

## भारत तेजी से बढ़ती...

शिक्षा के साथ ही हम सभी का सामाजिक दायित्व भी है और वह अपने आसपास के गांवों में जायें और कुछ गांवों को गोद लेकर उनकी समस्याओं का समाधान करें। श्रीमती मुर्मु ने कहा, ल्ल उत्तराखंड महान वीरों की भूमि के साथ ही ज्ञान और संस्कृति और देवताओं और ऋषि मुनियों की धरती है। यहां नदियों और जंगलों की अकूत संपदा है। मैं यहां आकर अभिभूत हूं। उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इससे पहले राष्ट्रपति ने नैनीताल की प्रसिद्ध नयना देवी मंदिर और कैंची धाम के दर्शन किये तथा राजभवन नैनीताल के मुख्य द्वार का शिलान्यास किया। इस दौरान प्रदेश के राज्यपाल गुरमीत सिंह और उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत भी मौजूद थे। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा हमें आत्मनिर्भर बनाती है, साथ ही विनम्रता सिखाती है और समाज व देश के विकास में योगदान देने की प्रेरणा देती है। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपनी शिक्षा का उपयोग वंचित वर्गों की सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में करें। उन्होंने कहा कि यही सच्चा धर्म है, जो उन्हें वास्तविक सुख और संतोष प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की सबसे तेजी से विकसित होती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, और सरकार युवाओं के लिए अनेक अवसर सृजित करने के लिए नीतिगत पहल कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों को चाहिए कि वे युवाओं को इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें तथा शोध, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करें। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्टता के प्रति समर्पित है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और अनुसंधान के प्रभावी अनुप्रयोग के लिए बहुविषयक दृष्टिकोण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने हिमालय की जीवनदायिनी संपदाओं के संरक्षण और संवर्धन को सामूहिक जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा कि मुझे यह जानकर संतोष हुआ कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सार्थक प्रयास कर रहा है।

## राजस्व वादों के निस्तारण...

बार फिर जौनपुर प्रथम स्थान पर रहा। जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के निर्धारित मानक 250 मामलों के सापेक्ष 480 मामलों का निस्तारण किया, जो 192 प्रतिशत की उपलब्धि है। इसके बाद लखीमपुर खीरी ने 334 मामलों (मानक 300 के सापेक्ष) का निस्तारण कर दूसरा और बस्ती ने 310 मामलों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिलाधिकारी न्यायालयों में जौनपुर ने 30 मामलों के मानक के सापेक्ष 71 मामलों का निस्तारण (236.67 प्रतिशत) किया, जिससे वह प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। भदोही ने 63 मामलों के निस्तारण से दूसरा, जबकि मऊ ने 51 मामलों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है। अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व) जौनपुर ने निर्धारित मानक 50 के मुकाबले 184 मामलों का निस्तारण कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गाजीपुर 36 मामलों के साथ दूसरे और मीरजापुर 24 मामलों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। लगातार 13 माह से जौनपुर जनपदीय न्यायालयों में निस्तारण की श्रेणी में टॉप-फाइव जिलों में बना हुआ है। जौनपुर के जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निरंतर मॉनीटरिंग और राजस्व न्याय प्रणाली के डिजिटलीकरण से प्रदेशभर में राजस्व न्याय प्रक्रिया तेज़, पारदर्शी और जनता के लिए अधिक सुगम बनती जा रही है।

## बिहार चुनाव...

राम नारायण सिंह, पुष्पम प्रिया, के.सी. सिन्हा समेत अन्य की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुयी है। प्रथम चरण में 121 विधानसभा क्षेत्रों के मतदान में 06 नवंबर को 45341 मतदान केंद्रों पर तीन करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर 122 महिला और 1192 पुरुष प्रत्याशी समेत कुल 1314 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में बंद कर देंगे। मतदाताओं में एक करोड़ 98 लाख 35 हजार 325 पुरुष, एक करोड़ 76 लाख 77 हजार 219 महिला और 758 तीसरे जेंडर के लोग शामिल हैं। पहले चरण के चुनाव में सबसे अधिक 20 उम्मीदवार कुढ़नी और मुजफ्फरपुर में वहीं भोरे, अलौली और परबत्ता में सबसे कम पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं।

प्रथम चरण में राज्य के जिन 121 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होना है उनमें उनमें आलमनगर, बिहारीगंज, सिंहेश्वर (सुरक्षित), मधेपुरा, सोनबर्षा (सुरक्षित), सहरसा, सिमरी बख्तियारपुर, महिषी, कुशेश्वरस्थान (सुरक्षित), गौराबौराम, बेनीपुर, अलीनगर, दरभंगा ग्रामीण, दरभंगा, हायाघाट, बहादुरपुर, केवटी, जाले, गायघाट , औराई, मीनापुर, बोचहंा (सुरक्षित), सकरा (सुरक्षित), कुढ़नी, मुजफ्फरपुर, कंाटी, बरुराज, पारू, साहेबगंज, बैकुंठपुर, बरौली, गोपालगंज, कुचायकोट भोरे (सुरक्षित), हथुआ, सिवान, जीरादेई, दरौली सुरक्षित), रघुनाथपुर, दरौंधा, बड़हरिया, गोरियाकोठी, महराजगंज, एकमा, मांझी, बनियापुर, तरैया, मढ़ौरा , छपरा, गरखा (सुरक्षित), अमनौर, परसा, सोनपुर, हाजीपुर, लालगंज, वैशाली, महुआ, राजा पाकड़ (सुरक्षित), राघोपुर, महनार, पातेपुर (सुरक्षित), कल्याणपुर (सुरक्षित), वारिसनगर, समस्तीपुर, उजियारपुर, मोरवा, सरायरंजन, मोहिउद्दीननगर, विभूतिपुर, रोसड़ा (सुरक्षित), हसनपुर, चेरिया बरियारपुर, बछवाड़ा, तेघड़ा, मटिहानी साहेबपुर कमाल, बेगूसराय, बखरी (सुरक्षित), अलौली(सुरक्षित), खगड़िया, बेलदौर, परबत्ता, तारापुर, मुंगेर, जमालपुर, सूर्यगढ़ा, लखीसराय, शेखपुरा , बरबीघा, अस्थावां, बिहारशरीफ, राजगीर (सुरक्षित), इस्लामपुर, हिलसा, नालन्दा, हरनौत, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, दीघा, बांकीपुर, कुम्हरार, पटना साहिब, फतुहा, दानापुर, मनेर, फुलवारी (सुरक्षित), मसौढ़ी (सुरक्षित), पालीगंज, बिक्रम, सन्देश, बड़हरा, आरा, अगिआंव(सुरक्षित), तरारी, जगदीशपुर, शाहपुर, ब्रह्मपुर, बक्सर, डुमराँव और राजपुर (सुरक्षित) शामिल है। पहले चरण के चुनाव के लिए राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, नितिन गडकरी, जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, उपेन्द्र कुशवाहा, जीतन राम मांझी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, समेत कई दिग्गज नेताओं ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राजधानी पटना में रोड शो भी किया। वहीं, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कंाग्रेस और वामदलों के महागठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार का जिम्मा मुख्य रूप से कंाग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य के कंधे पर था। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने दानापुर में पार्टी के उम्मीदवार के लिये रोड शो किया। जनसुराज से पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार किया। प्रथम चरण में 06 नवंबर को मतदान का सामान्य समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक रहेगा। सुरक्षा कारणों से सिमरी बख्तियारपुर , महिषी और सूर्यगढ़ा के 56 मतदान केन्द्रों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक ही चलेगा। प्रथम चरण के चुनाव में राजग के घटक जदयू के 57, भाजपा के 48, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 13 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के दो प्रत्याशी चुनावी अखाड़े में उतारे हैं। एक अन्य सीट मढ़ौरा में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) प्रत्याशी भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री सीमा सिंह का नामांकन रद्द हो गया था।राजग ने इस सीट पर निर्दलीय अंकित कुमार को समर्थन दिया है।वहीं महागठबंधन के घटक राजद ने 71, कंाग्रेस ने 24, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा माले) ने 14, भाकपा ने पांच, माकपा और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) ने तीन-तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये है। प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने प्रथम चरण में 118 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारे हैं। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा की 243 सीटों के लिए दो चरण में 06 नवंबर और 11 नवंबर को मतदान कराया जाना है। 14 नवंबर को मतगणना होगी और चुनाव की प्रक्रिया 16 नवंबर तक पूरी हो जायेगी। बिहार विधानसभा का वर्तमान कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को समाप्त हो रहा है।

## बिहार में फिर...

सीतामढ़ी तक फोर लेन सड़क का निर्माण हो रहा है। यह काम राजद और कंाग्रेस कभी नहीं कर सकती थी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने कभी चारा घोटाला किया, जातीय हिंसा कराई और गरीबों के हक पर डाका डाला, उन्हें अब बिहार की जनता पहचान चुकी है। अब बिहार एलईडी की दूधिया रोशनी में जगमगा रहा है, लालटेन के अंधेरे का युग खत्म हो चुका है।

# बिहार विस चुनाव : बेहाल ही है हाथी की चाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। उत्तर प्रदेश में दलितों के दम पर राष्ट्रीय राजनीति में पहचान बनाने वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) पड़ोसी राज्य बिहार में बड़ी दलित आबादी होने के बावजूद अपनी धाक जमाने में अब तक कामयाब नहीं हो पाई है। पिछले तीन दशकों में बसपा को बिहार में दलितों के लिए आरक्षित सीटों पर केवल तीन ही बार कामयाबी मिली। एक सीट पर दो बार और एक दूसरे सीट पर एक ही बार। जबकि पूरे राज्य में दलितों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या वर्तमान में 38 है। साल 2000 के पहले अविभाजित बिहार में यह संख्या 48 थी। इस बार बसपा की ओर से कुल 128 उम्मीदवार मैदान में उतारे गए हैं। बसपा प्रमुख सुश्री मायावती आगामी 6 नवंबर यानी प्रथम चरण के मतदान के दिन से बिहार में चुनावी प्रचार का आगाज करेंगी। जबकि प्रथम चरण के लिए उनके 80 उम्मीदवार मैदान में हैं। साफ है कि पहले चरण से पहले बसपा चुनाव प्रचार से बाहर



ही है। साल 2023 में बिहार सरकार द्वारा कराए गए जाति सर्वेक्षण की रिपोर्ट कहती है कि उत्तर भारत में राजनीति की प्रयोगशाला कहे जाने वाले बिहार में दलितों यानी अनुसूचित जातियों के लोगों की कुल जनसंख्या 19.65 प्रतिशत है। यदि संख्या के हिसाब से देखें तो यह आंकड़ा कुल 2 करोड़ 56 लाख 89 हजार 820 है। बहुजन समाज पार्टी ने अपने गठन के छह साल बाद साल 1990 के बिहार विधानसभा चुनाव के मैदान में पहली बार कदम रखा। यह वह साल था जब लालू प्रसाद बिहार की सत्ता के शीर्ष पर पहुंचे। 1990 के विधानसभा चुनाव में बसपा राज्य के कुल 324 सीटों में से 164 सीटों पर चुनाव लड़ी। यह पहला अवसर था जब किसी राजनीतिक दल ने बिहार में 'दलित' पहचान के साथ मोर्चा खोला। हालांकि बसपा के 162 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। मतों की बात करें तो पहले प्रयास में बसपा को 0.73 प्रतिशत मत मिले। महत्वपूर्ण यह रहा कि नवादा जिले के हिसुआ विधानसभा क्षेत्र से रामानंद यादव को 9454 मत मिले थे और वे तीसरे स्थान पर रहे थे। उल्लेखनीय है कि बिहार का विभाजन 15 नवम्बर, 2000 को हुआ और झारखंड नामक नया राज्य बना। इसके पहले राज्य में विधानसभा की कुल सीटें 324 थीं, जिनमें 247 सामान्य सीटें थीं जबकि 49 अनुसूचित जाति और 28 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित थीं। पहले प्रयास में मिली असफलता के बावजूद बसपा ने हार नहीं मानी। जब 1995 में विधानसभा के चुनाव हुए तब स्थितियां बदल चुकी थीं। लालू प्रसाद का सामाजिक न्याय पूरे बिहार में जोर पकड़ चुका था। कांशीराम और लालू प्रसाद के बीच संवाद का सिलसिला प्रारंभ हो चुका था। इसका असर रहा कि 1995 के चुनाव में पहली बार बसपा ने जीत का स्वाद चखा। वह 161 सीटों पर लड़ी, हालांकि 158 सीटों पर उसके उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई, लेकिन उसके 2 उम्मीदवार जीत भी गए। बसपा का मत प्रतिशत भी 0.73 प्रतिशत से बढ़कर 1.34 प्रतिशत हो गया। सबसे खास यह कि उ.प्र.-बिहार की सीमा पर अवस्थित चैनपुर से महाबली सिंह और मोहनिया (अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित) सीट से सुरेश पासी जीते। साल 2000 के विधानसभा चुनाव में बसपा के पांच उम्मीदवार जीते थे। इस चुनाव में उसने 249 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को खड़ा किया। हालांकि 241 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। लेकिन चैनपुर से महाबली सिंह, मोहनिया (अनुसूचित जाति) से सुरेश पासी, राजपुर (अनुसूचित जाति) से छेदी लाल राम, फारबिसगंज से जाकिर हुसैन खान, और धनहा से राजेश सिंह विजयी रहे। इस चुनाव में राजद 293 पर लड़ी और उसके 124 उम्मीदवार जीते।

# असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रघुनाथपुर में की जनसभा, जदयू उम्मीदवार के लिए मांगा समर्थन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार का आज आखिरी दिन है। तमाम दलों के नेता मतदाताओं से अपने-अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इसी क्रम में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी मंगलवार को सीवान के रघुनाथपुर विधानसभ क्षेत्र में जनसबा को संबोधित किया और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के लिए समर्थन मांगा।

रघुनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के उम्मीदवार विकास कुमार सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए हिमंत बिस्वा सरमा ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और शहाबुद्दीन के परिवार पर आतंक फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि रघुनाथपुर में शहाबुद्दीन और उनके परिवार ने हत्या में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। हमें इस कलंक को मिटाना होगा,



लेकिन यह तभी संभव हैं, जब रघुनाथपुर की जनता चाहेगी। इस बार रघुनाथपुर की जनता को एकजुट होकर शहाबुद्दीन के परिवार और राजद को पराजित करना होगा और बिहार में फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग की सरकार बनाना होगा। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि जब राम मंदिर को लेकर आंदोलन शुरू हुआ, तब ऐसा लगता था कि लालू यादव और मुलायम सिंह यादव के रहते राम मंदिर कैसे बनेगा, लेकिन इस देश ने दिखा दिया कि अगर इस देश में लालू यादव और मुलायम सिंह यादव हैं, तो इसी देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह भी हैं। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा,'' जब मुझे बताया गया कि रघुनाथपुर जाना है। तब मेरे मन में यह बात आई कि वहां मुझे भगवान राम, माता सीता और भईया लक्ष्मण के दर्शन होंगे, लेकिन मुझे यह बताया गया कि यहां राम, सीता और लक्ष्मण तो हैं, लेकिन वहां ओसामा भी है। यह बात सुनकर हिमंत बिस्वा सरमा को हैरानी हुई। उन्होंने रघुनाथपुर के मंच से बोला कि चुनाव जीतने के बाद हमारे देश में जितने ओसामा बिन लादेन है, सबको एक-एक करके खत्म करना है, हमारा देश भगवान राम, भगवान कृष्ण, माता सीता और लक्ष्मण का देश है, ये देश कभी ओसामा बिन लादेन का नहीं हो सकता। दरअसल, रघुनाथपुर विधानसभा सीट से पूर्व सांसद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब पहली बार राजद के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। ओसामा को टक्कर देने के लिए जदयू ने विकास कुमार सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है, वहीं जन सुराज ने राहुल कीर्ति को उम्मीदवार बनाया हैं। रघुनाथपुर में त्रिकोणीय टक्कर देखी जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### आचार संहिता लागू होने के बाद 57 करोड़ रुपये से अधिक की ज़ब्ती : सिबिन सी

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा की तरन तारन सीट के उपचुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस प्रशासन ने चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार 57 करोड़ 47 लाख रुपये से अधिक की ज़ब्ती की है। मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी ने मंगलवार को बताया कि तरन तारन में सात अक्टूबर को आचार संहिता लागू होने से लेकर तीन नवंबर तक पंजाब पुलिस ने 51,429.50 लीटर शराब (मूल्य 32 लाख 89 हज़ार 160 रुपये), 21,811.10 ग्राम नशीले पदार्थ (मूल्य 56 करोड़ 67 लाख 10 हज़ार 500 रुपये), नौ लाख 73 हज़ार 480 रुपये नकद, तथा 37 लाख 85 हज़ार 700 रुपये मूल्य का अन्य सामान जब्त किया है। सिबिन सी ने बताया कि पुलिस प्रशासन को तरन तारन में 24 घंटे नाकों पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से निगरानी रखने के निर्देश दिये गये हैं, ताकि अवैध तस्करी पर पूरी तरह रोक लगायी जा सके। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए नकदी या किसी अन्य प्रकार का सामान मुफ्त बांटने वालों के खिलाफ भी सख़्त कार्रवाई सुनिश्चित की गयी है। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि तरन तारन हलके में कुल 1,92,838 मतदाता हैं। इनमें 1,00,933 पुरुष मतदाता, 91,897 महिला मतदाता और आठ तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कुल सेवा मतदाता 1357, 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाता 1657, एनआरआई मतदाता 306, तथा दिव्यांग मतदाता 1488 हैं। उन्होंने बताया कि 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के कुल 3,333 मतदाता हैं। इसके अलावा 114 मतदान केंद्र स्थानों पर कुल 222 मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं, जिनमें 60 शहरी और 162 ग्रामीण मतदान केंद्र शामिल हैं।

### श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव के अवसर पर श्री अकाल तख्त साहिब से नगर कीर्तन का आयोजन किया गया

**अमृतसर।** प्रथम गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में मंगलवार को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने धार्मिक संस्थाओं और संगतों के सहयोग से श्री अकाल तख्त साहिब से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया लेकर पंज प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन निकाला। अरदास के बाद सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी रघबीर सिंह ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूप को सुनहरी पालकी में सुशोभित किया। नगर कीर्तन के दौरान बड़ी संख्या में संगत ने भाग लेकर अपनी श्रद्धा जतायी और स्कूली बच्चों, बैंड पार्टियों, शबद चौकी जत्थे और गतका पार्टियों ने पूरे उत्साह के साथ नगर कीर्तन में भाग लिया। नगर कीर्तन के रास्ते में संगत ने जल, भोजन और लंगर की व्यवस्था की। इस अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने सिख जगत को प्रथम गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए गुरु साहिब द्वारा दी गयी शिक्षाओं पर चलने के लिए प्रेरित किया। एडवोकेट धामी ने कहा कि विश्व के सर्वमान्य नेता गुरु नानक देव का जीवन मानवता के लिए वरदान है। गुरु साहिब ने समानता और एकजुटता की शिक्षा देकर मानवता को जाति प्रथा से मुक्त किया और दलित, शोषित और पीड़ित लोगों के लिए आशा और शरणस्थल बने। उन्होंने 'नाम जपो, कीरत करो और वंड छको' की शिक्षाओं से विश्व धर्म के इतिहास में एक अनूठा मार्ग स्थापित किया। एडवोकेट धामी ने संगत को गुरु साहिब द्वारा दी गयी गुरबाणी शिक्षाओं के अनुसार जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि गुरु साहिब द्वारा दिये गये दर्शन को दुनिया में फैलाने का प्रयास करें।

### राज्यपाल ने गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर लोगों को दी शुभकामनाएं

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने प्रथम गुरु, गुरु नानक देव के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर मंगलवार को पंजाब और चंडीगढ़ के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री कटारिया ने कहा कि गुरु नानक देव केवल सिखों के ही प्रथम गुरु नहीं थे, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के गुरु थे। उन्होंने समस्त मानव जाति के कल्याण की कल्पना की और यह संदेश दिया कि सभी मनुष्य समान हैं। श्री गुरु नानक देव जी ने नारी सम्मान और उनके सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव ने समाज में व्याप्त जात–पात की व्यवस्था का दृढ़ता से विरोध किया और यह सिखाया कि हर व्यक्ति समान है, चाहे वह किसी भी जाति या लिंग का हो। उनका दर्शन ‛सरबत दा भला', अर्थात सभी के कल्याण की भावना, आज भी पूरे विश्व के लिए प्रासंगिक और प्रेरणास्रोत है, जो सीमाओं से परे मानवता की एकता का संदेश देता है। राज्यपाल ने लोगों से आह्वान किया कि वे श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का अनुसरण करें और मानवता की सेवा में नेकी, करुणा और सच्चाई के मार्ग पर चलते रहें।

### आईसीपी अटारी पर ड्रोन और फाजिल्का में हेरोइन बरामद

**जालंधर।** पंजाब सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने अलग–अलग घटनाओं में एक ड्रोन और हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को बीएसएफ जवानों ने आईसीपी अटारी स्थित कार्गो बिल्डिंग की छत से एक डीजेआई माविक 4 प्रो ड्रोन बरामद किया, जिसके बारे में माना जा रहा है कि सीमा पर तैनात तकनीकी उपायों के कारण वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। फाजिल्का जिले के गहलेवाला गांव के संदिग्ध इलाके में आज सुबह के तलाशी अभियान के दौरान एक पैकेट हेरोइन (कुल वजन– 626 ग्राम) बरामद की गयी। प्रवक्ता ने कहा कि बीएसएफ जवानों की त्वरित कार्रवाई ने पाकिस्तान स्थित मादक पदार्थों के तस्करों को करारा झटका दिया है, क्योंकि भारतीय धरती पर मादक पदार्थों की तस्करी के लिए हवाई मार्ग का इस्तेमाल करने की उनकी नापाक साजिश नाकाम हो गयी है।

### काला जठेड़ी गैंग से जुड़े दो सक्रिय आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड ने कुख्यात काला जठेड़ी और ओम प्रकाश उर्फ काला गैंग से जुड़े दो सक्रिय आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो देशी पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विनोद उर्फ बोना (27) और ध्रुव (19) के रूप में हुई है। दोनों दिल्ली के झरोदा कलां गांव के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, ये दोनों ओम प्रकाश उर्फ काला और उसके भाई अमित उर्फ बगे के निर्देश पर अपने गांव के ही एक व्यक्ति की हत्या की साजिश रच रहे थे। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने मंगलवार को बताया कि जांच में पता चला कि विनोद उर्फ बोना पहले भी आर्म्स एक्ट समेत कई मामलों में जेल जा चुका है।

# जीविका दीदियों ने थामी तख्तियाँ,गांव–गांव गूंजा पहले मतदान फिर जलपान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सहरसा। सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के जीविका दीदियों द्वारा ग्राम तेघड़ा, खजुरी स्थित ब्रह्म स्थान प्रांगण में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को एक भव्य और प्रेरणादायक आयोजन किया गया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराना तथा लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत बनाना था । इस आयोजन में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आईं 400 से अधिक जीविका दीदियाँ बड़े उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुईं । पूरे कार्यक्रम स्थल पर लोकतंत्र, सहभागिता और जागरूकता की भावना से ओत-प्रोत वातावरण देखने को मिला। दीदियों ने पहले मतदान, फिर जलपान और एक वोट, एक जिम्मेदारी जैसे प्रभावशाली नारों से जनमानस को प्रेरित किया ।कार्यक्रम के दौरान रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता, साथ ही मतदाता शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसने वातावरण को और भी जीवंत बना दिया । जीविका दीदियों




ने रंग-बिरंगी रंगोलियों और कलात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से मतदान के महत्व को खूबसूरती से प्रस्तुत किया।विशेष आकर्षण रहा जीविका दीदियों और उनकी बच्चियों द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली, जिसमें बच्चियाँ साइकिल पर मतदाता जागरूकता संबंधी तख्तियाँ लिए आगे चल रही थीं, जबकि पीछे-पीछे जीविका दीदियाँ ‛मतदान हमारा अधिकार है, इसका करें हम सम्मान' जैसे नारों से जनसमूह को प्रेरित कर रही थीं । यह दृश्य ग्रामीण सड़कों पर लोकतंत्र के प्रति समर्पण और जागरूकता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर रहा था। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका श्लोक कुमार ने कहा,लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब हर पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा। जीविका दीदियाँ समाज में परिवर्तन की अग्रदूत हैं और इनके प्रयासों से इस बार जिले में मतदान प्रतिशत अवश्य बढ़ेगा। वहीं प्रखंड परियोजना प्रबंधक राजीव कुमार ने कहा, ‛मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है।

## पंजाब की बेटियों ने भारत का गौरव बढ़ाया: मान

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम को एक शानदार मैच में दक्षिण अफ्रीका को हराकर आईसीसी महिला विश्व कप क्रिकेट जीतने पर बधाई दी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए टीम के सदस्यों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लड़कियों ने न सिर्फ़ विश्व कप जीता है, बल्कि उन्होंने विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि ये लड़कियां राज्य का गौरव हैं और जब भी वे पंजाब वापस आएंगी, उनका ज़ोरदार स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये खिलाड़ी राज्य की ब्रांड एंबेसडर हैं, क्योंकि उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से एक नयी मिसाल कायम की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बेहद गर्व और संतोष की बात है कि भारतीय क्रिकेट टीम ने यह कप जीतकर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने देश को गौरवान्वित करने के लिए पूरी टीम की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्य गौरव की नयी ऊंचाइयों को छू रहा है, क्योंकि राज्य की इन बेटियों ने पंजाब के लिए यह उपलब्धि हासिल की है।

# गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व मनाने के लिए सिख जत्था पाकिस्तान रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर पाकिस्तान में आयोजित किये जाने वाले समारोह में भाग लेने के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) की ओर से सिख श्रद्धालुओं का एक जत्था मंगलवार को पाकिस्तान के लिए रवाना हुआ। तीर्थयात्री अटारी-वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान पहुंचे। यह पहला जत्था है, जो पहलगाम घटना और ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के गुरुद्वारों के दर्शन के लिए गया है। यह जत्था गुरुद्वारा ननकाना साहिब, पंजा साहिब, डेरा साहिब और करतारपुर साहिब समेत कई पवित्र स्थलों के दर्शन करेगा और 13 नवंबर को भारत लौटेगा। श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज भी जत्थे के साथ रवाना हुए। इस अवसर पर जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने कहा कि पहले केंद्र सरकार द्वारा जत्थे को पाकिस्तान जाने की अनुमति नहीं दी गयी थी, लेकिन वाहे गुरु जी के आगे अरदास करने का प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के दिलों पर असर हुआ और उन्होंने जत्थे को अनुमति दे दी, जिसकी सिख समुदाय प्रशंसा करता है। उन्होंने कहा कि करतारपुर गलियारा खोलने के लिए वह पाकिस्तान में गुरुद्वारा ननकाना साहिब में अरदास करेंगे ताकि गलियारा जल्दी खोल दिया जाये। उन्होंने आशा व्यक्त की कि श्रद्धालुओं के जत्थे के वापस आने के बाद गलियारा खोल दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए 12 सितंबर, 2025 को इस यात्रा पर रोक लगा दी थी, लेकिन बाद में इस फैसले को पलट दिया।

# नकली भारतीय मुद्रा सिंडिकेट का भंडाफोड़, तीन आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़े अंतरराज्यीय नकली भारतीय मुद्रा सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस संबंध में गिरोह के तीन सदस्य राकेश अरोड़ा, रवि अरोड़ा और विवेक कुमार मौर्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 3.24 लाख रुपये की नकली भारतीय मुद्रा, अधूरी छपी नोटों की शीटें, प्रिंटिंग उपकरण और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं। गिरोह दिल्ली, बरेली और शाहजहांपुर (उप्र) के बीच सक्रिय था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने मंगलवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की सेंट्रल रेंज टीम के एएसआई दीपक कुमार द्वारा विकसित गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। पुलिसउपायुक्त ने बताया कि पुलिस टीम ने सबसे पहले विजय नगर, दिल्ली निवासी राकेश अरोड़ा (50) को नॉर्थ गेट मॉल क्षेत्र से गिरफ्तार किया। उसकी तलाशी में 500 के नोटों में 1,00,000 की नकली मुद्रा बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया कि ये नोट विवेक कुमार मौर्य ने अपने भाई रवि अरोड़ा के माध्यम से दिए थे। पुलिस टीम ने आगे राकेश की निशानदेही पर शाहजहांपुर (उ.प्र.) पहुंची और मोहल्ला बक्सरौया, चार खंभा स्थित रवि अरोड़ा (50) के घर पर छापा मारा। वहां से 500 मूल्यवर्ग के 35 नकली नोट और अन्य नकली नोट (500 व 200), एक मोबाइल फोन और विवेक मौर्य के नाम का मेडिकल प्रमाणपत्र बरामद किया गया। मौके पर जिले की एफएसएल टीम ने बरामद सामग्री की जांच की। रवि अरोड़ा ने पूछताछ में बताया कि नकली नोट विवेक मौर्य ही छापता था और उसकी मदद से दिल्ली में चलन में लाए जा रहे थे। पुलिस उपायुक्त के अनुसार रवि अरोड़ा के खुलासे पर टीम ने एसबीआई शाहजहांपुर शाखा से बैंक लेन-देन की जानकारी जुटाई, जिससे गौरव मिश्रा नाम के खाते का पता चला। यह खाता विवेक मौर्य द्वारा प्रयोग किया जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने आर्य समाज मंदिर, सदर बाजार शाहजहांपुर स्थित किराए के मकान पर छापा मारा। जहां विवेक मौर्य (32) को कंप्यूटर व प्रिंटर से नकली नोट छापते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया।


# 25 वर्ष में राज्य की शहरी अर्थव्यवस्था को मिली नई गति, रोजगार व स्वरोजगार के अवसर हुए सृजित: धामी

कैनविज टाइम्स संवाददतता

काशीपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बीते 25 वर्षों में हमारे शहरों ने न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति दी है, बल्कि रोजगार और स्वरोजगार के अनेक अवसर भी सृजित किए हैं। उत्तराखंड का नगरीय स्वरूप तेजी से बदला है। वर्ष 2001 में जहां राज्य की शहरी जनसंख्या लगभग 16 प्रतिशत थी, वहीं आज यह बढ़कर 36 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। राज्य ने अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए विकास, समृद्धि और सुशासन के नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री धामी मंगलवार को उत्तराखंड स्थापना की रजत जयंती वर्ष समारोह की श्रृंखला में काशीपुर में आयोजित राज्यस्तरीय शहरी विकास सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 46 करोड़ 24 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया और दिव्यांग सशक्तिकरण कौशल विकास वाहन व नगर



निगम काशीपुर के 14 कूड़ा एकत्रित करने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य निर्माण के प्रारंभिक वर्षों में, जब हमारे शहर अपने स्वरूप में ढल रहे थे, तब हमारे निकायों के सामने बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ आवश्यक संसाधनों का भी अभाव हुआ करता था। राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों और बार-बार आने वाली प्राकृतिक आपदाओं ने भी विकास कार्यों की गति को अत्यधिक प्रभावित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी राज्य की आत्मा उसके गांवों में बसती है तो शहरों में हमारे नागरिकों के सपने और आकांक्षाएं आकार लेते हैं। इसी सोच के साथ हमने शहरी विकास को अपनी प्राथमिकताओं के केंद्र में रखा है। आज हमारे नगर स्वच्छता, सड़क व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और जनकल्याण जैसे क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहे हैं। यही नहीं, राज्य गठन के समय राज्य में केवल 63 स्थानीय निकाय थे और देहरादून एकमात्र नगर निगम हुआ करता था, लेकिन आज राज्य में 107 नगरीय निकाय और 11 नगर निगम शहरों के विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य निर्माण के समय शहरी विकास विभाग का बजट जहां केवल 55 करोड़ रुपये था, वहीं आज यह बढ़कर 13 सौ करोड़ रुपये से भी अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के सिद्धांत पर चलते हुए भारत को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाईयों पर पहुचाया है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063